CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :34°C
न्यूनतम: 21°C

नई दिल्ली, शुक्रवार 27 मार्च 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 353 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com | चैत्र कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2083 | 7 शव्वाल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



विकास की रफ्तार को कई गुना बढ़ा सकती है टेक्नोलॉजी : योगी पेज 2



राजस्थान रॉयल्स को अमेरिकी निवेशकों ने लगभग 15290 करोड़ में खरीदा खेल टाइम्स




युद्ध के चलते दुनियाभर में ऊर्जा लॉकडाउन का डर सम्पादकीय



बाब-अल मंदाब में नया मोर्चा खोलेगा ईरान पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### संवेदना ही केरल की भावना है: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को उस अस्पताल में रात बिताने का एक भावनात्मक विवरण साझा किया, जहां उनकी मां सोनिया गांधी का इलाज चल रहा है। तबीयत खराब होने के बाद श्रीमती गांधी को दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। श्री गांधी ने कहा कि वह रात में अपनी मां के कमरे में एक सोफे पर लेटे थे और उनके स्वास्थ्य को लेकर काफी चिंतित थे। श्री गांधी ने कहा कि उस मुश्किल समय में उन्हें एकमात्र सांत्वना केरल की एक नर्स से मिली, जो नियमित रूप से उनकी मां की देखभाल कर रही थीं और मुस्कुराहट के साथ उन्हें भरोसा दिला रही थीं। उन्होंने कहा कि पूरी रात, मुझे केवल एक ही चीज से सांत्वना मिली, केरल की एक नर्स जो हर घंटे मेरी मां को देखने आती थीं। वह मुस्कुराती और मां का हाथ थाम लेती थीं।

### नामांकन वापसी का समय समाप्त, 2200 उम्मीदवार मैदान में

**नई दिल्ली।** असम, केरल और पुड्डुचेरी में विधानसभा चुनावों के साथ-साथ गोवा, कर्नाटक, नागालैंड और त्रिपुरा में उपचुनावों के लिए नामांकन वापस लेने की समय-सीमा गुरुवार दोपहर तीन बजे समाप्त हो गई। चुनाव आयोग के मुताबिक नामांकन पत्रों की जांच पूरी हो चुकी है और लगभग 2,200 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा 15 मार्च को की गई थी, जिसके तहत मतदान का पहला चरण नौ अप्रैल को निर्धारित है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार तीन राज्यों की 296 विधानसभा सीटों पर 2,140 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं।

### मप्र-राजस्थान में अगले चार दिन बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली।** राजस्थान और मध्य प्रदेश सहित पांच राज्यों में एक बार फिर मौसम बदलने वाला है। मप्र में मार्च महीने में तीसरी बार तेज गर्मी की बजाय बारिश होगी। मौसम विभाग ने अगले चार दिन आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। उज्जैन, ग्वालियर, चंबल और सागर में ज्यादा असर रहेगा। राजस्थान में पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस) के असर से बुधवार दोपहर बाद मौसम में बदलाव हुआ। बीकानेर, जयपुर, अजमेर, जोधपुर संभाग के अधिकांश हिस्सों में बादल छाए। गुरुवार को भी चार जिलों में बारिश की चेतावनी है।

# अमेरिका-इजरायल और ईरान के हमलों में हूती की एंट्री

**तेहरान।** ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच हमलों का दौर अब भी जारी है। 28 फरवरी को शुरू हुए इस हमले को लगभग एक महीना होने वाला है, लेकिन दोनों पक्षों के बीच अब तक कोई बात नहीं बनी है। इस बीच अमेरिका-इजरायल के ईरान पर हमलों के खिलाफ हूती विद्रोहियों की एंट्री हो सकती है।

ईरान की सरकारी न्यूज एजेंसी तस्नीम ने सूत्रों के हवाले से दावा किया है कि ईरान के समर्थन वाले हूती विद्रोही इजरायल के खिलाफ जंग में शामिल होने के लिए तैयार हैं। ईरानी मीडिया रिपोर्ट में बिना नाम बताए सूत्रों का हवाला देते हुए कहा गया है कि हूती, जिन्हें यमनी अंसारुल्लाह के नाम से भी जाना जाता है, बाब अल-मंदाब स्ट्रेट पर कब्जा करने के लिए तैयार हैं। अक्टूबर 2023 से विद्रोही समूह ने लाल सागर में पहले ही तनाव की स्थिति बना रखी है और गाजा पर इजरायल के हमलों का बदला लेने के लिए सैकड़ों इजरायली ठिकानों पर गोलाबारी की है। अमेरिकी मीडिया सीएनएन के अनुसार, हूती ने अमेरिका और ब्रिटेन से जुड़े जहाजों को भी निशाना बनाया है, जिससे दुनिया भर में व्यापार में रुकावट आई है। अमेरिका और दूसरी पश्चिमी नौसेनाएं समुद्र के रास्ते जहाजों को एस्कॉर्ट कर रही हैं, लेकिन अगर हूती बाब अल-मंदाब स्ट्रेट पर कब्जा करने का फैसला करते हैं, तो इससे उनके विकल्प और कम हो सकते हैं। बाब अल-मंदाब स्ट्रेट भूमध्य सागर और अरब सागर के बीच एक जरूरी रास्ता है, जो यूरोप को अफ्रीका और उससे आगे के महासागरों में एशिया से जोड़ता है।



- ईरान के समर्थन वाले हूती विद्रोही इजरायल के खिलाफ जंग में शामिल होने के लिए तैयार
- बाब अल-मंदाब स्ट्रेट पर कब्जे की तैयारी

### होर्मुज स्ट्रेट भारत के लिए खुला है: अराघची

**नई दिल्ली।** ईरान ने भारत और कुछ अन्य 'मित्र देशों' के जहाजों को होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने की अनुमति दे दी है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने गुरुवार को यह जानकारी दी। ईरानी समाचार एजेंसी तस्नीम ने विदेश मंत्री के हवाले से कहा कि तेहरान ने भारत, रूस, चीन, इराक और पाकिस्तान सहित मित्र देशों के जहाजों को स्ट्रेट से गुजरने की अनुमति दी है। श्री अराघची ने कहा कि हमने चीन, रूस, भारत, इराक और पाकिस्तान सहित मित्र राष्ट्रों को होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने की अनुमति दी है। उन्होंने कहा कि यह स्ट्रेट 'दुश्मनों और उनके सहयोगियों' के लिए बंद है। होर्मुज स्ट्रेट एक महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है, जिसके माध्यम से वैश्विक तेल और गैस व्यापार का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा गुजरता है। अमेरिका और इजरायली हमलों के बाद ईरान ने इसे बंद कर दिया था। श्री अराघची ने कहा कि हमारे दृष्टिकोण से, होर्मुज स्ट्रेट पूरी तरह से बंद नहीं है। यह केवल दुश्मनों के लिए बंद है।

### इजरायली हमले में IRGC कमांडर तंगसिरी की मौत

**तेल अवीव।** इजरायली रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने गुरुवार को घोषणा की कि इजरायली हमले में इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) की नौसेना के कमांडर अलीरेजा तंगसिरी की मौत हो गई है। सैन्य अधिकारियों के साथ गुरुवार सुबह एक समीक्षा बैठक के दौरान काट्ज ने कहा कि इजरायली रक्षा बलों ने आईआरजीसी नौसेना के कमांडर को खत्म कर दिया है। यह वही व्यक्ति था, जो समुद्री यातायात के लिए होर्मुज स्ट्रेट की नाकेबंदी करने और वहां सुरंगें बिछाने के अभियान के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार था। श्री काट्ज ने कहा कि यह हमला आईआरजीसी के लिए एक 'संदेश' है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि आईडीएफ आपका पीछा करेगा और आप सभी को एक-एक करके खत्म कर देगा। हम युद्ध के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए पूरी ताकत के साथ ईरान में अपना अभियान जारी रखेंगे।

# देश में ऊर्जा आपूर्ति पूरी तरह सुरक्षित: सरकार

## पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने की दुष्प्रचार अभियान की निंदा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के बीच सरकार ने स्पष्ट किया है कि देश में पेट्रोलियम और एलपीजी की आपूर्ति की स्थिति पूरी तरह सुरक्षित तथा नियंत्रण में है और कहीं भी पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कमी नहीं है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने गुरुवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि सभी खुदरा ईंधन आउटलेट में पर्याप्त आपूर्ति है।

मंत्रालय ने नागरिकों से अपील की है कि वे जानबूझकर फैलाई जा रही भ्रामक सूचनाओं के सुनियोजित अभियान से गुमराह न हों क्योंकि इसका उद्देश्य अनावश्यक दहशत फैलाना है। आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता के संबंध में गलत जानकारी फैलाना मौजूदा कानूनों के तहत अपराध है और सरकार जानबूझकर दहशत फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने में संकोच नहीं करेगी। मंत्रालय ने कहा है कि पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं और वितरण में भी कहीं कोई बाधा नहीं है। देश में 60 दिन का तेल भंडार मौजूद है।



- पेट्रोल- डीजल और एलपीजी की कोई कमी नहीं, देश में 60 दिन का तेल भंडार मौजूद

### भारत के साथ खड़ा हुआ अर्जेंटीना बढ़ाया मदद को हाथ, बढ़ाई LPG की खेप

**ब्यूनस आयर्स।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध की वजह से भारत में एलपीजी की कमी का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच हजारों किमी दूर बैठे एक मित्र देश अर्जेंटीना ने भारत की मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाया है। होर्मुज स्ट्रेट के बंद होने से भारत में एलपीजी आयात प्रभावित हुआ है। इसी के चलते दक्षिण अमेरिकी देश अर्जेंटीना ने भारत की तत्काल ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। समुद्री यातायात में आई बाधाओं ने भारत की ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। इसके चलते नई दिल्ली को अपने ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाने के प्रयासों में तेजी लानी पड़ी है। इस पृष्ठभूमि में अर्जेंटीना एक अप्रत्याशित लेकिन महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में उभरा है।

# नीरव मोदी की याचिका ब्रिटेन की अदालत ने की खारिज

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन के हाईकोर्ट ने भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी को एक बड़ा झटका देते हुए उसके भारत में प्रत्यर्पण के खिलाफ अपील पर फिर से सुनवाई की मांग करने वाली याचिका को खारिज कर दिया है।

अदालत ने केंद्र सरकार के ताजा आश्वासनों को पर्याप्त और विश्वसनीय मानते हुए यह फैसला सुनाया। लंदन स्थित रॉयल कोर्ट ऑफ जस्टिस की खंडपीठ ने 25 मार्च 2026 को दिए फैसले में कहा कि अपील को दोबारा खोलने के लिए 'असाधारण परिस्थितियों' की आवश्यकता होती है, जो इस मामले में मौजूद नहीं हैं। अदालत ने स्पष्ट किया कि कानूनी मापदंडों के आधार पर अपील को फिर से शुरू करने का कोई ठोस कारण नहीं है। यह निर्णय लॉर्ड जस्टिस स्टुअर्ट- स्मिथ और जस्टिस जे ने सुनाया। गौरतलब है कि नीरव मोदी की याचिका मुख्य रूप से 2025 के एक अन्य अदालती फैसले पर आधारित थी, जिसमें भारत में पूछताछ के दौरान खराब व्यवहार की आशंका जताई गई थी। ब्रिटिश अदालत ने सुनवाई करते कहा कि भारत सरकार ने सितम्बर 2025 से फरवरी 2026 के बीच व्यापक, विस्तृत और विश्वसनीय आश्वासन दिए हैं कि प्रत्यर्पण के बाद नीरव मोदी से किसी भी प्रकार की पूछताछ नहीं की जाएगी।

- लंदन स्थित रॉयल कोर्ट ऑफ जस्टिस की खंडपीठ ने किया भगोड़े हीरा कारोबारी के भारत प्रत्यर्पण का रास्ता साफ




# डंपर से टकराकर बस में लगी आग, 13 जिंदा जले

**मरकापुरम।** आंध्र प्रदेश के मरकापुरम जिले में रायवरम के पास गुरुवार को एक सड़क हादसा हुआ। एक प्राइवेट ट्रैवल बस और डंपर में टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही बस में आग लग गई। बस में सवार 13 यात्री जिंदा जल गए। हालांकि पुलिस की तरफ से पहले 14 मौतों की जानकारी दी गई थी।

बाद में सीएम ऑफिस ने मौत के आंकड़े में ऑफिशियल कंफर्मेशन दिया। अधिकारियों ने बताया कि हरिकृष्णा ट्रैवल्स की बस तेलंगाना के निर्मल से नेल्लोर जा रही थी। हादसा सुबह 6:00 बजे के करीब हुआ। आग पर करीब तीन घंटे में काबू पाया गया। मरकापुरम के एसपी वी हर्षवर्धन राजू ने कहा कि डंपर ड्राइवर समेत 22 घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बस में 35 यात्री सवार थे। घटना की पूरी जानकारी जुटाने की कोशिश की जा रही है। मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने लोगों की मौत पर दुख जताया।



- 22 घायल, तीन घंटे में आग पर काबू पाया गया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आंध्र प्रदेश के मरकापुरम जिले में हुए भीषण बस हादसे पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये व घायलों के लिए 50-50 हजार रुपये की सहायता राशि की घोषणा की है।

# भाजपा को 2024-25 में सबसे ज्यादा चंदा मिला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में राष्ट्रीय राजनीतिक दलों को मिले चंदे में 161 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। भाजपा को सभी राष्ट्रीय दलों को मिलाकर मिले कुल चंदे से भी 10 गुना ज्यादा पैसा मिला है।

रिपोर्ट के मुताबिक, 20 हजार रुपये से ज्यादा के कुल चंदे की राशि 6,648.563 करोड़ रुपये रही, जो 11,343 दान से मिली। इसमें अकेले भाजपा को 6,074.015 करोड़ रुपये (5,522 दान) मिले। इसके बाद कांग्रेस को 517.394 करोड़ रुपये (2,501 दान) मिले। भाजपा को मिला चंदा कांग्रेस, 'आप', सीपीआईएम और एनपीईपी इन सभी के कुल चंदे से 10 गुना से ज्यादा रहा। वहीं, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने बताया कि उसे 20 हजार रुपये से ज्यादा का कोई चंदा नहीं मिला, जैसा कि वह पिछले 19 सालों से कहती आ रही है। भाजपा का कुल मिलाकर 2024-25 में चंदा 4,104.285 करोड़ रुपये बढ़ा। भाजपा का चंदा 171 फीसदी बढ़कर 2,243.947 करोड़ से 6,074.015 करोड़ हो गया। कांग्रेस का चंदा भी 84 फीसदी बढ़कर 281.48 करोड़ से 517.394 करोड़ हो गया।



- एडीआर की रिपोर्ट में दावा: अकेले भाजपा को 6,074.015 करोड़ रुपये मिले

CMYK



## संक्षिप्त समाचार

### आतंकी मॉड्यूल की जांच में कश्मीर के दस स्थानों पर छापे

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर (सीआईके) ने पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े एक आतंकी मॉड्यूल की जांच के सिलसिले में कश्मीर घाटी में दस स्थानों पर छापे मारे है। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि ये छापे श्रीनगर, शोपियां और गांदरबल जलिों में 10 स्थानों पर मारे गए है। यह कार्रवाई सीआईके पुलिस स्टेशन में दर्ज एक नए आतंकी जांच मामले का हिस्सा है। उन्होंने बताया कि ये छापे एक अदालत से तलाशी वारंट हासिल करने के बाद मारे गए। आखिरी रिपोर्ट मिलने के समय ये छापे जारी थे। जानकारी के अनुसार गांदरबल जलि में छह जगहों पर, शोपियां जिले में तीन जगहों पर और श्रीनगर जिले में एक जगह पर तलाशी ली गई।

### गोवंश संरक्षण को लेकर सीसीटीवी से हो रही है मॉनिटरिंग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में गोवंश संरक्षण को लेकर सीसीटीवी से मॉनिटरिंग हो रही है। इस दिशा में 5446 गो-आश्रय स्थलों पर अब तक 7592 सीसीटीवी कैमरे लगाए जा चुके हैं, जिससे इन स्थलों की निगरानी व्यवस्था हाईटेक हो गई है। पशुपालन विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम के अनुसार 56 जनपदों में कमांड एवं कंट्रोल रूम सक्रिय हैं, जहां से कैमरों की मॉनिटरिंग की जा रही है। शेष 19 जनपदों में सीएसआर फंड के माध्यम से जल्द ही कंट्रोल रूम स्थापित किए जाएंगे, जिससे पूरे प्रदेश में एकीकृत निगरानी तंत्र विकसित होगा। सरकार का लक्ष्य है कि हर गो-आश्रय स्थल पर कम से कम 5 सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जाएं। इस पहल से पारदर्शिता बढ़ने के साथ ही गोवंश की सुरक्षा और बेहतर देखभाल सुनिश्चित हो रही है।

# जनता की हर समस्या का त्वरित समाधान करें अफसर

**गोरखपुर, वार्ता**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को निर्देश दिया कि हर शिकायत का त्वरित, निष्पक्ष और संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने जनता को आश्वस्त करते हुए कहा कि चिंता मत करिए, सरकार आपकी हर समस्या पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराएगी। जनता दर्शन में पहुंचे लोगों को महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर बैठाया गया था, जहां मुख्यमंत्री स्वयं उनके बीच पहुंचे और एक-एक कर सभी की समस्याएं सुनीं। उन्होंने प्रार्थना पत्र लेकर संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश



■ **जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले को बख्शा नहीं जाएगा: योगी**

दिए। जमीन कब्जा और अपराध से जुड़ी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि यदि कोई दबंग किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि गरीबों की संपत्ति पर उनका ही अधिकार सुनिश्चित किया जाए और किसी भी स्थिति में उन्हें उजाड़ने वालों को बख्शा न जाए। पारिवारिक विवादों के मामलों में मुख्यमंत्री ने पहले आपसी संवाद से समाधान निकालने की बात कही। यदि बातचीत से समाधान संभव न हो, तो विधिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग लेकर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जरूरतमंदों के इलाज का एस्टीमेट जल्द तैयार कराकर सरकार को भेजा जाए, ताकि तुरंत सहायता उपलब्ध कराई जा सके। कार्यक्रम के दौरान कुछ महिलाएं अपने बच्चों के साथ पहुंचीं, जिन्हें मुख्यमंत्री ने दुलार किया, चॉकलेट दी और आशीर्वाद दिया।

### विकास की रफ्तार को कई गुना बढ़ा सकती है टेक्नोलॉजी: योगी

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि टेक्नोलॉजी विकास की रफ्तार को कई गुना बढ़ा सकती है और गति को प्रगति में बदल सकती है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार ने कई कार्यक्रम शुरू किए हैं और बजट में टेक्नोलॉजी पर विशेष ध्यान देने का प्रयास किया है। गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया (एसटीपीआई) के गोरखपुर सेंटर के लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हम तकनीक नहीं अपनाते उससे परहेज करते हैं, तो प्रतिस्पर्धा में नहीं होते हैं और जब प्रतिस्पर्धा में नहीं होते हैं तो प्रगति की जगह दुर्गति की ओर जाते हैं। हमें प्रगति की ओर नहीं जाना है, बल्कि प्रगति का अनुसरण करना है।

# शांति बहाली पर पाक को महत्व देना भारत की कूटनीतिक विफलता: कांग्रेस



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि पश्चिम एशिया में शांति बहाली के वास्ते मध्यस्थ के रूप में आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा देने वाले पाकिस्तान का नाम सामने आना भारत की कूटनीतिक विफलता है और अब विदेश मंत्री एस जयशंकर इस विफलता पर पर्दा डालने का प्रयास कर रहे हैं।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि पाकिस्तान जैसे देश को मध्यस्थ के रूप में स्वीकार किया जाना बेहद आपत्तिजनक है। उनका कहना था कि पाकिस्तान लंबे समय से आतंकवाद को बढ़ावा देने, ओसामा बिन लादेन जैसे आतंकियों को पनाह देने, परमाणु अप्रसार नियमों के उल्लंघन और एक्यू खान नेटवर्क के जरिए परमाणु प्रसार में शामिल रहा है। उसने अफगानिस्तान में नागरिक ठिकानों पर हमले किए और अपने ही नागरिकों तथा अल्पसंख्यकों के खिलाफ कार्रवाई की। श्री रमेश ने कहा कि 2008 के मुंबई हमले के बाद डॉ. मनमोहन सिंह सरकार ने पाकिस्तान को वैश्विक स्तर पर अलग-थलग कर दिया था, लेकिन हाल के घटनाक्रमों में ऐसा नहीं हो सका। उन्होंने आसिम मुनीर के बयानों का हवाला देते हुए कहा कि इसके बावजूद पाकिस्तान विश्व मंच पर और प्रासंगिक बनता जा रहा है।

### भाजपा पर अपराधियों को संरक्षित करने का लगाया आरोप

**नई दिल्ली।** महिला कांग्रेस अध्यक्ष अल्का लांबा ने गोवा, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में भारतीय जनता पार्टी पदाधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि इन सब के बावजूद पार्टी उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। उन्होंने यहां गुरुवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि गोवा में भाजपा पार्षद के बेटे पर कई नाबालिग लड़कियों के साथ सामूहिक बलात्कार और यौन उत्पीड़न के आरोप हैं। उनका कहना था कि मामले में कार्रवाई तब हुई, जब पीड़ित परिवारों ने विरोध प्रदर्शन किया। लांबा ने कर्नाटक के चर्चित मामले का जिक्र करते हुए प्रज्जवल रेवन्ना पर लगे आरोपों को उठाया। इसके अलावा उत्तराखंड में अंकिता भंडारी हत्याकांड और उत्तर प्रदेश में कुलदीप सिंह सेंगर मामले का जिक्र करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नेताओं और उनके सहयोगियों के खिलाफ महिला अपराध के मामलों में पार्टी का रवैया संदिग्ध रहा है।

# सपा सरकार आई, तो रिवर फ्रंट पर लगेगी सम्राट अशोक की प्रतिमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** सम्राट अशोक की जयंती पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में सपा की सरकार आने गोमती रिवर फ्रंट पर सम्राट अशोक की भव्य प्रतिमा लगाकर उन्हें सोने के सिघासन पर प्रतिष्ठित किया जाएगा।

पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान धुरंधर-2 में ल्यारी गैंग के पोस्टर में अखिलेश यादव की फोटो लगी होने पर उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लोग किसी की छवि को खराब करने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रहे हैं। जब फिल्म बनाने वाला ही कह रहा है कि वह काल्पनिक है, तो उसे सच क्या मानना। उन्होंने कहा कि सुनने में आया है कि अपनी जो फिल्म पालिसी है, ओटीपी पॉलिसी है, उसके तहत मिर्जापुर



के बाद गांजा गंज बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो अपने मुकदमे स्वयं वापस लेता हो, उससे बड़ा माफिया कौन है। इस समय जितने माफिया हैं, सब भारतीय जनता पार्टी के हैं। प्रदेश में एलपीजी की किल्लत को लेकर उन्होंने कहा कि भाजपा ने लोगों को लाइनों में लगाने के अलावा किया ही क्या है। अब मैं देख रहा हूं कि लोग पेट्रोल के लिए भी लाइनों में लगे हुए हैं। पहले खाद के लिए किसान लाइन में लगे। सरकार ने एलपीजी संकट को लेकर कुछ भी तैयारी नहीं की। अब तो 14 किलो का सिलेंडर भी 10 किलो का आ रहा लेकिन उससे भी ज्यादा ली जा रही है।

## सरकार ने सोशल मीडिया पर फैली अफवाहों को खारिज किया

# यूपी में पेट्रोल-डीजल के लिए लगीं कतारें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कई जिलों में पेट्रोल-डीजल की कमी को लेकर सोशल मीडिया पर फैली अफवाहों ने अचानक अफरा-तफरी का माहौल पैदा कर दिया। अयोध्या, अंबेडकर नगर और बलरामपुर और देवरिया में पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें देखी गईं, कई जगह 'आउट ऑफ स्टॉक' के बोर्ड लग गए और सीमित मात्रा में ही ईंधन बिक्री की गई। हालांकि प्रशासन और तेल कंपनियों ने साफ किया है कि राज्य में पेट्रोल-डीजल की कोई वास्तविक कमी नहीं है और आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है।

अधिकारियों के मुताबिक सोशल मीडिया पर फैली भ्रामक खबरों के कारण लोगों ने जरूरत से



■ **कई जगह पेट्रोल पम्पों पर आउट ऑफ स्टॉक के बोर्ड लगे, सरकार बोली प्रदेश में पर्याप्त स्टॉक अफवाहों पर ध्यान न दें**

ज्यादा पेट्रोल-डीजल भरवाना शुरू कर दिया, जिससे कुछ पंपों पर अस्थाई दबाव बना। कई जगह सुबह 5 बजे से ही वाहन चालकों की लाइन लग गई और कुछ लोग बिना ईंधन लिए वापस लिए ही लौट गए। इस बीच पेट्रोल पंप संच. ालकों ने बताया कि तेल कंपनियों द्वारा हाल ही में क्रेडिट सिस्टम खत्म कर एडवांस पेमेंट व्यवस्था लागू की गई है। अब डीलरों को पहले भुगतान करना होता है, तभी वे ईंधन उठा सकते हैं। पहले वे स्टॉक लेकर बाद में भुगतान कर सकते थे, जिससे पंपों पर अधिक रिजर्व रहता था। तेल कंपनियों का कहना है कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण यह कदम वित्तीय रूप से जरूरी है। प्रशासन ने संवेदनशील पेट्रोल पंपों पर पुलिस तैनात की और भीड़ नियंत्रण के उपाय किए। पेट्रोल-डीजल की जमाखोरी रो. कने के लिए कैन/डिब्बों में बिक्री पर तत्काल रोक लगा दी गई। लोगों से अपील की गई कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और जरूरत के मुता. बिक ही ईंधन खरीदें। अयोध्या के जिला पूर्ति अधिकारी के मुताबिक बुधवार सुबह जिले में करीब 16 लाख लीटर डीजल और 10 लाख लीटर पेट्रोल उपलब्ध था, लेकिन अचानक बढ़ी मांग के कारण कई पंपों का स्टॉक खत्म हो गया।

### देशहित में सरकार के उठाए कदम के लिए तैयार रहें: सीएम योगी

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की आपूर्ति को लेकर लोगों को आश्वस्त किया है। उन्होंने कहा कि महीने भर चलने वाले सिलेंडर को 5वें दिन ही क्यों लेने आ रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि मिडिल-ईस्ट के वार से पड़ने वाले असर को लेकर हम सभी को तैयार रहना चाहिए। देशहित में अगर सरकार ने कोई कदम उठाया, तो हम उसके लिए खुद को तैयार करेंगे। पेट्रोल और डीजल को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब नंबर आएगा, तो रजिस्ट्रेशन करवाएं, रसोई गैस आपके घर तक पहुंच जाएगी। सीएम योगी ने कहा कि हमने प्रदेश में हर जिला प्रशासन से कहा है कि जैसे पहले होम डिलीवरी होती थी, वैसे ही पहुंचाएगी और लाइन लगाने की आवश्यकता नहीं है।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

# भारत की वृद्धि दर आंतरिक मांग की बदौलत ऊंची बनी रहेगी: एसोचैम

**नई दिल्ली, वार्ता**

भारत के प्रमुख उद्योग मंडल एसोचैम का अनुमान है कि वैश्विक स्तर पर भू-राजनीतिक संकटों के चलते आपूर्ति श्रृंखलाओं के व्यवधान से वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर मंद हो सकती है पर भारत आंतरिक उपभोग और निवेश मांग की बदौलत अगले वित्त वर्ष 2026-27 सात प्रतिशत से ऊपर की तेज गति से वृद्धि की राह पर बना रहेगा।

एसोचैम का मानना है कि 2026 में वैश्विक वृद्धि दर नरम पड़ कर 3 प्रतिशत से नीचे रह सकती है। संगठन ने आगाह किया है कि चूंकि रुपये के मूल्य में काफ़ी गिरावट आई है, इसलिए घरेलू बाजार में एलपीजी सिलेंडरों जैसे कुछ क्षेत्रों में ऊर्जा की कीमतें भी बढ़ी हैं और इसका असर आने वाले समय में महंगाई के रुझानों पर देखने को मिलेगा। उद्योग मंडल

■ **2026-27 सात प्रतिशत से ऊपर की तेज गति से वृद्धि की राह पर बना रहेगा**

ने गुरुवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था पर पश्चिम एशिया युद्ध के असर को कम करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदम असरदार और सही समय पर हैं। एसोचैम के अध्यक्ष निर्मल के. मिडा ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है और वित्त वर्ष 2025-26 में जीडीपी में 7.6 प्रतिशतकी बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। मिडा ने कहा कि पिछले कई सालों से सुधारों के जरिए सरकार का मजबूत समर्थन बिजनेस के भरोसे को बढ़ाता है। घरेलू खपत का रुझान कई सालों के सबसे ऊंचे स्तर पर है, जिसे कर व्यवस्था में सुधार और 'ईज ऑफ़ डूइंग बिजनेस' (कारोबार करने में आसानी) में किए गए साहसी सुधारों से समर्थन मिला है और निवेश भी उसी रफ्तार से बढ़ रहा है। मिडा ने कहा कि आगे उम्मीद है कि भारत की वृद्धि अगले वित्त वर्ष 2026-27 में सात प्रतिशत से ऊपर बना रहेगा, जबकि ग्लोबल ग्रोथ के तीन प्रतिशत से नीचे गिरने का डर है। एसोचैम का कहना है कि 2025-26 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि का अनुमान लगभग 7.6 प्रतिशत पर अपरिवर्तित बना हुआ है और आने वाले वित्त वर्ष, 2026-27 में 7 प्रतिशत से ज्यादा की वृद्धि की उम्मीद है भू-राजनीतिक और अमेरिका में ऊंचे शुल्क से जुड़ी चुनौतियों के बावजूद भारत की वृद्धि दर पिछले तीन सालों में सात प्रतिशत से ज्यादा की रही है। फरवरी 2026 के महीने में भारत का विनिर्माण क्षेत्र संबंधी परचेजिग मैनेजर्स इंडेक्स 56.9 और सेवा क्षेत्र पीएमआई 58.1 पर रहा, जो दुनिया की शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं (अमेरिका, चीन और जर्मनी) में सबसे ज्यादा रहे।

### पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** देश में सामान्य पेट्रोल और डीजल के दाम गुरुवार को अपरिवर्तित रहे। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आज पेट्रोल की कीमत 94.77 रुपये और डीजल की 87.67 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रही। सामान्य पेट्रोल-डीजल के मूल्य में 30 अक्टूबर 2024 के बाद से कोई बदलाव नहीं किया गया है। इस बीच अंतर्राष्ट्रीय बाजार में आज कच्चे तेल में तेजी रही और लंदन का ब्रेंट क्रूड का मार्च वायदा डेढ़ फीसदी से ज्यादा चढ़कर 104 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया। कच्चे तेल में तेज उछाल के बाद इंडियन ऑयल के प्रीमियम पेट्रोल एक्सपी95 का मूल्य 20 मार्च को दो रुपये बढ़ाया गया था। इस बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में इसकी कीमत अब 101.89 रुपये प्रति लीटर हो गई है। इंडियन ऑयल के प्रीमियम डीजल एक्सजी का मूल्य 91.49 रुपये प्रति डॉलर पर स्थिर है। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 103.54 रुपये, चेन्नई में 100.84 रुपये और कोलकाता में 105.45 रुपये प्रति लीटर है। डीजल मुंबई में 90.03 रुपये, चेन्नई में 92.39 रुपये और कोलकाता में 92.02 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। रुपया भी इन दिनों डॉलर के मुकाबले ऐतिहासिक निचले स्तर पर है। पिछले कारोबारी दिवस पर यह 20 पैसे लुढ़ककर 93.96 रुपये प्रति डॉलर के ऐतिहासिक निचले स्तर पर बंद हुआ था।

# स्वास्थ्य बीमा क्षेत्र की वृद्धि दर नौ प्रतिशत रही

**नई दिल्ली, वार्ता**

देश का स्वास्थ्य बीमा क्षेत्र वार्षिक आधार पर लगभग नौ प्रतिशत की दर से मजबूत वृद्धि दर्ज हासिल कर रहा है। वित्त मंत्रालय के अनुसार 2024-25 में कुल स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम की राशि 1.2 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। मंत्रालय की गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार यह वृद्धि बढ़ती जागरूकता, स्वास्थ्य देखभाल वित्तपोषण तक बेहतर पहुंच और चिकित्सा खर्चों के खिलाफ वित्तीय सुरक्षा की बढ़ती मांग को दर्शाती है।

पॉलिसीधारकों को समय पर सहायता सुनिश्चित करने के लिए, भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) ने कैशलेस स्वास्थ्य बीमा दावों के प्रसंस्करण के लिए विशिष्ट समयसीमा निर्धारित की है। आईआरडीएआई द्वारा कैशलेस प्री-ऑथराइजेशन एक घंटे के भीतर और अंतिम स्वीकृति- तीन घंटे के भीतर किए जाने के निर्देश हैं। इन समय-सीमाओं का उद्देश्य देरी को कम करना और यह सुनिश्चित करना है कि मरीजों को समय पर

■ **स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम की राशि 1.2 लाख करोड़ रुपये से अधिक रही**

चिकित्सा देखभाल मिल सके। आईआरडीएआई के 2024 के नियमों में यह निर्दिष्ट किया गया है कि बीमा उत्पादों का मूल्य निर्धारण सभी प्रासंगिक जोखिम कारकों के आधार पर उचित रूप से किया जाए और वे व्यवहार्य और मूल्य-संचालित बने रहें, साथ ही नियुक्त बीमांकिक द्वारा विश्वसनीय डेटा और ग्राहक प्रतिक्रिया का उपयोग करके आवधिक समीक्षा की जाए। वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 में दावों की संख्या के आधार पर निपटाना क्रमश: 85.66 प्रतिशत, 82.46 प्रतिशत और 87.50 प्रतिशत था। विज्ञप्ति में आईआरडी एआई के बीमा भरोसा पोर्टल के हवाले से बताया गया है कि वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान सामान्य और स्वास्थ्य बीमा से संबंधित 1,37,361 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 1,27,755 (93 प्रतिशत) शिकायतों का निपटारा वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान ही कर दिया गया।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# गैस संकट और मौतों के लिए केंद्र जिम्मेदार: अजय राय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय गुरुवार को रामपुर पहुंचे, जहां पूर्व विधायक अफरोज अली खान के निवास पर कार्यकर्ताओं ने उनका फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस दौरान अजय राय ने एक प्रेस वार्ता को संबोधित किया और केंद्र सरकार की नीतियों पर जमकर निशाना साधा।

उन्होंने रामपुर को बहादुरों और क्रांतिकारियों की धरती बताते हुए जनता के संघर्षों को नमन किया। अजय राय यहां पूर्व विधायक संजय कपूर द्वारा आयोजित सम्राट अशोक जयंती कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए आए थे। प्रेस वार्ता के दौरान अजय राय ने देश में गैस एजेंसी और पेट्रोल की लाइनों में लग रहे लोगों की स्थिति और इस दौरान हो रही मौतों पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने इन दुखद घटनाओं के

■ **हकीकत को छिपाने का प्रयास कर रही मोदी सरकार**

लिए सीधे तौर पर केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री को जिम्मेदार ठहराया। अजय राय ने आरोप लगाया कि सरकार की कुप्रबंधन नीति के कारण आम जनता को बुनियादी सुविधाओं के लिए भी जान गंवानी पड़ रही है। कांग्रेस नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री लगातार देश की जनता को गुमराह कर रहे हैं और जमीनी हकीकत को छिपाने का प्रयास कर रहे हैं। प्रधानमंत्री द्वारा हाल ही में कोरोना काल की तरह धैर्य बनाए रखने के बयान पर अजय राय ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने याद दिलाया कि कोरोना काल में भी सरकार ने सब कुछ ठीक होने का दावा किया था, जबकि राहुल गांधी ने पहले ही खतरे की चेता. वनी दी थी।

# नोएडा हवाई अड्डे का उद्घाटन 28 मार्च को जनसभा को भी संबोधित करेंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली, वार्ता**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार 28 मार्च को नोएडा के जेवर स्थित नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे और एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने गुरुवार को बताया कि श्री मोदी 28 मार्च सुबह लगभग 11:30 बजे गौतम बुद्ध नगर में जेवर स्थित नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल भवन का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद दोपहर लगभग 12 बजे वह नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रथम चरण का उद्घाटन करेंगे और इस अवसर पर एक जनसभा को संबोधित करेंगे।

नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र के लिए दूसरे अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के रूप में विकसित किया गया है, जो दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का पूरक है। सरकारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि ये दोनों हवाई अड्डे मिलकर एक एकीकृत विमानन प्रणाली के रूप में कार्य करेंगे, जिससे दोनों हवाई अड्डों पर बोझ बढ़ जाएगा, यात्री क्षमता बढ़ेगी और



दिल्ली-एनसीआर को वैश्विक विमानन केंद्र के रूप में अग्रणी स्थान हासिल करेगा। नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा भारत की सबसे बड़ी ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट परियोजनाओं में से एक है। नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण को सार्वजनिक- निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत लगभग 11,200 करोड़ रुपये के कुल निवेश से विकसित किया गया है। प्रारंभिक चरण में हवाई अड्डे की संचालन क्षमता 1.2 करोड़ यात्री प्रति वर्ष (एमपीपीए) होगी, जो हवाई अड्डे के पूर्ण विकसित होने तक 70 एमपीपीए तक हो जाएगी। नोएडा हवाई अड्डे का रनवे 3,900 मीटर लंबा है, जो बड़े आकार के विमानों के संचालन में सक्षम है। इसके साथ ही इंस्ट्रूमेंट लैंडिग सिस्टम और उन्नत एयरफील्ड लाइटिंग सहित यहां आधुनिक नेविगेशन सिस्टम हैं, जो हर मौसम में दिन-रात संचालन में सक्षम है। इस हवाई अड्डे के साथ एक सुदृढ़ कार्गो प्रणाली भी है, जिसमें एक मल्टी-मॉडल कार्गो हब, एकीकृत कार्गो टर्मिनल और लॉजिस्टिक्स जोन शामिल हैं। यहां प्रति वर्ष 2.5 लाख टन से अधिक माल ढुलाई हो सकती है। बाद में क्षमता को बढ़ाकर। 18 लाख टन किया जाएगा। इसमें 40 एकड़ का एक समर्पित रखरखाव, मरम्मत एवं ओवरहाल सुविधा क्षेत्र भी शामिल है। नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की स्थापत्य शैली भारतीय विरासत से प्रेरित है, जो पारंपरिक घाटों और हवेलियों की याद दिलाते हैं, जिससे सांस्कृतिक सौंदर्यशास्त्र आधुनिक अवसंरचना के साथ मिश्रित होता है। यमुना एक्सप्रेसवे पर रणनीतिक रूप से स्थित नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को सड़क, रेल, मेट्रो और क्षेत्रीय परिवहन प्रणालियों के निर्बाध जुड़ाव के साथ एक बहु-मॉडल परिवहन केंद्र के रूप में विकसित किया गया है, जो यात्रियों और माल ढुलाई के लिए कुशल कनेक्टिविटी सुनिश्चित करता है।

# ईडी ने फर्जी अस्पताल मालिक की 55 लाख की अचल संपत्ति कुर्क की

**नई दिल्ली।** ईडी ने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी- पीएमजेएवाई) योजना के तहत बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी से जुड़े एक मामले में असम के एक अस्पताल के मालिक मोब्जिल हुसैन बारभुइया की 55.33 लाख रुपये की अचल संपत्ति कुर्क की है।

ईडी के गुवाहाटी जोनल कार्यालय ने शिफा अस्पताल और अनुसंधान केंद्र के मालिक के खिलाफ हैलाकांडी थाने द्वारा दर्ज एक प्राथमिकी के आधार पर धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत जांच शुरू की थी। जांच में यह बात सामने आई है कि एबी-पीएमजेएवाई योजना के तहत सूचीबद्ध इस अस्पताल ने 22 अप्रैल 2019 से 5 नवम्बर 2022 की अवधि के दौरान लाभार्थियों को कोई वास्तविक चिकित्सा उपचार प्रदान किए बिना 64,10,780 रुपये के 778 फर्जी प्रतिपूर्ति दावे प्रस्तुत किए थे। जांच में पता चला कि अस्पताल का जो पता दिया गया था वहां कोई अस्पताल था ही नहीं। आरोपी ने कथित तौर पर एक व्यवस्थित धोखाधड़ी की योजना बनाई थी जिसमें आयुष्मान भारत कार्ड रखने वाले लाभार्थियों को एक अस्थाई सेटअप पर जाने के लिए प्रेरित किया गया था और 300 रुपये के मामूली भुगतान के बदले उन्हें अस्पताल के बिस्तरों पर लेटे हुए फोटो खिंचवाने के लिए कहा गया था। इन तस्वीरों को फिर ट्रांजैक्शन मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल पर अपलोड किया गया, ताकि उन चिकित्सा प्रक्रियाओं के लिए फर्जी प्रतिपूर्ति दावे उत्पन्न किए जा सकें जो कभी की ही नहीं गई थीं।

CMYK

# गुस्साए परिजन शव लेकर पहुंचे थाने, तीन पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दयालपुर थाना क्षेत्र मे एक नाबालिग की चाकू से वार करके हत्या कर दी गयी,जिसमे कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तीन नाबालिगों को पकड़ लिया है स इस घटना से गुस्साए लोग पोस्टमार्टम के बाद शव दयालपुर थाने लेकर पहुंचे ओर अपना विरोध दर्शाया स हालांकि पुलिस ने उनको समझा-बुझाकर वापस भेजा।

मृतक की पहचान शुभान (16) के रूप मे हुई है स वह नेहरू विहार की गली न-13, मे रहता था उसके परिवार मे माता-पिता,एक भाई ओर दो बहन है स मृतक के परिजनों ने बताया कुछ दिनों पहले शुभान का कुछ आरोपियों से रील बनाने को लेकर झगड़ा हुआ था जिसके बाद उस समय समझा-बुझाकर झगड़ा शांत हो गया था स 25 मार्च की रात इन लड़को ने मृतक को फोन करके नेहरू विहार की चाँद मस्जिद के पास बुलाया था,जिसके बाद वह शुभान को लेकर बुध बाजार मे आर्यन डेयरी से आगे वाली गली मे लेकर पहुंचे, पहले तीनों आरोपी शुभान से गले मिले उसके बाद चाकू से वार कर दिए स शुभान घायल अवस्था मे मौके पर पड़ा हुआ था।

सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस उसे लेकर जगप्रवेश चंद अस्पताल पहुंची, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया उसके बाद उसका शव जीटीबी मोर्चरी पहुंचा दिया गया था। 26 मार्च को शुभान का पोस्टमार्टम होने के पास गुस्साए परिजन उसका शव लेकर दयालपुर थाने पहुंचे ओर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए आरोप लगाया कि नाबालिगों की आड़ मे बालिगों को बचाया जा रहा है स पुलिस के समझाने पर परिजन शव लेकर घर चले गए। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया 25 मार्च को दयालपुर पुलिस स्टेशन में चाकूबाजी की घटना की सूचना मिली। नेहरू विहार स्थित गली नंबर 13 में घटनास्थल पर पहुं. चने पर लगभग 16 वर्षीय एक युवक बेहा. ेश पड़ा मिला। उसे तुरंत जेपीसी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जीटीबी अस्पताल भेजा गया स दयालपुर पुलिस स्टेशन में एफआईआर संख्या 123/26 के तहत धारा 103(1)/3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई। टीम ने 13 से 17 वर्ष की आयु के तीन बाल अपराधियों को पकड़ लिया।

## एलपीजी जमाखोरी का भंडाफोड़ 459 सिलिंडर जब्त किए गए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने गुरुवार को बाहरी दिल्ली के रणहौला में एलपीजी जमाखोरी का भंडाफोड़ किया है। यह कार्रवाई आवश्यक वस्तु अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत की गई। छापामारी में कुल 459 खाली गैस सिलिंडर जब्त किए गए। टीम द्वारा जब्त कुल सिलिंडरों में से 175 भारत पेट्रोलियम और 284 इंडेन गैस के सिलिंडर शामिल थे। क्राइम ब्रांच की पश्चिमी रेंज-ए इकाई ने विशिष्ट खुफिया जानकारी पर यह अभियान चलाया। इस कार्रवाई से एलपीजी वितरण प्रणाली के अवैध भंडारण और कालाबाजारी का खुलासा हुआ। एलपीजी की कमी की चिंताओं पर जमाखोरों की पहचान को विशेष टीम बनी। इंस्पेक्टर प्रदीप के नेतृत्व में टीम ने गांव रणहौला में एचपी बालाजी गैस एजेंसी पर छापा मारा।एजेंसी मालिक सुशील कुमार सिंघल को अवैध जमाखोरी में शामिल पाया गया। खाद्य आपूर्ति अधिकारी जग प्रवेश को मौके पर बुलाकर कानूनी कार्रवाई शुरू की गई। जब्त सिलिंडर हिंदुस्तान पेट्रोलियम गैस के बिक्री क्षेत्र प्रबंधक संजय कुमार मेहता को सुपुर्द कर दिए गए। क्राइम ब्रांच पुलिस थाने में प्राथमिकी संख्या 62/2026 दर्ज की गई। इसमें आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 7 और बीएनएस की धारा 61(2) लगाई गई है। मामले की आगे की जांच जारी है।

# चचेरी बहन का गला रेता, गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मयूर विहार इलाके में रिश्तों को शर्मसार करने वाली वारदात सामने आई है। यहां एक युवक ने अपनी चचेरी बहन का गला रेत दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर हालत में घायल महिला को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से डॉक्टरों ने हालत नाजुक देखते हुए उसे जीटीबी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

पीड़िता की पहचान अफसाना के रूप में हुई है, जबकि आरोपित भाई का नाम असलम है। 25 मार्च रात लगभग 11.06 बजे, मयूर विहार पुलिस स्टेशन को एलबीएस अस्पताल से संजय कैंप, त्रिलोकपुरी निवासी 29 वर्षीय अफसाना नामक एक घायल महिला के भर्ती होने की सूचना मिली, अस्पताल पहुंचने पर वह होश में थी, सचेत थी और बयान देने के लिए स्वस्थ थी। उसने बताया कि उसी दिन रात लगभग 9:45 बजे,



बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के चित्तरी गांव का निवासी उसका चचेरा भाई असलम, जो ब्लॉक-27 के बिरयानी कॉर्नर में काम करता है, उसके घर आया, उसे गाली दी, उससे पैसे मांगे और मना करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी और धारदार हथियार (चाकू) से उस पर जानलेवा हमला किया, जिससे उसकी गर्दन पर गंभीर चोट आई। इसके बाद, आरोपी की मां उसे इलाज के लिए एलबीएस अस्पताल ले गयी, घायल को किसी धारदार वस्तु से गहरा घाव लगा है और चोट की प्रकृति की जांच की जा रही है, पुलिस स्टेशन मयूर विहार में धारा 109(1)/3(5) बीएनएस के तहत एफआईआर संख्या 96/26 दर्ज की गई है; जांच के दौरान, आरोपी असलम को गिरफ्तार कर लिया गया।

### अफीम की अवैध सप्लाई में शामिल सप्लायर को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्वी जिला पुलिस के स्पेशल स्टाफ ने अफीम की अवैध सप्लाई में शामिल मुख्य सप्लायर को बरेली से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से 443 ग्राम अफीम बरामद की है। इसी मामले में पहले एक व्यक्ति को 1 किलोग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया गया था आरोपी का पहले भी एनडीपीएस मामलों में शामिल होने का इतिहास रहा है। दिल्ली के पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त राजीव कुमार ने बताया कि 22 फरवरी को, एक विशेष सूचना पर पूर्वी जिले के स्पेशल स्टाफ की टीम ने ज्ञानी राम नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से 1 किलोग्राम अफीम बरामद की थीं।

# दिल्ली निगम चुनाव : 250 सीटों पर उतरेगी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी में आगामी नगर निगम चुनावों को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) ने भी अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक नॉर्थ एवेन्यू स्थित कार्यालय में आयोजित की गई, जिसमें संगठन विस्तार और चुनावी रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक में राष्ट्रीय महामंत्री बृजमोहन श्रीवास्तव मुख्य रूप से उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह ने की। अपने संबोधन में श्री सिंह ने स्पष्ट किया कि एनसीपी दिल्ली में अपने जनाधार को मजबूत करने के लिए व्यापक स्तर पर सक्रिय सदस्यता अभियान चलाएगी। इसके साथ ही पार्टी ने यह भी ऐलान किया कि वह निगम के 250 वार्डों में पूरे दमखम के साथ चुनाव मैदान में उतरेगी।

उन्होंने कहा कि संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए प्रदेश कार्यकारिणी के साथ-साथ जिला और विधानसभा स्तर पर अध्यक्षों की नियुक्तियां की जा चुकी हैं। पार्टी का लक्ष्य हर विधानसभा में अधिक से अधिक सक्रिय कार्यकर्ताओं को जोड़ना है, और जो कार्यकर्ता संगठन विस्तार में बेहतर योगदान देंगे, उन्हें पार्टी में प्राथमिकता दी जाएगी।

बैठक का एक खास आकर्षण यमुनापार क्षेत्र के घौंडा विधानसभा से जुड़े वरिष्ठ नेता अनिल कुमार शुक्ला रहे। सिंह ने विशेष रूप से उनका उल्लेख करते हुए कहा कि अनिल कुमार शुक्ला को घौंडा विधानसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिसे वे पूरी निष्ठा और दक्षता के साथ निभा रहे हैं। क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने, नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में उनका योगदान सराहनीय है।



**एनसीपी प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक नॉर्थ एवेन्यू स्थित कार्यालय में आयोजित की गई, जिसमें राष्ट्रीय महामंत्री बृजमोहन श्रीवास्तव का स्वागत किया गया।**

## एक नजर

### उत्तर भारत में करेंगे मोबाइल मेडिकल यूनिट्स तैनात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एचडीएफसी बैंक ने स्माइल फाउंडेशन के साथ उत्तर भारत के दूरदराज के क्षेत्रों में 8 मोबाइल मेडिकल केयर यूनिट्स की तैनाती के लिए साझेदारी की है। इस पहल का उद्देश्य 4 लाख से ज्यादा लोगों तक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाना है। बैंक के सीएसआर कार्यक्रम 'परिवर्तन' के अंतर्गत यह पहल जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, पंजाब और उत्तराखंड को कवर करेगी। इस पहल के बारे में बोलते हुए एचडीएफसी बैंक की सीएसआर हेड नुसरत पठान ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित क्षेत्रों में कमियों को पाटने के लिए इन यूनिट्स की तैनाती की गई है। स्माइल फाउंडेशन के एक्जीक्यूटिव ट्रस्टी और को-फाउंडर शांतनु मिश्रा ने कहा कि यह साझेदारी अंतिम स्तर तक स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने के कदम को बेहतर बनाएगी और सरकार के प्रयासों में सहयोग प्रदान करेगी।

### एक डॉक्टर, दो जिंदगियाँ का प्रीमियर 6 अप्रैल को

**नई दिल्ली।** सोनी सब पेश कर रहा है नया शो ष्हुई गुम यादें एक डॉक्टर, दो जिंदगियाँ, जिसका प्रीमियर सोमवार, 6 अप्रैल रात 8 बजे होगा। यह सीरीज, विश्वभर में सराही गई इटैलियन ड्रामा डीओसी(डॉक)-नेल्ले तुए मानी से रूपांतरित है और भारतीय दर्शकों के लिए लेकर आ रही है एक दिल छू लेने वाली कहानी ख्र हिम्मत, नए सिरे से जीने की कोशिश और जिंदगी में मिलने वाले दूसरे मौकों की ताकत की। इस शो में नजर आएंगे मशहूर कलाकार इकघ्बाल खान, गुलकी जोशी और सृष्टि सिंह। ष्यादेंष का सफर एक संवेदनशील मेडिकल पृष्ठभूमि पर आधारित है, जहाँ एक डॉक्टर अपने अतीत से जूझते हुए अपनी पहचान और मकघ्सद को फिर से खोजने की कोशिश करता है।

### आठ दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन



**नई दिल्ली।** पश्चिमी ज्योति नगर मे श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है कथा स्थल प्रेम कुंज, जे 1/3 है स यह कार्यक्रम 26 मार्च से 2 अप्रैल तक चलेगा स कथा प्रवचन दयालु जी महाराज द्वारा किए जाएंगे स श्री भागवत कथा के पहले दिन श्री शुकदेव जन्म के बारे मे बताया गया ।

कथा अमृत का लाभ उठाने के लिए सैकड़ो की संख्या मे श्रद्धालु उपस्थित थे स कार्यक्रम मे कांता गुप्ता, रामनिवास गुप्ता, अंजू अग्रवाल, विकास अग्रवाल,अलका गुप्ता,विनीत गुप्ता, कुसुमलता दिनेश मित्तल, रजनी, विपिन मित्तल, रश्मि, सतीश मित्तल, मिथिलेश, दीपक मित्तल, नीतू, अरविंद मित्तल, काशवी, कुशाग्र, लक्ष सहयोगी रहें।

### सत्संग कार्यक्रम में उमड़ा जनसमूह




**नई दिल्ली।** विश्व-विख्यात आध्यात्मिक गुरु और सावन कृपाल रूहानी मिशन के प्रमुख संत राजिन्दर सिंह जी महाराज के सत्संग को सुनने के लिए फरीदाबाद के हरियाणा स्टेट स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के पास सेक्टर-12 के हुडा ग्राउंड में विशाल जनसमूह उमड़ पड़ा।

इस आध्यात्मिक कार्यक्रम की शुरुआत में आदरणीया माता रीटा जी ने गुरु अर्जन देव जी महाराज द्वारा लिखित एक भजन का अपने मधुर कंठ से गायन किया, जिसके बोल थे, प्रभु जी तू मेरे प्रान आधारे (हे ईश्वर आप ही मेरे प्राणों के आधार हो)। उसके पश्चात इस भजन की व्याख्या करते हुए, संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने कहा कि, इस भौतिक संसार में केवल ईश्वर ही हमारे सच्चे आधार और हितैषी हैं, जो हर परिस्थिति में हमारी संभाल और मार्गदर्शन करते हैं।

### रोहित चौधरी गैंग का बदमाशगिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने रोहित चौधरी गैंग का एक कुख्यात सदस्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से तीन सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल, एक देसी पिस्टल और 21 जिंदा कारतूस बरामद किए है।आरोपी ने गैंग के सदस्यों द्वारा जघन्य अपराधों को अंजाम देने के लिए हथियारों को अपने घर में छिपाकर रखा था। दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध) पंकज कुमार ने बताया कि रंगदारी, अवैध हथियारों की आपूर्ति और हिंसक अपराधों में शामिल गैंग के सदस्यों की गति. विधियों के बारे में हेड कांस्टेबल सुमित कुमार को मिली विशिष्ट खुफिया जानकारी पर टीम को पता चला कि अरविंद गुप्ता / डिसिल्वा, जो 'रोहित चौधरी गैंग' का एक सक्रिय सदस्य है।

# गैस एजेंसी में हंगामा, महिला कर्मचारी घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार फेज-2 स्थित पॉकेट ई में गुरुवार को निहाल गैस एजेंसी पर उस समय हंगामा हो गया, जब सिलेंडर लेने आए ग्राहकों और एजेंसी कर्मचारियों के बीच कहासुनी हो गई। मामूली विवाद ने देखते ही देखते बड़ा रूप ले लिया और गुस्साए कुछ ग्राहक एजेंसी के अंदर घुस गए।

हंगामे के दौरान एजेंसी में काम करने वाली एक महिला कर्मचारी के पैर में चोट लग गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थिति बिगड़ती देख एजेंसी को अस्थायी रूप से बंद कर ताला लगाना पड़ा।

घटना की खबर फैलते ही आसपास के लोग भी मौके पर जमा हो गए, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। इसी बीच स्थानीय समाजसेवी



कुलदीप भंडारी मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों से बातचीत कर स्थिति को शांत कराने की कोशिश की।

काफी देर तक चली बातचीत के बाद कुलदीप भंडारी ने ग्राहकों और एजेंसी प्रबंधन के बीच समझौता करा दिया। समझौते के बाद दोनों पक्षों ने शांति बनाए रखने और भविष्य में विवाद से बचने की बात कही, जिसके बाद मामला शांत हो गया।

घटना के बाद इलाके में स्थिति सामान्य हो गई है, वहीं स्थानीय लोगों ने प्रशासन से व्यवस्था सुधारने और ग्राहकों की समस्याओं के समाधान की मांग की है।

# कमर्शियल एलपीजी सप्लाई 50 प्रतिशत तक बढ़ी : सिरसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार, दिल्ली सरकार ने कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर का आवंटन 20% से बढ़ाकर 50% कर दिया है। अब यह 1800 से बढ़कर 4500 सिलेंडर (19 किलो) प्रतिदिन हो गया है। यह बढ़ी हुई सप्लाई तुरंत लागू हो गई है और इससे जरूरी सेवाओं, होटल, उद्योग और प्रवासी मजदूरों की जरूरतें बिना रुकावट पूरी होंगी।

खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा, "हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व का धन्यवाद करते हैं। उनके समय पर लिए गए फैसले से दिल्ली में कमर्शियल एलपीजी की सप्लाई में कोई दिक्कत नहीं होगी।"नई व्यवस्था के तहत एलपीजी वितरण को 7 प्रमुख श्रेणियों में बांटा गया है, जिनके लिए कुल 4,500 सिलेंडर (19 किलो) प्रतिदिन तय किए गए हैं।

सप्लाई केंद्र सरकार के नियमों के अनुसार की जा रही है, जिसमें पिछले तीन महीने की औसत खपत को आधार बनाया गया है और जरूरी सेक्टर को प्राथमिकता दी जा रही है।जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए वेट्स एंड मेजर्स और खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की 70 संयुक्त टीमें पूरे दिल्ली में जांच कर रही हैं।




**दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने भारतीय वाणिज्य मंडल ( आईसीसी ) द्वारा द्वितीय आईसीसी एविएशन एवं टूरिज्म समिट 2026 का उद्घाटन करते हुए।**

# ईरानी दूतावास जाकर खामेनेई को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** रमजान-उल- मुबारक इन्तेजामिया कमेटी के संयोजक मुफ्ती मौहम्मद ताहिर हुसैन एवं अध्यक्ष शमीम अहमद खान के नेतृत्व में एक विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधिमंडल ने इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के दूतावास पर जाकर भारत मे ईरान के राजदूत डॉ. मौहम्मद फतहाली से मुलाकात की तथा ईरान के दिवंगत सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह सैयाद अली खामेनेई को श्रद्धांजलि देते हुए शोक पुस्तिका पर अपना संदेश दर्ज करके हस्ताक्षर किए।



मुफ्ती मौहम्मद ताहिर हुसैन ने अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर किए जा रहें हमलों की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसे अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन बताया उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि विश्व समुदाय को एकजुट होकर जुल्म के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए और इंसानियत को बचाने के लिए आगे आना चाहिए।

कमेटी के अध्यक्ष शमीम अहमद खान ने कहा कि ईरान के एक स्कूल पर हमला करके लगभग 180 बालिकाओं को शहीद कर दिया गया यह जुल्म नही तो और क्या है भारत के लोग हमेशा जुल्म के खिलाफ खड़े रहें हो

इस मौके पर प्रति. निधिमंडल में शामिल सभी लोग ईरान कल्चर हाऊस भी गए जहां उन्होंने भारत मे ईरान के सुप्रीम लीडर के प्रतिनिधि डॉ. अब्दुल मजीद हकीम इलाही से मुलाकात करके ईरान के दिवंगत सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह सैयाद अली खामेनेई की शहादत पर गहरा दुख जताया।

इस अवसर प्रतिनिधिमंडल में जम जम फाउन्डेशन के महासचिव हाजी मौहम्मद अनवार कोषाध्यक्ष जहीर आलम मदीना मस्जिद (मल्का गंज) के अध्यक्ष हाजी कमालुद्दीन मानवता फाउन्डेशन के अध्यक्ष मौहम्मद खालिद व मौहम्मद फरमान आदि शामिल थे।

# पाठशाला 3.0 बदल रही भाटी माइंस की जिंदगियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जब जिंदगी ने किरण को सबसे बड़ा दुख दिया, तो वह बिना सहारे, बिना आय और भविष्य की चिंता के साथ अकेली रह गई। भाटी माइंस की पुनर्वास कॉलोनी में रहने वाली किरण पर अचानक पति के निधन के बाद अपने दो बच्चों और बुजुर्ग सास-ससुर की जिम्मेदारी आ गई।

पिछले एक साल में 'पाठशाला 3.0' ने भाटी माइंस (दिल्ली) और शाहपुर (नोएडा) में 1,300 से ज्यादा लोगों तक पहुंच बनाई है। इस पहल के जरिए शिक्षा, डिजिटल लर्निंग और रोजगार से जुड़ी ट्रेनिंग दी जा रही है।

सिर्फ भाटी माइंस में ही 600 से ज्यादा लोगों ने रेमेडियल एजुक.



ेशन, स्मार्ट क्लास और सिलाई, ब्यूटी एंड वेलनेस और बेसिक आईटी जैसे कोर्स से फायदा उठाया है, जिससे उन्हें स्थायी रोजगार की दिशा में बढ़ने में मदद मिल रही है। इस पहल के बारे में लिटरेसी इंडिया की संस्थापक कैप्टन इंद्राणी सिंह ने कहा, एनसीआर के कई इलाकों में लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी रोजगार कमाने के आसपास ही घूमती है, जहाँ तुरंत की जरूरतें सबसे पहले आती हैं।

### वेलनेस पोर्टफोलियो का विस्तार किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बीएन एग्रीटेक के लाइफस्टाइल और वेलनेस ब्रांड न्यूट्रिका ने पीनट बटर कैटेगरी में कदम रखते हुए न्यूट्रिका पीनट बटर लॉन्च किया है। यह भारत में तेजी से बढ़ते वेलनेस-फर्स्ट एफएमसीजी ब्रांड्स में से एक है। यह रेंज ब्रांड के वेलनेस पोर्टफोलियो को आगे बढ़ाने की दिशा में अगला कदम है,

लॉन्च पर बात करते हुए, न्यूट्रिका के डायरेक्टर और बिजनेस हेड- एफएमसीजी, स्पर्श सचर ने कहा, ष्हम हर नए प्रोडक्ट के साथ यही कोशिश करते हैं कि लोगों के लिए सेहत को आसान, सुलभ और मजेदार बनाया जा सके। यह पीनट बटर रेंज इसी सोच को आगे बढ़ाती है कि हेल्दी खाना स्वादिष्ट भी हो सकता है।

# ट्रक की चपेट में आने से साइकिल चालक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नजफगढ़ के दिल्ली गेट इलाके में एक सडक हादसे में ट्रक की चपेट में आने से साइकिल चालक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने ट्रक चालक दिनेश कुमार के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के मुताबिक मृतक की पहचान रामेन्द्र कुमार मिश्रा (53) के रूप में हुई। वह परिवार के साथ प्रेम नगर, नजफगढ़ में रहता था। रामेंद्र कुमार मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करता था। 21 मार्च को सुबह करीब 6 बजकर 42 मिनट पर पुलिस को एक सडक हादसे की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। रामेन्द्र कुमार को अचेतावस्था में देखकर नजदीक के आरटीआरएम अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके पास से मिले दस्तावेजों की सहायता से उसके परिवार से संपर्क कर हादसे की जानकारी दी गई। पता चला कि रामेन्द्र घर से सुबह काम पर जाने के लिए निकला था। तभी वह ट्रक की चपेट में आ गया था। ट्रक चालक भागने की कोशिश की थी। लोगों ने उसको वहीं पर पकड़ लिया था।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं



फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

### नकली नोटों का कारोबार करने वाला गैंग दबोचा

# 500 के 234 नोट बरामद, बांग्लादेश से जुड़ रहे तार

**गाजियाबाद।** थाना लोनी बॉर्डर पुलिस ने नकली नोटों का कारोबार करने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 500-500 रुपए के कुल 234 नकली नोट बरामद हुए आरोपियों के नाम सुबोध कुमार शाह, रोहित और मुन्ना उर्फ हरीश बताए जा रहे है। बताया जा रहा है कि सुबोध और रोहित दिल्ली के नेब सराय इलाके के रहने वाले हैं, जबकि मुन्ना नोएडा के सलारपुर का निवासी है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि ये सभी नोट नकली हैं और उन्हें एक व्यक्ति से मिलते थे, जो खुद को झारखंड का बताता था। वह व्यक्ति बार-बार अपनी जगह बदलता रहता था और पहचान छिपाकर इन लोगों को नकली नोट देता था। आरोपी इन नोटों को लोगों को सस्ते में देकर बदले में असली पैसे लेकर मुनाफा कमाते थे। उन्होंनेपहले भी इसी तरह नकली नोट चलाने की को. शिश की थी। हाल ही में उनकी एक डील अभिषेक उर्फ गज्जू नाम के व्यक्ति से तय हुई थी, जो लोनी के बेहटा हाजीपुर इलाके में रहता है। आरोपी उसी को नकली नोट देने जा रहे थे, तभी पुलिस ने उन्हें रास्ते में पकड़ लिया। माना जा रहा है कि नकली नोटों का कारोबार तिहाड़ जेल दिल्ली से संचालित हो रहा है। हालांकि पुलिस का कहना है कि अभी पूरी तरह से पूछताछ नहीं की गई है। पूछताछ के आरो. पितों को रिमांड पर लिया जाएगा। आरोपितों के तार बांग्लादेश से जुड़े बताए गए हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपितों को 15000 रुपये में 50000 नकली नोट मिला करते थे जिन्हें वह आगे देकर मुनाफा कमाते थे। फिलहाल पुलिस ने गिरफ्तार आरोपितों को कोर्ट में पेश कर दिया है।





# पत्नि व उसके प्रेमी की हत्या करने के आरोपी को मुठभेड़ के दौरान पैर में लगी गोली

**गाजियाबाद।** गत 23 मार्च की रात अपनी पत्नि व उसके प्रेमी की हत्या करने के आरोपी पति को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान लंगड़ा कर दिया। पुलिस का कहना है कि यह मुठभेड़ उस समय हुई जब आरोपी को आला कत्ल हथियार बरामदगी के लिए ले जाया गया था। एसीपी लोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार रात थाना ट्रॉनिका सिटी पुलिस टीम अभियुक्त राशिद पुत्र उम्रदराज निवासी ब्लॉक रामपार्क को गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी के बाद राशिद ने पुलिस टीम को बताया कि वह आलाकत्ल की बरामदगी करा सकता है। एसीपी के अनुसार जब पुलिस टीम उसे लेकर जैन कॉलोनी हरमपुर वाले जंगल में पहुंची तो अभियुक्त ने वहां पहले से ही छुपाए हुए तमंचे से पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। इसके बाद पुलिस टीम ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की जिसमें एक गोली राशिद के पैर में लग गई और उसे घायलावस्था में गिरफ्तार कर उपचार के लिए भेज दिया गया। एसीपी का कहना है कि राशिद के पास से आला कत्ल अवैध देसी तमंचा, एक अदद, खोखा कारतूस और एक अदद जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया है। उसके ऊपर हत्या, हत्या का प्रयास और चोरी से संबंधित मामले दर्ज हैं।



# पारिवारिक विवाद के बाद युवती ने लगाई हिंडन बैराज में छलांग





**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में एक युवती द्वारा हिंडन बैराज में छलांग लगाने का मामला सामने आया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। गोताखोरों की मदद से युवती को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जिसके बाद उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

पुलिस के अनुसार, युवती की पहचान कानपुर निवासी निम्मी के रूप में हुई हैम प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि वह अपने परिवार से विवाद के बाद घर से निकली थी। इसी दौरान उसने हिंडन बैराज पहुंचकर यह कदम उठा लिया। हालांकि, समय रहते बचाव होने से उसकी जान बच गई।

# सैकड़ों लोगों ने थामा सपा का दामन 29 तारीख को होने वाली रैली को ऐतिहासिक बनाने का लिया संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सदस्यता ग्रहण एवं सम्मान समारोह आयोजित कर आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन एवं महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ो लोगों को समाजवादी पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकताओं एवं नए साथियों ने समाजवादी विचारधारा को मजबूत करने का संकल्प लिया। मुख्य रूप से फिरोज सैफी, आसिफ सिद्दीकी, वसीम कुरैशी, इमरान इदरीसी, दीपक दिवाकर, अरविंद वर्मा, राकेश कुमार सहित सैकड़ों लोग अपने साथियों के साथ समा. जवादी पार्टी में शामिल हुए। कार्यक्रम में सभी उपस्थित लोगों ने आगामी 29 तारीख को ग्रेटर नोएडा में होने वाली राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की विशाल रैली को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया। फैसल हुसैन ने कहा, समाजवादी पार्टी की नीतियों और विचारधारा से प्रभावित होकर लगातार लोग जुड़ रहे हैं। गाजियाबाद में संगठन को मजबूत करने के लिए निरंतर सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। आने वाले समय में और बड़े स्तर पर लोगों को जोड़कर पार्टी को नई ऊंचाइयों पर ले जाया जाएगा। 29 तारीख की रैली में गाजियाबाद से भारी संख्या में कार्यकर्ता पहुंचेंगे। वीरेंद्र यादव ने कहा, समाजवादी परिवार गाजियाबाद में तेजी से बढ़ रहा है, यह कार्यकताओं की मेहनत का परिणाम है। हर वर्ग और समाज के लोग समाजवादी विचारधारा से जुड़ रहे हैं। संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का अभियान जारी रहेगा। अंत में समाजवादी पार्टी नेता नसीम खान ने मौजूद सभी समाजवादी पार्टी के नेताओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि हम लोग सभी समाजवादी पार्टी के नेताओं का वरिष्ठ नेताओं की हैसियत से सम्मान करेंगे।



# जनपद में डीजल, पेट्रोल व सीएनजी का पर्याप्त भण्डार: डीएम

**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ की अध्यक्षता और जिलापूर्ति अधिकारी की उपस्थिति में समस्त कंपनियों के सेल्स ऑफिसर के साथ बैठक आहूत की गई। बैठक में डीएम ने सभी कंपनी के सेल्स आफिसर से अलग-अलग डीजल/ पेट्रोल/ सीएनजी स्टॉक की सूचना मांगी। सभी सेल्स ऑफिसर ने अलग-अलग पुष्टि की जनपद में कोई भी पम्प ड्राई नहीं है एवं जनपद गाजियाबाद में डीजल/ पेट्रोल/ सीएनजी का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है।

डीएम ने लोगों से भी अपील करते हुए कहा कि कोई भी अपने पास डीजल/ पेट्रोल/ सीएनजी का अनावश्यक स्टॉक ना करें और किसी भी पेट्रोल पम्प पर अनाश्यक भीड़ न लगायें। उन्होंने कहा कि अनावश्यक डीजल/ पेट्रोल एकत्र करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने सभी उपजिलाधिकारी को अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण कर सुनिश्चित करें कि डीजल, पेट्रोल, सीएनजी का अनाधिकृत भंडारण या कालाबाजारी ना हो।



# जेवर एयरपोर्ट उद्‌घाटन के लिए एससी मोर्चा महानगर संयोजक ने लोगों से की अपील



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** 28 मार्च जेवर एयरपोर्ट पीएम मोदी के ऐतिहासिक उद्‌घाटन कार्यक्रम में पहुंचने लिए एससी मोर्चा महानगर संयोजक वेदप्रकाश जाटव जी ने लोगों से की अपील। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में, वेद प्रकाश जाटव संयोजक महानगर एस सी मोर्चा ने, मोर्चे के महामंत्री सुरेंद्र गहलोत, उपाध्यक्ष सत्यवीर सिंह पत्रकार, उपाध्यक्ष सीमा सिंह, महानगर उपाध्यक्ष पृशांत कुमार खटीक मंडल अध्यक्ष रवि मेवाती को साथ लेकर, मुरादनगर शहर मण्डल अध्यक्ष दाया चंद्र कोरी राजकुमार कोरी यहाँ बैठक मै आने 28 मार्च दिन शनिवार को पहुंचे, अधिक से अधिक संख्या मै पहुंचे जहां पर, देहात मंडल के अध्यक्ष, विपिन चौधरी, महामंत्री योगेंद्र शर्मा ओर देहात मंडल अध्यक्ष सतवीर राणा एस सी मोर्चा ने गांव-गांव जाकर लोगों से 28 मार्च कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए, ज्यादा से ज्यादा संख्या में जेवर एयरपोर्ट के उद्‌घाटन पहुंच कर महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के इस कार्यक्रम मजबूती प्रदान करने आमंत्रित किया। गांव देहात के लोगों में मोदी जी की रैली को लेकर जबरदस्त उत्साह का वातावरण देखने को मिला। इस अवसर गांव देहात के लोगों ने मोदी जी के उद्‌घाटन समारोह में पहुंचने के लिए आश्वस्त किया ।

# कमिश्नरेट में बुलंद होते अपराधियों के हौंसले चोरों ने बनाया सुनार की दुकान को निशाना

**गाजियाबाद।** कमिश्नरेट में अपराधियों के हौंसले किस कदर बुलंद हैं इसक अंदाजा आए दिन घट रही संगीन वारदातों से लगाया जा सकता है। कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करने का एक मामला जब सामने आया जब थाना विजयनगर क्षेत्र में सुनार की एक दुकान को निशाना बना दिया। जानकारी के अनुसार पुरानी सब्जी मंडी सेक्टर-9 में चोरों ने सुनार की दुकान सोनी ज्वेलर्स को निशाना बनाया। इस वारदात से संबंधित एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें देखा जा सकता है कि 2 चोर दुकान का शटर उखाड़कर दुकान में दाखिल होते हैं। इसके बाद वह दुकान के अंदर रखें लाखों के जेवरात चोरी कर लेते है। सुनार की दुकान में चोरी करने की पूरी वारदात दुकान के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सीसीटीवी फुटेज में देखा जा सकता है कि चोर दुकान के अंदर दिखाई दे रहे हैं और दुकान के अंदर काउंटर खंगाल रहे हैं। फिलहाल शॉप के मालिक ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है और पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है।



# अष्टमी व नवमी के उपलक्ष में किया भंडारे का आयोजन

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता के द्वारा अष्टमी व नवमी के उपलक्ष में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में 500 से अधिक लोगो ने माता रानी के चौत्र नवरात्र के उपलक्ष मे भोजन प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने सभी से कन्या भ्रूण हत्या को रोककर कन्या बचाने का सभी देशवासियों से आह्वान किया। जिससे सभी त्यौहार रक्षाबंधन भैया दूज तथा नवरात्रों में कन्याएं पूजन के लिए कन्या मिल सके। इस अवसर पर मुख्य रूप से बालकिशन गुप्ता पंडित अशोक भारतीय आशु पाठक रितेश शर्मा काजल छब्बर संदीप त्यागी रसम विधायक अजीत पाल त्यागी विधायक संजीव शर्मा अजय चोपड़ा पार्षद संजीव गुप्ता अनिक गुप्ता रामाव. तार जिंदल पार्षद सुनील यादव पार्षद प्रदीप चौधरी शैलेंद्र सक्सेना राजीव अग्रवाल नितिन बंसल निशा चौहान सतीश राजप. ूत पार्षद हिमांशु शर्मा पार्षद अजीत निगम अभिषेक त्यागी विक्की चौधरी सौरभ यादव लवी गर्ग राम प्यारे यादव वरुण नागर मंडल अध्यक्ष डॉक्टर ओपी अग्रवाल हेमंत शर्मा राकेश गुप्ता प्रमोद चौधरी एसपी वर्मा मनमो. हन मित्तल मनोज गुप्ता प्रवीण गुप्ता सुरेंद्र गर्ग नरेंद्र गुप्ता नंदी विपिन कौशिक डॉक्टर वीके सिंह सुनील गुप्ता पूर्व पार्षद, परमजीत पम्मी पार्षद देवेंद्र अग्रवाल बीकेएस पाल नीरज शर्मा अनिल सांवरिया राखी गोयल सुशील अनूप सिंह पंडित राकेश शर्मा सुबोध गुप्ता विपुल गोयल अनिल मेहरा आशु गोयल विशाल जैन पार्षद प्रवीण भाटी संजीव गर्ग रजत सिंगल दिव्यांश राकेश बहाल मनोज शर्मा नितिन गोयल गीता चौधरी सोनिया त्यागी आदि उपस्थित रहे।



# जेवर एयरपोर्ट उद्‌घाटन कार्यक्रम को लेकर बैठक संपन्न लोगों से किया अधिक से अधिक संख्या में पहुंचाने का आह्वान



**गाजियाबाद।** 28 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जेवर एयरपोर्ट का उद्‌घाटन करेंगे जिसके लिए मंडल स्तर पर भाजपा पदाधिकारियों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी क्रम में गाजियाबाद शहर मंडल में भाजपा कार्यालय पर एक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने सभी कार्यकताओं एवं सम्मानित नागरिकों से आह्वान किया कि अधिक से अधिक संख्या में बसों के माध्यम से कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर प्रधानमंत्री मोदी के उद्बोधन को सुनें और इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनें।

बैठक में मुख्य रूप से सांसद अतुल गर्ग, शहर विधायक संजीव शर्मा, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल क्षेत्रीय महामंत्री विकास अग्रवाल, पूर्व क्षेत्रीय अनिल सिंह खेड़ा, महानगर मंत्री प्रदीप चौहान वाल्मिकी,महानगर उपाध्यक्ष भानू सिसौदिया आदि उपस्थित रहे।

# दबंगों का दो युवकों पर जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** बाइक का हॉर्न बजा कर गाड़ी हटाने को कहना दो युवकों को भारी पड़ गया। पास में मौजूद एक घर में से निकले कुछ दबंगों ने बाइक सवारों पर हमला कर दिया और जमकर कुटाई कर दी। जिसमें सलमान और फरमान दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें पुलिस द्वारा प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चांदपुर में भर्ती कराया गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार हीमपुर दीपा थाने में तहरीर देकर सलमान और फरमान ने बताया कि वह बाइक पर कुछ सामान रख कर ला रहे थे। वहीं रास्ते में खड़ी गाड़ी को हटाने के लिए जब उन्होंने हॉर्न दिया, तो कार सवार के बजाय पास में ही स्थित एक घर से कुछ दबंग बाहर निकाल कर आए और उनके साथ मारपीट कर दी। जिससे वह घायल हो गए और उन्हें गंभीर चोट आई है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेते हुए दोनों भाइयों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्याऊ उपचार के लिए भेज दिया।



# स्टिंग एनर्जी ड्रिंक की 214 पेटी चुराने वाले चालक व परिचालक को पुलिस ने दबोचा

**गाजियाबाद।** एनर्जी ड्रिंक स्टिंग की पेटी चोरी करने के आरोपी दो युवकों को थाना मसूरी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार गुरुग्राम की कंपनी इंटीग्रेटेड लॉजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजर नरेश सिंह ने इस संबंध में थाना मसूरी पर एक तहरीर दी थी। तहरीर में नरेश सिंह ने बताया था कि की 16 मार्च को कंपनी के ड्राइवर और क्लीनर आदिल ने ट्रक में सूरजपुर के लिए 3070 पेटी एनर्जी ड्रिंक की लोड की थी। रास्ते में दोनों ने 214 पेटी गायब कर ली और ट्रक को मसूरी थाना क्षेत्र में छोड़कर फरार हो गए थे। तहरीर के आधार पर कार्रवाई करते हुए ट्रक पर लगे जीपीएस के जरिए ट्रक लोकेशन पता कर उसे बरामद कर लिया गया।

उसके बाद मुखबिर की सूचना के आधार पर चोरी की वारदात को अंजाम देने के आरोपी अब्दुल्ला और उसके साथी आदिल को एक खंडहर के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। उनकी निशानद. ेही पर 39 पेटी स्टिंग एनर्जी कोल्ड ड्रिंक भी बरामद कर ली गई। पूछताछ में मुख्य आरोपी ने बताया कि वह 3 महीने पहले कंपनी में बतौर ड्राइवर भर्ती हुआ था। 16 मार्च को जब कोल्डिंग की 3070 पेटी ट्रक में लोड की गई तो रास्ते में उनके मन में लालच आ गया और उन्होंने ट्रक से 175 पेटीएम निकाल कर होटल व ढाबे वाले को बेच दी थीं। इसके बाद उन्होंने ट्रक से 39 पेटी निकाल कर एक खंडहर में छुपा कर रख दी थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।



# ट्रांसफार्मर से कीमती सामान चुराने के दो आरोपियों को पुलिस ने दबोचा

**गाजियाबाद।** ट्रांसफार्मर से कीमती उपकरण चोरी करने के दो आरोपियों को थाना निवाड़ी पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। आरोप है कि फिरोज पुत्र इस्लामुद्दीन निवासी मेरठ और जान मोहम्मद पुत्र अब्दुल गनी निवासी मेरठ सुनसान इलाकों में रखे ट्रांसफार्मर से कीमती उपकरण चुराते थे। पुलिस ने दोनों को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया है कि वह अपने साथी शाहरुख के साथ मिलकर पहले गाड़ी से घूम कर ऐसे ट्रांसफार्मर चिन्हित करते थे जो सुनसान रास्ते या खेतों में ट्यूबवेल पर रखे होते हैं। इसके बाद रात में मौका देखकर वह ट्रांसफार्मर को गिरा देते थे और उसमें से कीमती सामान चोरी कर कबाड़ियों को बेच देते थे।

पुलिस का कहना है कि जब उन्हें गिरफ्तार किया गया तब भी वे शाहरुख के साथ मिलकर किसी ट्रांसफार्मर को चोरी करने की योजना बना रहे थे, पुलिस ने फिरोज और जान मोहम्मद को तो गिरफ्तार कर लिया, लेकिन उनका साथी शाहरुख फरार हो गया। आरोपियों की कब्जे से 2 अवैध तमंचे, 2 जिंदा कारतूस, ट्रांसफार्मर चोरी करने के उपकरण और वारदात में इस्तेमाल किए जाने वाली कर भी बरामद की है।




### एनएसएस इकाई के स्वयंसेवकों ने

# मलिन बस्तियों के बच्चों को पढ़ाया साक्षरता का पाठ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** मोहन नगर स्थित आई.टी.एस. (स्नातक परिसर) की एन.एस.एस. इकाई द्वारा सात दिवसीय शिविर के पाँचवें दिन कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमित शर्मा के नेतृत्व में किया गया। स्वयंसेवकों द्वारा वसुंधरा सेक्टर-6 के आसपास की मलिन बस्तियों में आर्थिक रूप से पिछड़े एवं गरीब बच्चों के लिए सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत खेल-खेल में मनोरंजक तरीकों से शिक्षण-प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही खाद्य सामग्री का वितरण भी किया गया।

प्राय: देखा जाता है कि युवाओं को गाँव एवं मलिन बस्तियों की समस्याओं की जानकारी नहीं होती। एन.एस.एस. शिविर के माध्यम से छात्रों की मानसिक चेतना को जागृत करने तथा गाँव और मलिन बस्तियों में रहने वाले लोगों के साथ संपर्क स्थापित कर उन्हें जीवन की वास्तविकताओं से अवगत कराया गया, जिससे उनकी सामाजिक सोच में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। आईटीएस की प्राचार्या डॉ. नैंसी शर्मा (स्नातक परिसर) ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों को अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को सदैव स्वयं से ऊपर रखना चाहिए। छात्रों का पहला कर्तव्य केवल अध्ययन तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उन्हें समाज सेवा के लिए स्वयं को तैयार करना चाहिए, क्योंकि यही राष्ट्र निर्माण का सशक्त आधार है। कार्यक्रम में संस्थान के शिक्षक एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे, जिनमें डॉ. अमित शर्मा, विकास त्यागी, डॉ. संदीप गर्ग, प्रो. विकास कुमार, प्रो. आदिल खान, डॉ. अनुभा श्रीवास्तव, डॉ. नीरज कुमार जैन, प्रो. प्रशांत त्यागी सहित बीबीए एवं बीसीए पाठ्यक्रमों के लगभग 100 छात्रों ने सहभागिता की।



# एलपीजी सिलेंडरों के अवैध भंडारण व रिफिलिंग से जुड़े रैकेट का भंडाफोड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने रनहोला इलाके में एलपीजी सिलेंडरों के अवैध भंडारण और रिफिलिंग से जुड़े रैकेट का भंडाफोड़ कर एक आरोपी को पकड़ा है।पुलिस ने कुल 459 खाली गैस सिलेंडर बरामद किए है।

दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध) हर्ष इंदौरा ने बताया कि एसीपी राजकुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर प्रदीप के नेतृत्व में अपराध शाखा की टीम को बाहरी जिले के रनहोला इलाके में एलपीजी सिलेंडरों की जमाखोरी के बारे में विशिष्ट और विश्वसनीय गुप्त सूचना मिली। उक्त सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए, गैस एजेंसी, निथोली रोड, गांव-रनहोला में एक सुनियोजित छापा मारा गया। वहां गैस एजेंसी का मालिक सुशील कुमार सिंघल एलपीजी सिलेंडरों की अवैध जमाखोरी में सक्रिय रूप से लिप्त पाया गया। खाद्य आपूर्ति अधिकारी जग प्रवेश को तुरंत मौके पर बुलाया गया।उन्होंने वहां पहुंचकर नियमों और प्रक्रियाओं के अनुसार आवश्यक कार्रवाई कर छापेमारी के दौरान कुल 459 खाली कमर्शियल सिलेंडर बरामद किए गए हैं।पुलिस ने बताया कि आरोपी, सुशील एक एलपीजी गैस एजेंसी का मालिक है, ने अपनी स्थिति और स्टॉक पर अपने नियंत्रण का दुरुपयोग करते हुए एलपीजी सिलेंडरों की अवैध जमाखोरी और कालाबाजारी की। निर्धारित नियमों और विनियमों का पालन करने के बजाय, उसने बिना किसी कानूनी अनुमति के, अपनी एजेंसी परिसर के भीतर बड़ी संख्या में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों को गुपचुप तरीके से जमा कर लिया। गैस आपूर्ति में मौजूदा व्यवधान और उसके परिणामस्वरूप मांग-आपूर्ति में आए अंतर का फायदा उठाते हुए, आरोपी ने जानबूझकर सिलेंडरों को वैध वितरण चौनलों से रोककर एक कृत्रिम कमी पैदा की।जमा किए गए सिलेंडरों को गलत तरीके से मुनाफा कमाने के लिए खुले बाजार में बढ़ी हुई कीमतों पर बेचने का इरादा था। इस अवैध स्टॉक को नियमित व्यावसायिक इन्वेंट्री (माल-सूची) की आड़ में रखा गया था।

## चाकू गोदकर मार डाला चार नाबालिग पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नरेला औद्योगिक क्षेत्र इलाके में जनवरी महीने में एक युवक की चाकू गोदकर हत्या करने वाले चार नाबालिगों को पकड़ा है। जिनके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल चाकू भी जब्त कर लिये हैं।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 28 जनवरी को,पुलिस को बवाना सेक्टर-5 डीएसआईआईडीसी इलाके में स्थित यूईआर-2 के पास एक शव पड़े होने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। शव के गले पर धारदार हथियार से वार किया हुआ था। जिसकी पहचान होलंबी खुर्द के रहने वाले 23 साल के विक्की के रूप में हुई। विक्की के पिता रघुबीर सिंह के बयान के आधार पर एक मामला दर्ज किया गया। एसीपी राकेश कुमार की देखरेख में एसएचओ मनोज कुमार के निर्देशन में पुलिस टीम को आरोपियों को पकडने का जिम्मा सौंपा गया। पुलिस टीम को पता चला कि विक्की 26 जनवरी से लापता था। पुलिस ने विक्की के मोबाइल फोन की जांच की। उसके दोस्तों से पूछताछ की। सैंकड़ों सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और वारदात वाले समय के मोबाइल फोन का डंप डाटा निकाला गया। कई संदिग्धों पर नजर रखी गई। पुख्ता जानकारी के बाद चार नाबालिगों को उनके ठिकानों पर छापेमारी करके पकड़ लिया। पूछताछ करने पर पता चला कि

विक्की पहले नाबालिगों में से एक के साथ गाली गलौच कर चुका था। दोनों तरफ से तू तू मैं मैं भी हुई थी। इसी का बदला लेने के लिये नाबा. लिग ने अपने नाबालिग दोस्तों को मामले की जानकारी दी थी। उसको सबक सीखाने के लिये पहले चाकू का इंतजाम किया और जब वह अकेला दिखाई दिया। उसपर चाकू से हमला करके उसकी हत्या कर दी थी।

## करवट लेगा मौसम, धूल भरी आंधी व हल्की वर्षा की संभावना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली का मौसम फिर करवट ले सकता है। दिन भर बादल छाए रह सकते हैं । गर्जन वाले बादल बनने, बिजली चमकने एवं 20 से 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार वाली हवा के साथ धूल भरी आंधी और हल्की वर्षा होने के भी आसार है। न्यूनतम तापमान 18 डिग्री जबकि अधिकतम 34 डिग्री रहने की संभावना है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार श्इस मार्च में असामान्य वर्षा देखी गई है। आमतौर पर इस महीने में मानसून से पहले की छिटपुट बौछारें ही होती हैं, लेकिन इस बार कई बार वर्षा हुई है। इसका कारण पश्चिमी विक्षोभ की एक श्रृंखला है, जिनमें से एक 15 मार्च से सक्रिय है और सामान्य से कम ऊंचाई पर आ रहा है। उन्होंने आगे कहा कि एक अन्य पश्चिमी विक्षोभ ने मध्य पाकिस्तान और उत्तर-पश्चिमी राजस्थान और पश्चिमी हरियाणा के आसपास के हिस्सों में चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बनाया है। इसके परिणामस्वरूप ही दिल्ली के कुछ हिस्सों में तेज हवाएं, हल्की वर्षा और धूल भरी आंधी आने की संभावना है। हालांकि इस प्रणाली का तापमान पर तत्काल कोई खास असर नहीं पड़ेगा, लेकिन महीने के अंत तक इसका अधिक स्पष्ट प्रभाव देखने को मिलेगा।

मौसम के पूर्वानुमान के बारे में कहा कि महीने के अंत तक बारिश होने की संभावना है। "29 से 31 मार्च के बीच देश के बड़े हिस्से में व्यापक वर्षा होने की संभावना है। इस लंबे समय तक चलने वाली वर्षा से तापमान में गिरावट आने की उम्मीद है और मार्च के अंत तक दिन का तापमान 20 डिग्री सेल्सियस के मध्य तक पहुंचने की संभावना है।

## वीर नारियों को सम्मानित किया

**नई दिल्ली।** भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की कल्याणकारी संस्था हिमवीर वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन (हावा) द्वारा दिल्ली के आईटीबीपी मुख्यालय में बल की वीर नारियों को सम्मानित करने के लिये एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर भारती कपूर, चेयरपर्सन 'हावा' ने वीर नारियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में डॉ मंदिरा गुंज्याल, उपाध्यक्षा 'हावा' सहित 'हावा' की अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सदस्याएं उपस्थित रहीं। उन्होंने वीर नारियों से संवाद कर उनका कुशलक्षेम जाना। भारती कपूर ने कहा कि 'हावा' आईटीबीपी परिवारों के कल्याण के लिए समर्पित संस्था है, जो बल के परिवारों एवं उनके बच्चों के सर्वांगीण विकास में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि वीर नारियां साहस, त्याग और धैर्य की प्रतीक हैं तथा हम सभी को उन पर गर्व है।

## जेएनयू में मिली 246 फैकल्टी सदस्यों को सीएएस प्रोन्नति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) ने कॅरिअर एडवांसमेंट स्कीम (सीएएस) के तहत वर्ष 2022 के फरवरी से लेकर वर्ष 2026 के फरवरी महीने तक 246 फैकल्टी सदस्यों को प्रोन्नति की मंजूरी दी है। 219 पदों को भरा गया जबकि 400 से अधिक भर्ती इंटरव्यू आयोजित किए गए।

यह जानकारी देर रात को जेएनयू प्रशासन ने अपने अधिकारिक सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर साझा की। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार - वर्ष 2006 से लंबित बैकलॉग को दूर करने के लिए यह विशेष अभियान चलाया गया। फैकल्टी सदस्यों को उनके आवेदनों में मौजूद कमियों के बारे में समय-समय पर सूचित किया गया। जिससे प्रमोशन प्रक्रिया को पारदर्शी और तेज बनाया जा सके। प्रशासन का दावा है कि वर्तमान नेतृत्व जो देश की पहली महिला ओबीसी कुलगुरु में से एक है ने ओबीसी, एससी और एसटी वर्गों में अधिकतम भर्ती सुनिश्चित कर विश्वविद्यालय को अधिक समावेशी और विविधतापूर्ण बनाया।

यह पहल न केवल लंबित मामलों के समाधान की दिशा में अहम कदम है बल्कि उच्च शिक्षा संस्थानों में सामाजिक न्याय और प्रतिनिधित्व को भी मजबूत करती है। फरवरी 2022 से फरवरी 2026 के बीच जेएनयू में कुल 219 पदों को स्वीकृति दी गई है।



**विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता अर्श गुरुकुल, टटेसर (जौंती) में पुनरागमन संस्कार एवं नवीन यज्ञशाला व छात्रावास के उद्घाटन अवसर पर।**

## दो हजार नहीं देने पर गला रेतकर कर दी हत्या, 3 पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बवाना इलाके में बीती रात दो हजार रुपये देने से मना करने पर एक फैक्टरी कर्मचारी की गला रेतकर हत्या कर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज करके तीन नाबालिगों को उनके ठिकानों पर से पकड़ा है,जिनके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल चाकू भी जब्त कर लिया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बुधवार रात बवाना पुलिस को एम ब्लॉक पार्क,बवाना सेक्टर-3 इलाके में युवक प्रमोद को चाकू मारने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। खून से लथपथ हालत में पड़े प्रमोद को तुरंत नजदीक के महर्षि वाल्मिकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान उसके दोस्त मुनीश अली ने की। जिसने पुलिस को बताया कि दोनों फैक्टरी में नौकरी करते हैं। वह प्रमोद के साथ ही रहता है। जब वे दोनों साथ में घर लौट रहे थे, तो तीन अज्ञात व्यक्ति उनके पास आए और उनसे दो हजार रुपये की मांग की। मना करने पर, आरोपियों और उनके दोस्त प्रमोद के बीच कहा-सुनी हो गई, जिसके दौरान हमलावरों में से एक ने अपनी जेब से चाकू निकाला और प्रमोद की गर्दन पर वार कर दिया। तीनों वारदात के बाद अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए थे। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया। एसीपी सुनील कुमार की देखरेख में आईपीएस गौरव सिंह के निर्देशन में पुलिस टीम ने वारदात वाली जगह से क्राइम और फॉरेंसिक टीम की मदद से सबूत इक्ट्ठा किये। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और ह्यूमैन सॉर्स की सहायता ली। कुछ संदिग्धों से भी पूछताछ की। एक पुख्ता जानकारी के बाद तीन नाबा. लिगों को उनके ठिकानों पर छापेमारी करके पकड़ा और वारदात में इस्तेमाल चाकू भी जब्त कर लिया।

## प्रदूषण से राहत, 2025 में कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन की रफ्तार धीमी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत की पर्यावरण सुरक्षा और स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में एक बड़ी खबर सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार, साल 2025 में भारत के कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में मात्र 0.7% की बढ़ोतरी हुई है। कोरोना काल (2020) को छोड़ दें, तो यह पिछले 24 सालों में उत्सर्जन बढ़ने की सबसे धीमी रफ्तार है। सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर (ब्त्म्।) के नए विश्लेषण से पता चलता है कि भारत अब प्रदूषण कम करने के एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। इस सकारात्मक बदलाव का सबसे बड़ा कारण बिजली क्षेत्र में सुधार है। बिजली पैदा करने के दौरान होने वाले उत्सर्जन में 3.8% की कमी आई है।

## विजेंद्र गुप्ता ने अर्श गुरुकुल, टटेसर में पुनरागमन संस्कार का किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधान सभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने अर्श गुरुकुल, टटेसर(जौंती) में आयोजित 'समवर्तन संस्कार' (दीक्षांत समारोह) तथा नवनिर्मित 'यज्ञशाला एवं छात्रावास' का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित आचार्यगण, विद्वतजनों, गुरुकुल परिवार, मातृशक्ति एवं ब्रह्मचा. रियों को संबोधित करते हुए भारतीय संस्कृति एवं गुरुकुल परंपरा के महत्व को रेखांकित किया।

अपने संबोधन में अध्यक्ष ने कहा कि यह दिन न केवल गुरुकुल परिवार के लिए, बल्कि संपूर्ण सनातन संस्कृति और भारतीय शिक्षा पद्धति के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि आधुनिकता की अंधी दौड़ में जब समाज अपनी जड़ों से दूर होता जा रहा है, ऐसे समय में अर्श गुरुकुल, टटेसर (जौंती) जैसे संस्थान भारतीय संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन में प्रकाश स्तंभ की भूमिका निभा रहे हैं।

गुप्ता ने गुरुकुल परिसर, गौशाला एवं योग साधना का उल्लेख करते हुए कहा कि यहाँ का वातावरण भारतीय जीवन दर्शन का सजीव उदाहरण प्रस्तुत करता है।

उन्होंने कहा कि 'शिक्षा' और 'दीक्षा' का वास्तविक संगम केवल गुरुकुलों में ही संभव है, जहाँ विद्यार्थियों को केवल पुस्तक ज्ञान ही नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों और आचरण की भी शिक्षा प्राप्त होती है।समवर्तन संस्कार के अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए श्री गुप्ता ने कहा कि आज दीक्षांत प्राप्त कर जीवन के नए चरण में प्रवेश करने वाले छात्रों के कंधों पर समाज और राष्ट्र के प्रति बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे गुरुकुल में प्राप्त संस्कारों एवं अपने गुरुओं के उपदेशों को जीवन में आत्मसात करें और समाज सेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दें।नव-निर्मित यज्ञशाला के उद्घाटन पर उन्होंने कहा कि यह केवल एक भौतिक संरचना नहीं, बल्कि विचारों की शुद्धि और 'इदं न मम' की भावना को सुदृढ़ करने का केंद्र है, जो समाज कल्याण की भावना को प्रोत्साहित करता है। साथ ही, नए छात्रावास के निर्माण से दूरदराज क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध होंगी, जिससे वे शिक्षा प्राप्त करने में अधिक सक्षम बनेंगे।

विधानसभा अध्यक्ष ने महर्षि सांद. ीपनि राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान से संबद्ध इस संस्थान द्वारा वेद ज्ञान के प्रसार हेतु किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने आचार्य जितेंद्र जी एवं समस्त गुरुकुल परिवार को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि ऐसे संस्थान संस्कारवान एवं उत्तरदायी नागरिकों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।अंत में, विजेंद्र गुप्ता ने दीक्षांत प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

## 'खेतरी यमुना में नहीं, प्रोसेसिंग यूनिट में लाएं' : प्रवेश साहिब सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने परिवार सहित झंडेवालान मंदिर में मां झंडेवाली के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने दिल्लीवासियों के नाम एक भावनात्मक संदेश साझा करते हुए आस्था के साथ जिम्मेदारी निभाने की अपील की।

नवरात्रि के दौरान बोई गई खेतरी को श्रद्धा, परंपरा और व्यक्तिगत मेहनत का प्रतीक बताते हुए उन्होंने सभी से एक विनम्र आग्रह किया।उन्होंने कहा कि "माता रानी की कृपा से हम सब खेतरी उगाते हैंङ्क इसमें हमारी आस्था, मेहनत और भावनाएँ जुड़ी होती हैं। लेकिन मैं एक छोटा सा निवेदन करना चाहता हूंङ्क कृपया बीजी हुई खेतरी को यमुना नदी में प्रवाहित न करें।" यमुना केवल एक नदी नहीं, बल्कि दिल्ली की जीवन रेखा है और इसे स्वच्छ रखना हम सभी की साझा जिम्मेदारी है।

"यदि आप अपनी खेतरी को सचिवालय के सामने बनी नर्सरी में स्थापित प्रोसेसिंग यूनिट में लाएंगे, तो यही खेतरी खाद बनकर हमारी दिल्ली को हरा-भरा बनाने में काम आएगी। यह एक छोटी सी पहल है, लेकिन इसका प्रभाव बहुत बड़ा होगा," उन्होंने दिल्लीवासियों से अपील की कि इस नवरात्रि आस्था के साथ-साथ पर्यावरण के प्रति भी अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

## पिंक ऑटो: महिलाओं को मिलेगा रोजगार व सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि दिल्ली सरकार 1000 महिलाओं को उनके नाम पर नए ऑटो परमिट देगी। ये 'पिंक ऑटो' महिलाओं द्वारा संचा. लित होंगे, जिससे उन्हें सम्मानजनक रोजगार और आत्मनिर्भरता का अवसर मिलेगा।

इसके अलावा स्वास्थ्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण पहल की घोषणा करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली में जन्म लेने वाले प्रत्येक नवजात शिशु का 56 प्रकार के जेनेटिक डिसऑर्डर की पहचान करने वाला विशेष ब्लड टेस्ट मुफ्त किया जाएगा। यह महंगा टेस्ट सरकार पूरी तरह निशुल्क कराएगी ताकि किसी भी बीमारी का शुरुआती स्तर पर पता चल सके और समय रहते उपचार संभव हो।




**मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता दुर्गा अष्टमी के अवसर पर शालीमार बाग विधानसभा के सरकारी स्कूलों में छात्राओं को साइकिल वितरित करते हुए।**

## दुर्गा अष्टमी पर मुख्यमंत्री ने छात्राओं को साइकिल वितरित की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दुर्गा अष्टमी के अवसर पर शालीमार बाग विधानसभा के सरक. ारी स्कूलों में इस वर्ष 10वीं कक्षा में प्रवेश लेने वाली 1100 छात्राओं को साइकिल वितरित की।

यह कार्यक्रम पीतमपुरा स्थित सर्वोदय विद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। साइकिल प्राप्त कर कई छात्राएं भावुक हो उठीं और उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने बेटियों को 'देवी स्वरूपा' बताते हुए उन्हें नमन किया और कहा कि नवरात्रि केवल पूजा का नहीं, बल्कि बेटियों के सम्मान और उनके सशक्त भविष्य का संकल्प लेने का पर्व है। उन्होंने सभी उपस्थित नागरिकों को नवरात्रि और दुर्गा अष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए 'जय माता दी' के जयकारे के साथ वातावरण को ऊर्जा से भर दिया।

मुख्यमंत्री ने बताया कि हाल ही में प्रस्तुत दिल्ली बजट में उन्होंने बेटियों, बहनों और महिलाओं के लिए अधिकतम योजनाएं शामिल करने का प्रयास किया है ताकि समाज का यह वर्ग सशक्त और आत्मनिर्भर बन सके। मुख्यमंत्री ने भावुक अंदाज में 'लखपति बिटिया योजना' का उल्लेख करते हुए कहा कि अब दिल्ली में जन्म लेने वाली हर बेटी के भविष्य की आर्थिक नींव सरकार खुद रखेगी।

## सौरभ भारद्वाज के बयान को भाजपा ने हास्यास्पद बताया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि आम आदमी पार्टी के दिल्ली संयोजक सौरभ भारद्वाज के प्रेस ब्यान अब दिन पर दिन हास्यास्पद होते जा रहे हैं एवं उनका मकसद दिल्ली वालों के मुद्दे उठाना नहीं केवल खबरों में बना रहना रह गया।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है कि आज सौरभ भारद्वाज ने अपने शातिर अंदाज में दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार के द्वारा 2026-27 के बजट को 'ष्ग्रीन बजटष' कहने पर आपत्ति की है जो ना सिर्फ हास्यास्पद है बल्कि कहीं ना कहीं यह उनकी प्रशानिक एवं राजनीतिक अज्ञानता का भी प्रमाण है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने सौरभ भारद्वाज से पूछा है की हमेशा से दिल्ली की सरकारें दिल्ली के स्वास्थ एवं शिक्षा विभाग पर खर्च करती रहीं पर अरविंद केजरीवाल ने बिना कोई नया स्कूल भवन बनवाये या अस्पताल चालू किए खुद की सरकार के शिक्षा एवं स्वास्थ्य बजटों को हर वर्ष क्रांतिकारी बजट बताते हुए इसका खूब प्रचार किया पर आज जब भाजपा सरकार ने 'हरित बजट' का दावा किया है तो सौरभ भारद्वाज बचकाना विरोध कर रहे हैं।दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है कि हर सरकार में बजट हैड बनाये जाते हैं जिनमें विभिन्न मदों का बजट आवंटित होता है, इसी व्यवस्था आज की दिल्ली सरकार ने भी लोकनिर्माण विभाग एवं दिल्ली नगर निगम की सड़कों के बेहतर रखरखाव के साथ ही आर. आर.टी.एस., ई बसों एवं ई वाहनों के प्रमोशन साथ ही पिंक टिकट जैसे कामों पर होने वाले खर्चों को 'ग्रीन बजट' हेड में रखा है।

## शोभा यात्रा आयोजित की गई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** श्री रामायण सत्संग मंटोला पहाड़गंज 55 द्वारा श्री राम नवमी के उपलक्ष्य में इस वर्ष 60वी शोभा यात्रा आयोजित की गई।

हिंदू समाज के सभी वर्गों का बढ़ चढ़ कर भरपूर योगदान रहता है। सत्संग के अध्यक्ष उमेश ने बताया कि यह एक अति प्राचीन परंपरा के अनुरूप चलने वाली शोभा यात्रा है। शोभा यात्रा संच. ालन महाराजा अग्रसेन मित्र मण्डल दिल्ली द्वारा किया जाता है। मण्डल के महामंत्री रमन सिंहल जी ने बताया कि यह हमारा परम सौभाग्य है कि इक्ष्वाकु वंश में जन्मे प्रभु श्री राम की पवन जन्म नवमी पर हम सेवा में संलग्न होते हैं एवं समस्त सनातन समाज गर्वन्वित महसूस करता है।

## दिल्ली को केवल ट्रांजिट हब के रूप में नहीं बल्कि प्रमुख पर्यटन शहर के रूप में विकसित किया जाएः सूद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने भारतीय वाणिज्य मंडल (आईसीसी) द्वारा द्वितीय आईसीसी एविएशन एवं टूरिज्म समिट 2026 में मुख्य अतिथि के रूप मे भाग लिया। इस कार्यक्रम में आईसीसी टूरिज्म एक्सीलेंस अवॉर्ड्स के द्वारा पर्यटन क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों एवं संस्थानों को सम्मानित भी किया गया।

इस अवसर पर सूद ने अपने संबोधन में कहा की द्वितीय आईसीसी एविएशन एवं टूरिज्म समिट में शामिल होना मेरे लिए अत्यंत गौरव का विषय है। उन्होंने देश-विदेश से आए विशिष्ट अतिथियों, उद्योग जगत के प्रति. निधियों तथा राजधानी दिल्ली के सभी मित्रों का स्वागत किया। सूद ने विशिष्ट अतिथि, नागरिक उड्डयन महानिदेशक, भारत सरकार फैज अहमद किदवई, अमिताभ कांत, डॉ. सुधीर मिश्रा और संजय कुमार वर्मा का हार्दिक स्वागत करते हुए कहा की इस मंच पर उपस्थित सभी विशिष्ट हस्तियों को मैं नमन करता हूँ। इनके कार्यों ने भारत की वैश्विक पहचान को नई ऊंचाइयों तक पहुँचाया है।शिक्षा मंत्री ने आगे कहा की पर्यटन की चर्चा में हम अक्सर गंतव्यों पर ध्यान केंद्रित करते हैं, लेकिन मैं आगमन के अनुभव पर जोर देना चाहता हूँ। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरते ही जो अनुभव मिलता है, वह दिल्ली की आत्मा को दर्शाता है।

उन्होंने आगे कहा की हाल ही में 18 मार्च को आईजीआई को लगातार आठवीं बार भारत और दक्षिण एशिया का सर्वश्रेष्ठ हवाई अड्डा घोषित किया गया, जो केवल दक्षता ही नहीं बल्कि शहर की सांस्कृतिक पहचान का भी प्रतीक है।सूद ने अभी हाल ही में प्रस्तुत दिल्ली के बजट के बारे में बताया की वर्ष 2026-27 के लिए 1,37,000 करोड़ रुपये का बजट एक विकसित राजधानी के निर्माण का रोडमैप है। दिल्ली की अर्थव्यवस्था 8.53% की दर से बढ़ रही है, जो राष्ट्रीय औसत से अधिक है।सूद ने कहा की हम दिल्ली में अपनी प्राथमिकताओं के अनुरूप निवेश कर रहे हैं। पूंजीगत व्यय बढ़ाकर 32,000 करोड़ रुपये किया गया है, जिससे सड़कों, यातायात व्यवस्था और सार्वजनिक स्थानों का व्यापक विकास किया जाएगा। किसी भी शहर की पहली छवि उसकी सड़कों से बनती है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए दिल्ली सरकार ने इस वर्ष के बजट में 12,613 करोड़ रुपये परिवहन एवं अवसंरचना के लिए आवंटित किए हैं। साथ ही 750 किलोमीटर सड़कों का व्यापक पुनर्विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा की दिल्ली में विकास के कार्यों में हम मरम्मत तक सीमित नहीं हैं, बल्कि समग्र वॉल-टू-वॉल पुनर्विकास पर काम कर रहे हैं।

## लंदन जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट बीच सफर में हुई डायवर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बृहस्पतिवार को दिल्ली से लंदन जा रही एअर इंडिया की उड़ान संख्या एआइ111 को तकनीकी खराबी के संदेह में बीच रास्ते से वापस दिल्ली लौटना पड़ा। पिछले एक सप्ताह के भीतर यह दूसरी ऐसी घटना है जब किसी अंतरराष्ट्रीय विमान को बीच सफर से यू-टर्न लेना पड़ा है।

बृहस्पतिवार सुबह करीब 6:30 बजे आईजीआई एयरपोर्ट से लंदन के लिए रवाना हुई उड़ान ने जैसे ही सऊदी अरब के हवाई क्षेत्र में प्रवेश किया, पायलटों को विमान में कुछ संदिग्ध तकनीकी आवाजें महसूस हुईं। सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए विमान को तुरंत वापस मोड़ने का निर्णय लिया गया। लगभग सात घंटे की उड़ान के बाद दोपहर करीब 12:30 बजे विमान सुरक्षित रूप से वापस दिल्ली उतरा। एअर इंडिया का कहना है कि विमान की गहन तकनीकी जांच की जा रही है। यात्रियों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है और उन्हें वैकल्पिक उड़ानों से भेजने की व्यवस्था की जा रही है।

इस घटना ने ठीक एक सप्ताह पहले, 19 मार्च को हुई उस घटना की यादें ताजा कर दीं, जब दिल्ली से वैंकूवर (कनाडा) जा रही उड़ान एआइ185 को चीन के हवाई क्षेत्र से वापस दिल्ली बुलाया गया था। हालांकि उस समय वजह तकनीकी नहीं, बल्कि प्रशास. निक चूक थी। एअर इंडिया ने गलती से वह विमान भेज दिया था, जिसे कनाडा के हवाई क्षेत्र में उड़ान भरने की अनुमति नहीं थी।

# गैस की किल्लत से बाजार में इलेक्ट्रिक चूल्हों की कमी, बढ़ी कीमत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शहर में रसोई गैस सिलेंडर की कमी ने आम लोगों की रसोई व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित कर दी है। गैस एजेंसियों पर लंबी-लंबी कतारों में घंटों खड़े रहने के बावजूद सिलेंडर नहीं मिलने से कई घरों में चूल्हे ठंडे पड़ गए हैं। मजबूरी में लोगों ने वैकल्पिक साधनों की ओर रुख करना शुरू कर दिया है, जिसके चलते इलेक्ट्रिक चूल्हों की मांग अचानक बढ़ गई है। मांग बढ़ने से बाजार में इनकी कमी भी होने लगी है और कीमतों में करीब 20 प्रतिशत तक उछाल आ गया है।



स्थिति यह है कि जो इलेक्ट्रिक चूल्हा पहले करीब 1500 रुपये में मिल जाता था, अब वही 2500 से 2600 रुपये तक में बिक रहा है। दूसरी ओर विकल्प के तौर पर खरीदा जा रहा उपकरण भी महंगा हो गया है। गैस एजेंसियों के बाहर सुबह से ही लोगों की भीड़ देखी जा रही है। कई उपभोक्ताओं ने बताया कि वे कई दिनों से सिलेंडर लेने के लिए लाइन में लग रहे हैं, लेकिन हर बार निराश होकर लौटना पड़ रहा है। मोदीनगर रोड स्थित लक्ष्मी रेडियो के संच. ालक ने बताया कि गैस की कमी का सीधा असर उनके कारोबार पर भी पड़ा है, लेकिन मांग के अनुपात में माल उपलब्ध नहीं हो पा रहा। उन्होंने कहा, पिछले कुछ दिनों से अचानक इलेक्ट्रिक चूल्हों की बिक्री कई गुना बढ़ गई है। पहले जो चूल्हा 1500 रुपये का बिकता था, वही अब 2500 से 2600 रुपये तक पहुंच गया है। अगर गैस की समस्या जल्द दूर नहीं हुई तो कीमतें और बढ़ सकती हैं। ग्राहकों ने भी अपनी परेशानी साझा की। एक महिला उपभोक्ता ने बताया कि छोटे बच्चों के कारण खाना बनाना जरूरी है, इसलिए मजबूरी में इलेक्ट्रिक चूल्हा खरीदना पड़ा। एक अन्य ग्राहक ने बताया कि बिजली का खर्च भी बढ़ेगा, लेकिन कोई दूसरा विकल्प नहीं बचा है। उन्होंने कहा कि गैस की कमी ने घरेलू बजट पूरी तरह बिगाड़ दिया है। व्यापारियों का कहना है कि यदि गैस सिलेंडर की आपूर्ति जल्द सामान्य नहीं हुई तो इलेक्ट्रिक उपकरणों की मांग और कीमतें दोनों बढ़ सकती हैं। फिलहाल शहर में गैस की किल्लत ने आम लोगों की दिनचर्या पर गहरा असर डाला है और रसोई व्यवस्था संकट में नजर आ रही है।

# टीबी मुक्त भारत की ओर कदम, सिम्स ने ग्रामीणों को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** विश्व क्षय रोग दिवस 2026 के अवसर पर सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ (SIMS), पिलखुवा के साम. ुदायिक चिकित्सा विभाग द्वारा व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। मुकिमपुर गांव और संस्थान के ओपीडी परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में मेडिकल कैंप, स्वास्थ्य परामर्श और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को टीबी के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम इस वर्ष की वैश्विक थीम हाँ! हम टीबी को समाप्त कर सकते हैं। देशों के नेतृत्व में, लोगों की शक्ति से के अनुरूप आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य आम जनता को क्षय रोग के लक्षणों की पहचान, समय पर जांच, पूर्ण उपचार और इस बीमारी से जुड़े सामाजिक कलंक को दूर करने के प्रति जागरूक करना था। सामुदायिक चिकित्सा विभागाध्यक्ष डा. (ब्रिग) विनीत रस्तोगी के मार्गदर्शन में आयोजित इस अभियान का नेतृत्व टीबी नोडल अधिकारी डा. विनय कुमार और सीनियर रेजिडेंट डा. सिनीश टी. वी. ने किया। कार्यक्रम में फैकल्टी सदस्यों, रेजिडेंट डॉक्टरों और एमबीबीएस छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुकिमपुर गांव में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों की सामान्य स्वास्थ्य जांच की गई तथा टीबी के लक्षण, जांच और उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भागीदारी से संभावित रोगियों की पहचान और उन्हें समय पर चिकित्सा परामर्श देना संभव हो सका। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी लोगों को टीबी के प्रति जागरूक किया गया। इस अभियान के सफल संचालन में डा. अरशद, डा. सानोजा श्रेया, डा. धर्मेंद्र सिंह और डा. ललित के साथ-साथ सामाजिक कार्यकर्ता मनोज, भूप सिंह और इरफान का विशेष योगदान रहा। विशेषज्ञों ने कहा कि जागरूकता और समय पर उपचार ही इस बीमारी को जड़ से खत्म करने का सबसे प्रभावी तरीका है।



# चिप संकट का ग्राहकों की जेब पर असर, कीमतों में भारी उछाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में रेम और रोम चिप्स की मांग अचानक बढ़ने और आपूर्ति घटने के कारण इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की कीमतों में तेज उछाल आ गया है। इसका सीधा असर मोबाइल फोन, लैपटॉप, टैबलेट और कार के डिजिटल सिस्टम तक पर पड़ रहा है। शहर के बाजारों में पिछले कुछ हफ्तों के दौरान मोबाइल फोन की कीमतों में 20 से 30 प्रतिशत तक बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिससे ग्राहकों की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है और बिक्री भी प्रभावित हुई है।

व्यापारियों के अनुसार जिन मोबाइल फोन की कीमत पहले करीब आठ हजार रुपये थी, वे अब 11 से 12 हजार रुपये तक पहुंच गए हैं। वहीं 8 हजार से 30 हजार रुपये की रेंज वाले अधिकांश स्मार्टफोन 20 से 30 प्रतिशत तक महंगे हो चुके हैं। मध्यम वर्ग के ग्राहकों की पसंद वाले फोन पर सबसे ज्यादा असर देखने को मिल रहा है, जिसके कारण खरीदारी का माहौल ठंडा पड़ गया है। बाजार के जानकार बताते हैं कि मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में इस्तेमाल होने वाली मेमोरी चिप्स (रेम और रोम) का उत्पादन सीमित होने और वैश्विक स्तर पर मांग बढ़ने से कंपनियों की लागत बढ़ गई है। उन्होंने कहा, पहले ग्राहक तय बजट लेकर दुकान पर आता था और तुरंत मोबाइल खरीद लेता था, लेकिन अब दाम सुनते ही वह चौंक जाता है। बिक्री घटने से कारोबार पर सीधा असर पड़ा है और बाजार में रौनक कम हो गई है। ग्राहकों ने भी महंगाई पर चिंता जताई है। एक ग्राहक ने बताया कि उन्होंने कुछ समय पहले 20 हजार रुपये में मोबाइल खरीदा था, लेकिन वही मॉडल दोबारा लेने आए तो उसकी कीमत करीब 28 हजार रुपये बताई गई। व्यापारियों का कहना है कि यदि अंतरराष्ट्रीय बाजार में चिप्स की आपूर्ति सामान्य नहीं हुई तो आने वाले समय में कीमतों में और बढ़ोतरी हो सकती है। फिलहाल मोबाइल बाजार में ग्राहकों की संख्या घटी है।



# सरकारी राशन पर हाथ साफ करने की कोशिश नाकाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** कोतवाली क्षेत्र के मोदीनगर रोड पर बुधवार देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में एफसीआई के चावल से भरे ट्रक से बोरे उतारे जा रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस को देख मौके पर मौजूद लोग अफरातफरी में सात बोरे सड़क किनारे छोड़कर फरार हो गए। मामले की सूचना मिलने पर जिला पूर्ति विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची और बरामद बोरो को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।



जानकारी के अनुसार रात करीब 10 बजे मोदीनगर रोड स्थित पेपर मिल के सामने खाद्यान्न से लदा एक ट्रक आकर रुका। स्थानीय लोगों ने देखा कि कुछ व्यक्ति ट्रक से चावल के बोरे नीचे उतार रहे हैं, जिस पर उन्हें शक हुआ और पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस टीम के पहुंचते ही वहां मौजूद लोग हड़बड़ा गए और बोरे वहीं छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गए। पुलिस ने मौके से सात बोरे बरामद किए, जिन पर भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) की मोहर लगी हुई बताई जा रही है। आशंका जताई जा रही है कि सरकारी खाद्यान्न की चोरी कर उसे अवैध रूप से खपाने की तैयारी की जा रही थी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद पांडे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। सूचना मिलते ही जिला पूर्ति विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। टीम ने बरामद खाद्यान्न को अपने कब्जे में लेकर उसके स्रोत और गंतव्य की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों के अनुसार यह पता लगाया जा रहा है कि ट्रक कहां से आया था और सरकारी चावल को कहां उतारने की योजना थी। उल्लेखनीय है कि मोदीनगर रोड पर हाल के दिनों में एफसीआई के खाद्यान्न की चोरी की एक और घटना सामने आ चुकी है, जिसमें रिपोर्ट दर्ज कर जांच चल रही है। ताजा मामले को भी उसी कड़ी से जोड़कर देखा जा रहा है। जिला पूर्ति अधिकारी डा. सीमा सिंह ने बताया कि विभागीय टीम को मौके पर भेजकर बोरो की जांच कराई जा रही है। ट्रक और उससे जुड़े लोगों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मनोज वाल्मीकि ने उठाया सफाई कर्मचारियों का मुद्दा, दिखाई सक्रियता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सफाई कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर उत्तर प्रदेश राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य एवं वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज वाल्मीकि ने राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग, भारत सरकार के उपाध्यक्ष हरदीप सिंह गिल से शिष्टाचार भेंट कर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान उन्होंने उत्तर प्रदेश में कार्यरत सफाई कर्मचारियों की लंबित समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए उनके शीघ्र समाधान की मांग की।

उपाध्यक्ष हरदीप सिंह गिल ने समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों से तत्काल फोन पर बातचीत की और कुछ मामलों का मौके पर ही समाधान कराने का प्रयास किया। साथ ही शेष लंबित मुद्दों को भी जल्द निस्तारित कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों के हितों की अनदेखी नहीं होने दी जाएगी और उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया जाएगा। भेंट के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज वाल्मीकि ने उपाध्यक्ष का पारंपरिक तरीके से सम्मान किया। उन्होंने उन्हें भगवान महर्षि वाल्मीकि का चित्र भेंट कर पटका पहनाया। इस अवसर पर स्फाई कर्मचारियों के कल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। गौरतलब है कि मनोज वाल्मीकि को उत्तर प्रदेश में वाल्मीकि समाज के प्रमुख नेताओं में गिना जाता है। वह समय-समय पर समाज एवं सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को संबंधित विभागों और अधिकारियों तक पहुंचाकर उनके समाधान का प्रयास करते रहे हैं। इसके अलावा वह राष्ट्रीय स्तर पर भी आयोग के पदाधिकारियों से मिलकर कर्मचारियों के हितों की पैरवी करते रहे हैं। इस मुलाकात से प्रदेश के सफाई कर्मचारियों में उम्मीद जगी है कि लंबे समय से लंबित समस्याओं का जल्द समाधान संभव हो सकेगा।





# रामनवमी पर बनेगा त्रेतायुग जैसा संयोग, विशेष फलदायक रहेगा पूजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हापुड़।** चैत्र शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमी का पर्व इस वर्ष 27 मार्च, शुक्रवार को सर्वार्थसिद्धि योग में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। ज्योतिषीय गणना के अनुसार इस बार वह सभी दिव्य संयोग बन रहे हैं, जिनमें त्रेतायुग में भगवान श्रीराम का जन्म अयोध्या में हुआ था। भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा के अध्यक्ष ज्योतिर्विद पं. के.सी. पाण्डेय 'काशी वाले' ने बताया कि कर्क लग्न, मध्यान्ह काल और अभिजीत मुहूर्त का विशेष संयोग इस दिन बन रहा है, जो श्रीराम जन्मोत्सव पूजन के लिए अत्यंत शुभ माना गया है।

उन्होंने बताया कि नवमी तिथि 26 मार्च को रात्रि 11:49 बजे से प्रारंभ होकर 27 मार्च को प्रात: 10:07 बजे तक रहेगी, जबकि पुनर्वसु नक्षत्र 26 मार्च को अपराह्न 4:19 बजे से प्रारंभ होकर 27 मार्च को अपराह्न 3:24 बजे तक रहेगा। धर्मग्रंथों के अनुसार अष्टमी तिथि से संयुक्त नवमी में व्रत नहीं करना चाहिए, इसलिए 26 मार्च को रामनवमी व्रत मान्य नहीं है। चूंकि 27 मार्च को ही मध्यान्ह काल, पुनर्वसु नक्षत्र, कर्क लग्न और अभिजीत मुहूर्त का संयोग प्राप्त हो रहा है, अत: इसी दिन रामनवमी व्रत एवं पूजन करना श्रेष्ठ रहेगा। ज्योतिर्विदों के अनुसार 27 मार्च को प्रात: 9:21 बजे से दोपहर 12:24 बजे तक मध्यान्ह काल रहेगा, जबकि 11:59 बजे से 12:45 बजे तक अभिजीत मुहूर्त होगा। यह समय भगवान श्रीराम के जन्म पूजन के लिए विशेष फलदायक माना गया है। श्रद्धालु इस अवधि में विधि-विधान से श्रीराम का पूजन, पाठ और आराधना करेंगे। इसी दिन नवरात्रि की नवमी तिथि होने के कारण मां दुर्गा के नवम स्वरूप की पूजा, हवन और कन्या पूजन भी किया जाएगा। श्रद्धालु मां को दूध का भोग लगाकर कन्याओं को भोजन, प्रसाद और उपहार प्रदान करेंगे। नवरात्रि व्रत का पारण दशमी तिथि में किया जाता है, इसलिए व्रत रखने वाले श्रद्धालु 28 मार्च, शनिवार को सूर्योदय के बाद व्रत खोलेंगे। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन श्रद्धा और नियमपूर्वक पूजन करने से भगवान श्रीराम और मां दुर्गा की विशेष कृपा प्राप्त होती है तथा घर-परिवार में सुख, शांति और समृद्धि का वास होता है।

## एक नजर

### बिजली विभाग को चूना लगाने वाले दो चोर गिरफ्तार, चोरी का सामान मिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ नगर पुलिस ने ट्रांसफार्मर का सामान चोरी करने वाले दो शातिर आरोपितों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। थाना हापुड़ नगर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ट्रांसफार्मर से सामान चोरी करने वाले आरोपी आनंद विहार बिजली घर की ओर जाने वाले रास्ते पर मौजूद हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान सुहैल पुत्र मुख्तयार व फारुख पुत्र निजामुद्दीन के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार दोनों के कब्जे से ट्रांसफार्मर का चोरी किया गया सामान बरामद हुआ है। तलाशी के दौरान दोनों आरोपितों के पास से एक-एक अवैध चाकू भी मिला। बरामद चाकुओं के संबंध में थाना हापुड़ नगर में मुकदमा आर्म्स एक्ट के तहत अलग से मामला दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी विनोद पांडेय का कहना है कि आरोपितों से पूछताछ की जा रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि चोरी की अन्य घटनाओं में भी उनका हाथ तो नहीं है। गिरफ्तार आरोपितों को न्यायालय में पेश कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### युवक से लूट करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार, हथियार व बाइक बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** थाना पिलखुवा पुलिस ने क्षेत्र में युवक से हुई लूट की घटना का सफल खुलासा करते हुए चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके कब्जे से लूटी गई नकदी, मोबाइल फोन, जूते, घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा व दो मोटरसाइकिल बरामद की हैं। घटना के बाद से पुलिस लगातार आरोपितों की तलाश में जुटी थी।

थाना पिलखुवा पुलिस ने सुरागरसी और मुखबिर की सूचना के आधार पर बड़ौदा रेलवे फाटक मोड़ के पास घेराबंदी कर चारों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपितों की पहचान अभिषेक पुत्र बालकिशोर उर्फ सुनील निवासी ग्राम कस्तला कासमाबाद, भूपेन्द्र उर्फ लखन पुत्र चन्द्रपाल निवासी कस्तला कासमाबाद, प्रेम पुत्र सुनील निवासी ग्राम निजामपुर तथा लविश पुत्र अनिल निवासी ग्राम निजामपुर के रूप में हुई है। सभी आरोपी थाना पिलखुवा क्षेत्र के रहने वाले हैं। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने उनके कब्जे से लूट के 1000 रुपये नकद, एक वीवो मोबाइल फोन, जूतों की एक जोड़ी, घटना में प्रयुक्त एक अवैध तमंचा मय एक जिंदा कारतूस .315 बोर तथा दो मोटरसाइकिल ख्र होंडा शाइन यूपी 37 जे 4186 और डिस्कवर यूपी 14 बीएक्स 2579 बरामद की हैं। बरामद सामान संबंधित मुकदमा बीएनएस से जुड़ा बताया गया है। थाना प्रभारी का कहना है कि आरोपितों से पूछताछ की जा रही है और यह भी जांच की जा रही है कि उन्होंने क्षेत्र में अन्य वारदातों को भी अंजाम तो नहीं दिया है। गिरफ्तार आरोपितों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई कर उन्हें न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### देवी स्थान मंदिर पर नवरात्रि के पावन पर्व के अंतिम दिवस पर दुर्गा पूजा के साथ हुआ समापन

ihyhHkhrA पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव सबलपुर खास में चल रही नो दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का हुआ समापन नवरात्रि के पावन पर्व पर हनुमत सेवा समिति के श्रद्धालु भक्तों द्वारा सबलपुर खास के देवी स्थान मंदिर पर नव दिवसीय भागवत कथा का आयोजन किया गया था जिसका समापन रामनवमी दुर्गा पूजा एवं विशाल मेले के साथ हुआ। पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव सबलपुर खास में नवरात्रि के अंतिम दिवस पर विशाल दुर्गा पूजा एवं मेले का आयोजन भी श्रद्धालुओं द्वारा किया जाता है जिसमें मुख्य रूप से देवी स्थान मंदिर परिसर के पुजारी महंत बाबा श्याम दास के सानिध्य में दुर्गा पूजा एवं मेला लगता है। इसमें दूर दराज से श्रद्धालु वक्त माता की पूजा करने के लिए प्रसाद चढ़ाने के लिए मंदिर परिसर में आते हैं दुर्गा पूजा पंडित अनुराग दीक्षित निवासी ग्राम बिलहरी के द्वारा पूरे विधि विधान से सम्पन्न कराई जाती हैं। नवरात्रि के पावन पर्व पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा का सुंदर रसपान पंडित राजकिशोर शुक्ला निवासी बंडी के द्वारा भक्तों को कराया जा रहा है। पंडित जी के द्वारा कथा के अष्टम दिवस पर श्री राम विवाह के सुंदर प्रसंग का रसपान श्रद्धालु भक्तों को कराया गया। जिसे सुनकर सभी श्रोता भाव विभोर हो गए। इस अवसर पर हनुमत सेवा समिती के सभी श्रद्धालु भक्त एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# ढाबे पर हमला कर जमीन हड़पने की साजिश नाकाम, दो दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना बाबूगढ़ पुलिस ने जमीन पर कब्जा करने के उद्देश्य से ढाबे में तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाने के मामले का खुलासा करते हुए दो नामजद आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने दोनों को ग्राम रसूलपुर से पकड़कर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार आरोपितों ने जमीन पर अवैध कब्जा करने की मंशा से ढाबे में घुसकर तोड़फोड़ की थी, जिससे वहां काफी नुकसान हुआ था। घटना के बाद पीड़ित पक्ष की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपितों की तलाश की जा रही थी। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही थी। इसी क्रम में थाना बाबूगढ़ पुलिस को सफलता मिली और नामजद व वांछित दोनों आरोपितों को ग्राम रसूलपुर से गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़े गए आरोपितों की पहचान रविन्द्र पुत्र अलवेल तथा सोमपाल पुत्र अलवेल, निवासी ग्राम रसूलपुर, थाना बाबूगढ़, जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। थाना प्रभारी मुनीश प्रताप सिंह का कहना है कि दोनों आरो. पितों से पूछताछ की जा रही है और घटना से जुड़े अन्य तथ्यों की भी जांच की जा रही है। गिरफ्तार आरो. पितों के खिलाफ बीएनएस की धाराओं में मामला दर्ज है और उन्हें न्यायालय में पेश कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# भाकियू लोकहित का शक्ति प्रदर्शन, महिला प्रकोष्ठ में नई टीम घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भारतीय किसान यूनियन लोकहित ने महिला शक्ति को संगठन की मुख्यधारा में लाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए हापुड़ महिला प्रकोष्ठ में महत्वपूर्ण नियुक्तियां की हैं। राष्ट्रीय कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में संगठन ने स्पष्ट संदेश दिया कि अब महिलाओं की भूमिका केवल औपचारिक नहीं, बल्कि निर्णायक होगी।

घोषणा के अनुसार यशोदा यादव को जिला अध्यक्ष, मुन्नी यादव को जिला महासचिव तथा अंजू को जिला उपाध्यक्ष, महिला प्रकोष्ठ हापुड़ नियुक्त किया गया। नई पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपते हुए संगठन नेतृत्व ने उनसे गांव-गांव तक महिलाओं को जोड़ने और उनकी समस्याओं को प्रमुखता से उठाने का आहवान किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी देवेंद्र सिंह बाना ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन लोकहित किसानों, मजदूरों और महिलाओं के अधिकारों की लड़ाई पूरी ताकत से लड़ेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अन्याय, शोषण और भ्रष्टाचार के खिलाफ अब निर्णायक संघर्ष होगा और जरूरत पड़ने पर बड़ा आंदोलन भी किया जाएगा। राष्ट्रीय प्रवक्ता हरीश हूण ने कहा कि देश का किसान और मजदूर आज परेशान है, लेकिन अब चुप बैठने का समय खत्म हो चुका है। कार्यक्रम में दिनेश प्रधान, अंशुल बैसला सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने एकजुट होकर किसानों, मजदूरों और आम जनता के अधिकारों की लड़ाई को और तेज करने का संकल्प लिया।





# सर्वसम्मति से बनी वस्त्र व्यापारी संघ की नई टीम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** जहां सामान्यत चुनावी माहौल में गुटबाजी और खींचतान देखने को मिलती है, वहीं पिलखुवा वस्त्र व्यापारी संघ ने इस बार आपसी सहमति और एकता का अनूठा उदाहरण पेश किया। हर दो वर्ष में होने वाले चुनाव इस बार स्थगित कर दिए गए, लेकिन व्यापारियों ने सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन कर संगठन की मजबूती का संदेश दिया।



सर्वसम्मति से सचिन सिंघल को प्रधान, दीपक राविया को उप प्रधान, अमित गर्ग बोबी को मंत्री, नरेश मित्तल को सह मंत्री तथा प्रंकुल गर्ग को कोषाध्यक्ष चुना गया। इस निर्णय से पूरे व्यापारिक वर्ग में उत्साह और संतोष का माहौल दिखाई दिया। मोदीनगर रोड स्थित अग्रसेन मार्केट चुनाव कार्यालय पर आयोजित भव्य शपथ ग्रहण समारोह में बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे। चुनाव अधिकारी हरीश अग्रवाल ने नवनिर्वाचित पदाधिका. रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई और संगठन के प्रति निष्ठा से कार्य करने का संकल्प दिलाया। नवनिर्वाचित प्रधान सचिन सिंघल ने कहा कि व्यापारियों ने जो विश्वास जताया है, वह उनके लिए सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सभी को साथ लेकर चलेंगे और व्यापारियों की हर समस्या के समाधान के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य किया जाएगा। चुनाव अधिकारी हरीश अग्रवाल ने कहा कि बिना चुनाव के सर्वसम्मति से कमेटी का गठन आज के समय में बड़ी उपलब्धि है। समारोह के दौरान व्यापारियों ने संगठन की मजबूती और आपसी भाईचारे को बनाए रखने का संकल्प भी दोहराया।

# रेलवे लाइन पर मिला अज्ञात युवक का शव, ट्रेन से गिरकर मौत की आशंका

ijuijA बुधवार रात ट्रेन से गिरकर एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। सुबह रेलवे लाइन किनारे पड़ा अज्ञात शव देखकर सनसनी फैल गई। मामले की जानकारी लगते ही कई ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। लोगों नें शव की पहचान करनें के प्रयास शुरू किए। लेकिन शव की पहचान नही हो पाई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस नें घटनास्थल का मौका मुआयना कर शव को पोस्टमार्टम भेजनें के लिए कार्रवाई शुरू की। जानकारी के अनुसार थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र में स्थित सेहरामऊ रेलवे स्टेशन के आगे गुरुवार सुबह एक अज्ञात युवक का शव रेलवे लाइन किनारे मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। आशंका जताई जा रही है कि युवक की मौत बीती रात किसी ट्रेन से गिरने के कारण हुई है। अनुसार, गुरुवार सुबह जब स्थानीय लोग रेलवे लाइन के पास से गुजर रहे थे, तभी उनकी नजर एक युवक के शव पर पड़ी। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही थाना सेहरामऊ उत्तरी पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और घटनास्थल का जायजा लिया। प्रारंभिक जांच में यह अंदेशा जताया जा रहा है कि युवक चलती ट्रेन से गिर गया होगा, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि, पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेजनें की कार्रवाई शुरू कर दी है। युवक की उम्र लगभग 25 से 30 वर्ष के बीच बताई जा रही है, लेकिन अभी तक उसकी पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस का कहना है कि युवक की शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है। थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह नें बताया ट्रैन से गिरकर युवक की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम भेजनें की कार्रवाई की जा रही है।

# वाहन चोरी करने वाले बदमाश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** सेक्टर-58 थाना पुलिस ने दोपहिया वाहन चोरी कर उन्हें बेचने वाले गिरोह का बुधवार रात पर्दाफाश कर दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से बाइक के पार्ट्स, घटना में इस्तेमाल ई-रिक्शा और दोपहिया वाहनों को खोलने वाले औजार बरामद हुए। एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार रात टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी, तभी ईएसआई कॉलोनी के पास सेक्टर-55 व 56 के मध्य मार्ग पर एक ई-रिक्शा दिखाई दिया। उसमें दो लोग सवार थे। संदिग्ध दिखने पर उन्हें रुकने का इशारा किया। ई-रिक्शा चला रहा युवक मोड़कर भागने लगा। टीम ने पीछा करते हुए दोनों संदिग्धों को दबोच लिया।

ई-रिक्शा चालक ने अपनी पहचान सेक्टर-5 स्थित हरौला गांव निवासी इमरान के रूप में बताई।




वह मूलरूप से जिला बदायूं के नंगला बारा गांव का रहने वाला है। दूसरे आरोपी की पहचान सेक्टर-9 स्थित जेजे कॉलोनी निवासी मोहम्मद सोनू के रूप में हुई। वह मूलरूप से बिहार के जिला सीवान के जनता बाजार का रहने वाला है। जांच की तो ई-रिक्शा में दोपहिया वाहनों के पार्ट्स और उन्हें खोलने वाले औजार लदे थे। पूछताछ करने पर दोनों ने बताया कि उन्होंने करीब एक सप्ताह पूर्व दिल्ली की वसुंधरा मार्केट से एक बाइक चोरी की थी। छिपाने की जगह नहीं मिली तो उन्होंने उसे खोल दिया और ई-रिक्शा में रखकर कबाड़े में बेचने जा रहे थे।

बाइक के संबंध में जानकारी की तो पता चला कि बाइक दिल्ली के त्रिलोकपुरी निवासी लाल बाबू की है। इसके संबंध में न्यू अशोक नगर थाने में 17 मार्च को मुकदमा दर्ज है। जांच में पता चला कि इमरान पूर्व में भी अवैध शराब की तस्करी में फेज-वन थाने से जेल जा चुका है।

# एयरपोर्ट के पांच किमी के दायरे में 7000 पुलिसकर्मी तैनात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का लोकार्पण कार्यक्रम के मद्देनजर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। जिले में करीब 7000 पुलिस कर्मी तैनात किए गए हैं। सुरक्षा एजेंसियों ने एयरपोर्ट के आसपास 5 किमी के दायरे को पूरी तरह निगरानी में ले लिया है।

एसपीजी समेत अन्य केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियां जनसभा स्थल की निगरानी कर रही है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के साथ में सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल भी आएंगी। उनके आगमन को देखते हुए सादी वर्दी में भी पुलिस कर्मी तैनात कर दिए गए हैं।

**गैर जनपदों से आए 10 आईपीएस अधिकारी:** पीएम, सीएम और राज्यपाल के कार्यक्रम को देखते हुए गौतमबुद्धनगर की रिजर्व फोर्स के साथ ही गैर जनपदों से भी फोर्स बुलाई गई है। इसमें 10 आईपीएस अधिकारी गैर जनपदों से आए हैं। इसके अलावा 10 कंपनी पीएसी और दो कंपनी आरएएफ को भी तैनात की गई है।

**बॉर्डर पर निगरानी, हर आधा किलोमीटर पर पुलिस:** प्रधानमंत्री की सुरक्षा को देखते हुए जिले के सीमा क्षेत्रों पर भी फोर्स तैनात की गई है। हरियाणा बॉर्डर पर विशेष निगरानी की जा रही है। वहीं गौतमबुद्धनगर की सीमा से सटे हुए जिले अलीगढ़, बुलंदशहर और अन्य जिलों की सीमा पर भी निगरानी हो रही है। हर आधा किलोमीटर पर पुलिस पिकेट और गाड़ियां तैनात की गई हैं।

300 **सीसीटीवी कैमरों पर कंट्रोल रूम से नजर:** जनसभा पर पुलिस सीसीटीवी कैमरों से नजर रखेगी। कार्यक्रम स्थल पर पुलिस की ओर से 300 हाई रिज्योलूशन कैमरे लगाए गए हैं। कैमरों की निगरानी के लिए एयरपोर्ट परिसर में भी कंट्रोल रूम बनाया गया है। जहां पर डीसीपी या एडीसीपी रैंक के अधिकारी की निगरानी रहेगी। नोएडा एक्सप्रेस पर वीवीआईपी मूवमेंट की निगरानी आईएसटीएमएस से की जाएगी।

**इमारतों पर तैनात रहेंगे हथियार बंद सुरक्षा कर्मी:** एयरपोर्ट के आसपास बने मकानों और ऊंची इमारतों पर भी हथियार बंद सुरक्षा कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। इनमें से कई स्थानों पर स्नाइपर तैनात किए गए हैं। जो हर संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखेंगे।

## मसाला छाछ की बोतल पर तिथि अंकित नहीं मिली

**नोएडा।** रेस्टोरेंट में ग्राहक को परोसी गई मसाला छाछ की बोतल पर निर्माण तिथि अंकित न होने का मामला सामने आया है। ग्राहक का आरोप है कि बोतल पर कब तक इस्तेमाल करें के लिए 26 मार्च की तिथि अंकित थी। पीड़ित ने मामले में खाद्य सुरक्षा विभाग से जांच की मांग की है। जानकारी के मुताबिक दीपक दुबे रेस्टोरेंट में भोजन करने गए थे। उन्होंने मसाला छाछ ऑर्डर की। बोतल पर कब तक इस्तेमाल करें की तिथि अंकित थी, लेकिन यह कब बनी, इसके बारे में जानकारी नहीं लिखी थी। दीपक ने इस पर आपत्ति दर्ज कराई।

इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर भी पोस्ट किया। वीडियो में दीपक कहते नजर आ रहे हैं कि पुरानी या इस्तेमाल की गई बोतलों को दोबारा इस्तेमाल कर उन पर नए स्टिकर तो नहीं चिपकाए जा रहे।

# डिजिटल अरेस्ट कर सवा करोड़ की ठगी में दो आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** साइबर अपराध थाना पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट कर 1.29 करोड़ रुपये ठगने के मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से दो मोबाइल फोन बरामद हुए। दो आरोपियों को पहले की गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। पुलिस अन्य आरोपियों को खोजने में जुटी है। पुलिस ने बताया कि ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर निवासी 72 वर्षीय दिलीप कुमार दास ने 13 मार्च को एफआईआर दर्ज कराई थी कि उनके पास छह फरवरी को एक फोन कॉल आई। कॉलर ने खुद को सरकारी एजेंसी का अधिकारी बताया और कहा कि उनके नाम पर एक सिम कार्ड जारी हुआ है, जिसका इस्तेमाल गैरकानूनी कामों में हो रहा है।

इसके बाद उसने कहा कि




मामला गंभीर है और एजेंसियां जांच में लगी हैं। कुछ ही देर बाद ठगों ने वीडियो कॉल कर पीड़ित को डिजिटल अरेस्ट कर लिया। वीडियो कॉल में उन्होंने कोर्ट जैसी सेटिंग दिखाई, जहां एक व्यक्ति जज की तरह बैठा था और उसके पास एक अन्य व्यक्ति पुलिस अधिकारी की वर्दी में खड़ा था। इस दौरान पीड़ित को यह विश्वास दिलाया गया कि अगर वह जांच में सहयोग नहीं करेगा तो उसे तुरंत गिरफ्तार कर लिया जाएगा।ठगों ने पीड़ित पर लगातार दबाव बनाया और कहा कि उसके बैंक खातों की जांच होगी। जांच पूरी होने तक उसे घर से बाहर नहीं जाना है और फोन कॉल को चालू रखना है। इसके बाद ठगों ने पीड़ित से कहा कि वह अपने खाते के रुपये सत्यापन के लिए दूसरे खातों में ट्रांसफर कर दें। यह भरोसा भी दिलाया गया कि जांच के बाद सारे रुपये वापस कर दिए जाएंगे।

डर के कारण पीड़ित ने अलग-अलग तारीखों में एक करोड़ 29 लाख 61 हजार 962 रुपये ट्रांसफर कर दिए। कुछ दिन बाद ठगों ने पीड़ित को सुप्रीम कोर्ट और मुंबई पुलिस के नाम से फर्जी लेटर भी भेजे और कहा कि उसे नो ड्यूज सर्टिफिकेट मिल गया है और रुपये जल्द वापस कर दिए जाएंगे। काफी समय बीतने के बाद भी रुपये वापस नहीं आए तो पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ। बीते दिनों पुलिस दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। अब पुलिस ने मध्य प्रदेश के जिला भिंड निवासी नरेंद्र सिंह और इंद्रेश को गिरफ्तार कर लिया।

## एक नजर

### एक अप्रैल से फरवरी तक चलेगा सत्र, जुलाई में होंगे यूनिट टेस्ट

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** माध्यमिक शिक्षा परिषद ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कैलेंडर जारी कर दिया है। नए सत्र में पहली बार विद्यार्थियों को मोबाइल और ऑनलाइन गेम्स के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया जाएगा। साथ ही सप्ताह में एक दिन अंग्रेजी भाषा में प्रार्थना करने या किसी विद्यालय में कोई अन्य भाषा प्रचलित हो तो उसमें करने का प्रावधान किया है। समाचार पत्र पढ़ने की आदत विकसित करने के उद्देश्य से प्रार्थना सभा में रोजाना प्रमुख खबरों को पढ़वाने का प्रावधान भी होगा। साथ ही कठिन शब्दों के उच्चारण, अर्थ और वाक्य प्रयोग भी बताए जाएंगे। एक अप्रैल से लेकर फरवरी तक सत्र संचालित होगा। जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि अप्रैल के पहले सप्ताह में 'नया सवेरा कार्यक्रम' के तहत विद्यालयों में दो दिन प्रार्थना सभा के दौरान विद्यार्थियों से जीवन मूल्यों, अनुशासन, करियर और दिनचर्या पर संवाद भी करेंगे। इसके साथ ही पूर्व विद्यार्थियों को भी आमंत्रित किया जाएगा। साथ ही हैंड्स-ऑन एक्टिविटीज, एक्सपीरिएंशियल लर्निंग, वैज्ञानिक प्रयोग, गणितीय खेल और प्रयोगशाला गतिविधियों को शामिल किया जाएगा। विद्यार्थियों के मान. सिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए सप्ताह में एक दिन योग और ध्यान सत्र भी होगा।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** दादरी कोट चौकी के पास ट्रक ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सिकंदराबाद के मुहाना गांव का रहने वाला विनय पुत्र मेघराज बुधवार की सुबह बाइक से गाजियाबाद से जा रहा था। जैसे ही वह कोट गांव के पास पहुंचा तो पीछे से ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में विनय की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने हादसे की जानकारी विनय के परिजनों को दी। पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया।

### गैंगस्टर ऐक्ट में इनामी बदमाश गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने गैंगस्टर ऐक्ट में वांछित इनामी बदमाश को खेड़ी कट से गुरुवार को किया। पुलिस ने उस पर 15 हजार रुपये का इनामी घोषित किया था। सूरजपुर कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए बदमाश की पहचान अभिषेक गौतम उर्फ रवि निवासी गौतमपुरी दादरी के रूप में हुई। आरोपी संगठित गिरोह बनाकर घरों में घुसकर चोरी करता था। सूरजपुर थाने में दर्ज गैंगस्टर ऐक्ट के मुकदमा में वह वांछित चल रहा था।

# नोएडा एयरपोर्ट उद्घाटन, पीएम की रैली में दो लाख लोग पहुंचेंगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के उद्घाटन के दिन प्रधानमंत्री की जनसभा में करीब 2 लाख लोगों के पहुंचने की संभावना है। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए आज से एसपीजी ने पूरे क्षेत्र को अपने नियंत्रण में ले लिया है। प्रधानमंत्री की जनसभा में आने वाले लोगों के लिए तीन अलग-अलग रास्तों से प्रवेश की व्यवस्था की गई है। वीवीआईपी और वीआईपी वाहनों को ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे से बने विशेष मार्ग के जरिए एयरपोर्ट परिसर में एंट्री दी जाएगी। कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए मुख्यमंत्री पहले ही स्थल का दौरा कर चुके हैं। प्रशासन द्वारा सुरक्षा, यातायात और भीड़ प्रबंधन को लेकर व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं।

**इन जिले के लोग होंगे शामिल:** प्रधानमंत्री की जनसभा में गौतमबुद्धनगर के साथ ही बुलंदशहर, अलीगढ़, हाथरस, एटा, मथुरा, आगरा समेत आसपास के विभिन्न जिलों से लोग आएंगे। यह सभी यमुना एक्सप्रेस-वे, टप्पल से जेवर, बुलंदशहर, खुर्जा, झांझर, रबूपुरा होते हुए कार्यक्रम स्थल तक पहुंचेंगे। ऐसे में जिले की सीमाओं पर भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया जाएगा, जिससे कि आमजनों को जनसभा तक पहुंचने में दिक्कत न हो।

6 **हजार वाहन** 12 **पार्किंग बनाए गए:** प्रधानमंत्री की जनसभा में प्रशासन की ओर से 4000 बसों को पार्किंग में खड़ा करने की व्यवस्था की गई है। इसके साथ 1500 से 2000 प्राइवेट वाहन होंगे। इसमें चार पहिया वाहन के साथ ही दो पहिया वाहन और अन्य वाहन होंगे।

## श्रेणीवार 36 आवेदकों के बीच लगेगी बोली

**नोएडा।** नोएडा में भूखंड आवंटन के लिए आवेदक अप्रैल के पहले सप्ताह में ऑनलाइन बोली लगा सकेंगे। इसके लिए आवेदकों को तारीख व समय की सूचना दी जाएगी। प्राधिकरण की विगत सप्ताह ही होटल, व्यावसायिक व संस्थागत भूखंडों की योजना समाप्त हुई थी। अब भूखंडों का आवंटन किया जाना है। इसको लेकर प्राधिकरण ने तैयारी शुरू कर दी है। प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि 5-6 से लेकर 10 अप्रैल के बीच में भूखंडों के लिए बोली की प्रक्रिया की जाएगी। अलग-अलग दिन होटल व व्यावसायिक भूखंडों के लिए बोली लगेगी। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया करीब एक महीने पहले कॉरपोरेट, होटल व ग्रुप हाउसिंग भूखंड की योजना लॉन्च की गई थी।

# यमुना और नोएडा एक्सप्रेसवे पर 16 घंटे बंद रहेगी मालवाहकों की आवाजाही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के उद्घाटन को लेकर यातायात पुलिस ने एडवाइजरी जारी कर दी है। शनिवार को नोएडा एक्सप्रेसवे के साथ यमुना एक्सप्रेसवे के साथ एयरपोर्ट के आसपास की सड़कों पर मालवाहक वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से बंद रहेगी। सुबह 7 बजे से रात 11 बजे तक यह रोक लागू रहेगी।

इसके साथ ही एयरपोर्ट के उद्घाटन समारोह में आने वाले लोगों के लिए भी अलग व्यवस्था की गई है। यातायात पुलिस ने लोगों से डायवर्जन का पालन करने की अपील की है। यातायात पुलिस के अफसरों ने बताया कि नोएडा एक्सप्रेसवे से एयरपोर्ट आने वाले लोगों को गलगोटिया कट से उतरना होगा। वहां से एक्सपो मार्ट गोल चक्कर से यू-टर्न लेने के बाद एनएसजी गोल चक्कर से होकर यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे 60 मीटर रोड गलगोटिया यूनिर्वसिटी की तरफ भेजा जाएगा। फलैदा कट से नगला कंचन तिराहा से बाएं टर्न लेकर दयानतपुर इंटरचेंज के नीचे से रनहेरा पुलिस चौकी पहुचेंगे। वहां चौकी के सामने अस्थायी गेट से प्रवेश दिया जाएगा।

वहीं ग्रेनो वेस्ट और सूरजपुर की तरफ से परी चौक आने वाले वाहनों को पी-3 गोल चक्कर से होंडा चौक भेजा जाएगा। होंडा चौक से दाएं मुड़कर पुस्ता तिराहा से होकर वाहनों को गलगोटिया यूनिर्वसिटी की तरफ भेजा जाएगा। 60 मीटर रोड से होकर वाहन फलैदा कट नगला कंचन तिराहे से बाएं मुड़कर दयानतपुर इंटरचेंज के नीचे से पुलिस चौकी के सामने बने अस्थायी गेट से प्रवेश करेंगे।

अफसरों ने बताया कि दनकौर, रोनीजा, रबूपुरा की तरफ से आने वाले वाहन दनकौर रबूपुरा सर्विस मार्ग होकर फलैदा कट से बाएं तिरथली चौराहा पहुंचेंगे। वहां से दाएं मुड़कर दयानतपुर इंटरचेंज के नीचे से होकर नहर की पटरी पर पहुंचेंगे और फिर सिवारा की पुलिया से बाएं तरफ अस्थायी गेट से प्रवेश कर सकेंगे। उधर जेवर कस्बा की तरफ से आने वाले वाहनों को साबौता अंडरपास से किशोरपुर गेट से प्रवेश दिया जाएगा।

**इन मार्ग से आ सकते है आसपास व अन्य जिलों के लोग**

- मेरठ व गाजियाबाद से आने वाले वाहन ईस्टर्न पेरिफेरल होकर सिरसा टोल से नीचे उतरकर सिरसा गोलचक्कर से डाढ़ा गोलचक्कर पहुंचेंगे। वहां से सुपरटेक गोलचक्कर से नट मढ़ैया गोलचक्कर से होंडा सीएल चौक से होकर पुस्ता तिराहा (एटीएस) पहुंचेंगे। फिर वहां से बाएं टर्न लेकर गलगोटिया यूनिवर्सिटी से सामने से डबल सर्विस रोड होकर फलैदा (खूपुरा) कट से नगला कंचन तिराहा पहुंचेंगे। वहां से बाएं टर्न कर दयानतपुर होकर दयानतपुर इंटरचेंज के नीचे रनेहरा पुलिस चौकी के सामने बने अस्थायी गेट से प्रवेश कर निर्धारित सामान्य पार्किंग पी-07 मेरठ और पी-6 गाजियाबाद पर पहुंच सकेंगे।

-मथुरा व अलीगढ़ से यमुना एक्सप्रेसवे होकर आने वाले वाहन जेवर टोल पार करने के बाद जेवर कट से उतरकर दाहिने मुड़कर सबौता अंडरपास से किशोरपुर गेट से प्रवेश कर एयरपोर्ट परिसर में निर्धारित सामान्य पार्किंग पर पहुंच सकेंगे।

- हापुड़, बुलंदशहर, गभाना, खुर्जा, जहांगीरपुर, बंकापुर की तरफ से आने वाले वाहन जेवर खुर्जा मार्ग पर ग्राम थोरा से पहले दाहिने मुड़कर पारोही गेट से एयरपोर्ट परिसर में प्रवेश कर टाटा बीचिंग प्लांट के सामने दाएं तरफ निर्धारित सामान्य पार्किंग पहुंचेंगे।

**वीआईपी, मीडिया व अफसरों को दो जगह से प्रवेश:** जिले के विभिन्न स्थानों से एयरपोर्ट आने वाले वीवीआईपी, वीआईपी यमुना एक्सप्रेसवे से होकर एयरपोर्ट के इंटरचेंज पर उतरेंगे। वहां से निर्धारित पार्किंग पर वाहनों को खड़ा किया जाएगा। पार्किंग से शटल सेवा से कार्यक्रम स्थल तक पहुंचाया जाएगा। वहीं मीडिया के वाहन किशोरपुर गेट से प्रवेश कर पार्किंग तक पहुंचेंगे। पुलिस व प्रशासनिक और अन्य विभाग के कर्मचारी व अधिकारी भी इसी गेट से प्रवेश करेंगे। वहीं प्रशासनिक बस दयानतपुर मार्ग से होकर एयरपोर्ट परिसर में निर्धारित पार्किंग तक जाएंगी।

**मालवाहक वाहनों का डायवर्जन:** जेवर टप्पल मार्ग पर गोपालगढ़ की तरफ से जेवर आने वाले कॉमर्शियल वाहनों को वापस टप्पल की तरफ डायवर्ट किया जाएगा। जो टप्पल व पलवल होकर अपने गंतव्य की ओर ज सकेंगे। कस्बा खुर्जा से जेवर कस्बा की तरफ आने वाले कॉमर्शियल वाहनों को कस्बा खुर्जा से ही डायवर्ट किया जाएगा। सिकंदराबाद व ककोड़ से जेवर आने वाले कॉमर्शियल वाहनों को कस्बा चचुरा नहर पुल से खेरली की तरफ डायवर्ट भेजा जाएगा।

आगरा से से आने वाले यातायात को जेवर टोल से पहले बने यू-टर्न से आगरा की तरफ डायवर्ट किया जाएगा। वो वाहन अलीगढ़ टप्पल होकर अपने गंतव्य जा सकेंगे। वहीं नोएडा व ग्रेटर नोएडा से यमुना एक्सप्रेसवे का प्रयोग कर आगरा जाने वाले वाहन परी चौक से अल्फा कॉमर्शियल गोलचक्कर होकर मेट्रो डिपो से गोलचक्कर से 130 मीटर रोड पर पहुंचकर सिरसा गोलचक्कर से ईस्टर्न पेरिफेरल से होकर गंतव्य तक जा सकेंगे। उधर मेरठ, हापुड़, गाजियाबाद से ईस्टर्न पेरिफेरल से यमुना एक्सप्रेस-वे का प्रयोग कर आगरा, मथुरा, लखनऊ व अन्य जगह जाने के लिए ईस्टर्न पेरिफेरल के बील अकबरपुर से उतरकर एनएच-91 का प्रयोग कर गन्तव्य को जा सकेगे। पलवल से ईस्टर्न पेरिफेरल होकर नोएडा एक्सप्रेसवे होकर अन्य स्थानों पर जाने वाले वाहनों का सिरसा लूप से उतरने नहीं दिया जाएगा। एनएच-24 व 91, ईस्टर्न पेरिफेरल पर नो एंट्री के नियम के साथ आवागमन सामान्य रहेगा।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी गौतमबुद्धनगर द्वारा आज कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, साफ सफाई व्यवस्था तथा अन्य व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा वेयरहाउस के मुख्य द्वार पर लगे ताले की सील की जांच की गई, जो पूर्णतया सुरक्षित एवं यथावत पाई गई। इसके अतिरिक्त वेयरहाउस में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली का भी निरीक्षण किया गया, जहां सभी कैमरे सुचारु रूप से कार्यरत पाए गए। साथ ही वेयरहाउस की खिड़कियों एवं रोशनदान की सुरक्षा व्यवस्था का भी



बारीकी से निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के उपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा वेयरहाउस में तैनात सुरक्षा कर्मियों को सुरक्षा व्यवस्था को निरंतर सुदृढ़ बनाए रखने तथा सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस की सभी व्यवस्थाएं व्यवस्थित पाई गईं।

इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री धर्मेंद्र कोरी, इंडियन नेशनल कांग्रेस से जिला महासचिव कपिल भाटी, सपा जिला प्रभारी अनूप तिवारी, सीपीआई से जिला सहसचिव अरुण प्रताप सिंह, बहुजन समाज पार्टी से जिला सचिव डॉ रविंद्र तोमर, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार तथा जिला निर्वाचन कार्यालय के संबंधित कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लगा आईएलएस सिस्टम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** 28 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उद्घाटन के साथ नोएडा इंटरनेशनल एयारपोर्ट (जेवर एयरपोर्ट) देश के सबसे आधुनिक एयरपोर्ट में शामिल हो जाएगा। पहले फेज में यहां 3.9 किलोमीटर लंबा और 45 मीटर चौड़ा रनवे तैयार किया गया है, जहां विमान समानांतर रूप से उड़ान भरने और लैंडिंग करने में सक्षम होंगे।

एयरपोर्ट पर अत्याधुनिक इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम (आईएलएस) कैट-III लगाया गया है। जिसकी मदद से घने कोहरे, कम विजिबिलिटी और बारिश के दौरान भी विमान सुरक्षित तरीके से उतर सकेंगे।

भारत में फिलहाल समानांतर उड़ान और लैंडिंग की सुविधा मुख्य रूप से इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट (दिल्ली) और छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट (मुंबई) पर है। अब जेवर एयरपोर्ट भी इस सूची में शामिल हो जाएगा। दिल्ली एयरपोर्ट के चार रनवे एक साथ कई उड़ानों को संभाल सकते हैं, जबकि मुंबई एयरपोर्ट पर भी समानांतर संच. ालन होता है। जेवर एयरपोर्ट के शुरू होने से उत्तर भारत में हवाई यातायात का दबाव कम होने की उम्मीद है।

**एक घंटे में 30 विमान का संच. ालन संभव:** एयरपोर्ट को पूरी क्षमता से संचालित किए जाने पर यहां एक घंटे में करीब 30 विमान लैंडिंग और टेकऑफ कर सकेंगे। उद्घाटन के बाद तकनीकी टीम इसके लिए ट्रायल और ऑपरेशनल टेस्टिंग शुरू करेगी। जेवर एयरपोर्ट पर लगाया गया आईएलएस कैट-III सिस्टम इतना उन्नत है कि पायलट बेहद कम दृश्यता में भी विमान उतार सकते हैं। ऐसे हालात में पायलट पूरी तरह इस तकनीक पर निर्भर रहते है।

**दुनिया के कुछ ही एयरपोर्ट पर समानांतर लैंडिंग:** विदेशों में शिकागो ओश्शहेयर (ओआरडी), लॉस एंजिल्स (एलएएक्स) और सैन फ्रांसिस्को (एसएफओ) पर समानांतर उड़ान और लैंडिंग की सुविधा है। सैन फ्रांसिस्को में 750 फीट की दूरी पर स्थित रनवे 28 एल और 28 आर पर एक साथ उड़ान और लैंडिंग की जाती है।

6 **रनवे के साथ एशिया का बड़ा एयरपोर्ट बनने की तैयारी:** जेवर एयरपोर्ट को चार चरणों में विक. सित किया जा रहा है। पहले चरण में एक रनवे तैयार हुआ है, जबकि आगे चलकर यहां कुल 6 रनवे बनाए जाएंगे।

करीब 29,561 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से बन रहे इस एयरपोर्ट के सभी चरणों का निर्माण वर्ष 2041 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

यहां करीब 12 करोड़ की क्षमता वाला एयरपोर्ट होगा।

एयरपोर्ट की कुल अनुमानित लागत 29561 करोड़ रुपये है।

पहले चरण की निर्माण लागत 4588 करोड़, दूसरे चरण में निर्माण की अनुमानित लागत 5983 करोड़, तीसरे चरण की अनुमानित लागत 8415 करोड़ और चौथे चरण के निर्माण में होने वाले खर्च की अनुमानित लागत 10575 करोड़ है।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

**जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा**

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# घरेलू सहायक ने सिम चुराकर मालिक के खाते से रुपये निकाले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** घरेलू सहायक ने बीमार मकान मालिक के सिम को पहले चोरी कर अपने मोबाइल में यूपीआई आईडी बनाई। उस यूपीआई से कई बार में 4. 20 लाख रुपये विभिन्न बैंक खातों में ट्रांसफर कर लिए। रकम निकाले जाने के बारे में पूछने पर आरोपी घरेलू सहायक सिम लेकर भाग गया। पीड़िता ने सेक्टर-58 थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। सेक्टर-61 निवासी सुशीला भारद्वाज ने पुलिस को बताया कि वह पति नफे सिंह भारद्वाज संग रहती हैं। उनके पति सेवानिवृत्त हैं और बीमारी हैं। वह अपना काम स्वयं नहीं कर पाते। सुशीला ने पति की देखभाल और घर के काम के लिए राजस्थान के हनुमानगढ़ निवासी शिवप्रसाद को घरेलू सहायक रखा हुआ है।

20 मार्च को पति की दवाई लाने के लिए बैंक खाता चेक किया तो पता चला कि उसमें करीब चार लाख रुपये से ज्यादा कम हैं। उन्होंने बैंक जाकर स्टेटमेंट चेक कराई तो यूपीआई से रकम निकासी का पता चला।डिटेल चेक की तो 27 दिसंबर 2025 से 20 मार्च 2026 तक 4.20 लाख रुपये कई बैंक खातों में ट्रांसफर होने का पता चला। इनमें सबसे ज्यादा रकम शिवप्रसाद के बैंक खाते में ट्रांसफर हुई। यह देखकर सुशीला को झटका लगा। उन्होंने शिवप्रसाद से इस बारे में बात की तो वह पहले बहाने बनाने लगा। फिर बिना बताए घर से भाग गया। पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की। एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर घरेलू सहायक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की तलाश की जा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

# मोमोज खाने से एक दर्जन लोग बीमार

- **जिला अस्पताल में भर्ती कराया, उल्टी और पेट दर्द की शिकायत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दादरी में मोमोज खाने से लगभग एक दर्जन लोग बीमार हो गए। इन सभी को उल्टी, पेट दर्द, सिर दर्द और बुखार की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

दादरी की नई आबादी निवासी आरिफ ने बताया कि उनके घर पर आए रिश्तेदारों सहित परिवार के 10 सदस्यों ने कल शाम मोमोज खाए थे। मोमोज खाने के बाद आज सभी की तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें दादरी के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस मामले में



जिलाधिकारी से भी शिकायत की गई है। अस्पताल में भर्ती एक अन्य मरीज सैंडी ने बताया कि वह दो दिन से अस्पताल में है। बीमार होने से पहले उसने भी मोमोज खाए थे।

जानकारी के अनुसार, बीमार हुए दो अलग-अलग परिवारों के सदस्यों ने दादरी नगर में तहसील के पास स्थित एक ही मोमोज की दुकान से मोमोज खरीदे थे। मोमोज खाने के बाद सभी की तबीयत बिगड़ी और उन्हें दादरी के सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। दादरी सरकारी अस्पताल के डॉक्टर काशिफ नदीम आलम ने बताया कि 10 से 12 मरीजों को अस्पताल में भर्ती किया गया है।

उन्हें सिर दर्द, उल्टी, बुखार और पेट दर्द की शिकायत थी। प्रथमदृष्टया यह फूड पॉइजनिंग का मामला लग रहा है। सभी मरीजों को दवाएं और इंजेक्शन दिए गए हैं, और उनकी स्थिति में सुधार हो रहा है। मरीजों ने मोमोज खाने की बात बताई है। इस मामले में खाद्य सुरक्षा विभाग का कहना है कि उन्हें मीडिया के माध्यम से शिकायत मिली है। विभाग की टीम मौके पर जाकर मामले की जांच पड़ताल करेगी।

## हसनपुर लुहारी गांव में बनेगा बैडमिंटन कोर्ट, विधायक निधि से 25 लाख की मिली मंजूरी

- सत्संग भवन के पास ग्राम पंचायत की भूमि पर होगा निर्माण।
- युवाओं को मिलेगा खेल का बेहतर मंच।



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** विधानसभा क्षेत्र के गांव हसनपुर लुहारी में खेल सुविधाओं को बढ़ावा देने की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया है। रालोद के थानाभवन विधायक अशरफ अली खाँ की विधायक निधि से गांव में बैडमिंटन कोर्ट के निर्माण को स्वीख्रति मिल गई है। इस परियोजना पर करीब 25 लाख रुपये की लागत आने का अनुमान हैस

प्रस्तावित बैडमिंटन कोर्ट हसनपुरलुहारी गांव में स्थित 500 गज का युवक मंगल दल (खेल का मैदान) है, यह भूमि सत्संग भवन के पास नहर से सटी हुई है, जिससे यह स्थान खिलाड़ियों के लिए सुविधाजनक और उपयु क्त माना जा रहा है। इस जगह पर खेल कोर्ट के लिए निर्माण कार्य भी शुरू हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार, गांव में अब तक खेल के लिए कोई विशेष सुविधा उपलब्ध नहीं थी, जिससे युवाओं को अभ्यास के लिए बाहर जाना पड़ता था।

बैडमिंटन कोर्ट बनने से स्थानीय युवाओं को न केवल खेल का बेहतर मंच मिलेगा, बल्कि उनकी प्रतिभा को भी निखारने का अवसर मिलेगा। विधायक अशरफ अली खाँ ने कहा कि क्षेत्र में खेल सुविधाओं का विस्तार उनकी प्राथमिकता में शामिल है और इस तरह के कार्यों से युवाओं को सकारात्मक दिशा मिलती है। ग्रामीणों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए विधायक का आभार जताया है।

## पालिका बोर्ड बैठक में हाउस टैक्स से मिली राहत

### चेयरमैन के निर्णय से हजारों मकान मालिकों को मिलेगा योजना का लाभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर पालिका परिषद शामली की बोर्ड बैठक में नगरवा. सियों को हाउस टैक्स में बड़ी राहत देने का अहम फैसला लिया गया। चेयरमैन अरविन्द संगल की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में स्वकर निर्धारण प्रणाली में संशोधन का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया, जिससे हजारों मकान मालिकों को सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है।

पालिका सभागार में आयोजित वित्तीय वर्ष 2025-26 की अंतिम बोर्ड बैठक में कुल 25 में से 23 सभासदों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य नगर की जनता को कर संबंधी राहत प्रदान करना था। चेयरमैन अरविन्द संगल ने बताया कि पिछले कुछ समय से हाउस टैक्स में बढ़ोतरी को लेकर लोगों में असंतोष था और लगातार शिकायतें मिल रही थीं। इन्हीं समस्याओं को ध्यान में रखते हुए यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। नई व्यवस्था के तहत नगर के सभी वार्डों को दो श्रेणियों 'अ' और 'ब' में विभाजित किया गया है। इसके साथ ही सड़कों की स्थिति और महत्व के आधार पर उन्हें चार अलग-अलग भागों में बांटकर हाउस टैक्स की नई दरें तय की गई हैं। इससे टैक्स निर्धारण अधिक पारदर्शी और न्यायसंगत बनने की उम्मीद है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि संशो. धित स्वकर निर्धारण प्रणाली को लागू करने के लिए गजट प्रकाशन की प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाएगी। खास बात यह है कि नए हाउस टैक्स बिल जारी होने के बाद दो महीने तक किसी भी प्रकार का अधिभार (सरचार्ज) नहीं लिया जाएगा। इसके अलावा, समय पर कर जमा करने पर मिलने वाली छूट भी दो माह तक जारी रहेगी, जिससे लोगों को अतिरिक्त राहत मिलेगी। इस फैसले का बैठक में मौजूद सभी सभासदों ने



स्वागत किया। चेयरमैन ने इसे जनता की जीत बताते हुए कहा कि यह निर्णय लोगों से मिले सुझावों और शिकायतों के आधार पर लिया गया है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि नगर के विकास कार्यों, प्रमुख मार्गों के सुधार, नालों की सफाई और सार्वजनिक स्थलों के सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। बैठक के दौरान सभासदों को अपने-अपने वार्ड की समस्याएं रखने का अवसर भी दिया गया, जिन पर संबंधित अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए गए। बैठक का संचालन अधिशासी अधिकारी विना. ेद कुमार सोलंकी ने किया। इस दौरान हाजी साजिद, अजीत निर्वाल, नीरज देवी, अरविन्द खटीक, राजीव गोयल, प्रमोद जांगिड, गुलजार मंस. ूरी, सेठपाल जांगिड, आशीष गुप्ता, तोहिद रहमानी, शाहिदा मंसूरी, अनिल उपाध्याय और निशीकांत संगल सहित अन्य सभासद मौजूद रहे।

## अवैध तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार, आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** जनपद में अपराध नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना कैराना पुलिस ने अवैध हथियार रखने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर अहम सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध देशी तमंचा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराओं में मुक. दमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस अधीक्षक शामली नरेंद्र प्रताप सिंह के निर्देश पर जनपदभर में संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन चेकिंग अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार की रात थाना कैराना पुलिस टीम गश्त और चेकिंग के दौरान शामली बाईपास फ्लाईओवर से होते हुए भूरा मार्ग की ओर बढ़ रही थी। इसी दौरान बंद पड़ी पटाखा फैक्ट्री के पास एक संदिग्ध युवक पुलिस को देखकर अचानक दिशा बदलकर भागने लगा। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर उसे जगनपुर बंबे की पुलिया के पास दबोच लिया। पकड़े गए युवक ने पूछताछ में अपना नाम शहनवाज उर्फ शाहरुख उर्फ कटप्पा पुत्र शकील निवासी मोहल्ला आलकलां, कैराना बताया हैं। तलाशी लेने पर उसके पास से एक अवैध देशी तमंचा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस ने मौके पर ही तमंचे की जांच की, जो चालू हालत में पाया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि उसने यह अवैध तमंचा किसी अज्ञात व्यक्ति से खरीदा था, हालांकि वह उसके बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दे सका। गिरफ्तारी और बरामदगी की पूरी प्रक्रिया नियमानुसार पूरी की गई। पुलिस ने मौके पर ही तमंचा और कारतूस को कब्जे में लेकर सील किया तथा आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी की। इसके बाद आरोपी को थाने लाकर उसके खिलाफ धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीख्रत किया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले में आगे की जांच की जा रही है और आरोपी के आपराधिक इतिहास की भी जानकारी जुटाई जा रही है। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक यशपाल सिंह सोम, उप निरीक्षक संजय पूनिया, हेड कांस्टेबल यतेन्द्र भारद्वाज और कांस्टेबल अरुण कुमार शामिल रहे। जिन्होंने संयुक्त रूप से इस ऑपरेशन को सफल बनाया।

## गन्ने के खेत में तेंदुए की आहट से मचा हड़कंप, ग्रामीणों में दहशत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** क्षेत्र के गांव शीतल गढ़ी में गुरुवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक युवक ने गन्ने के खेत में तेंदुआ देखे जाने की सूचना दी। सूचना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल बन गया और ग्रामीणों ने खेतों की घेराबंदी कर तेंदुए की तलाश शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार, गांव निवासी मोनू पुत्र धीरज सिंह सुबह गन्ने के खेत में पानी देने जा रहा था। जैसे ही वह खेत के पास पहुंचा, उसने सामने एक तेंदुआ बैठा हुआ देखा। यह देख वह घबरा गया और चुपके से पीछे हटकर गांव पहुंचा तथा अन्य ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्रित होकर खेतों की ओर पहुंच गए। कुछ ग्रामीणों ने भी तेंदुए को देखने की बात कही, जिससे इलाके में दहशत और बढ़ गई।

ग्रामीणों ने एहतियातन गांव में मुनादी कर लोगों से अपने छोटे बच्चों और पशुओं को बाहर न छोड़ने की अपील की, क्योंकि तेंदुए के हमले का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने एकजुट होकर खेतों का घेराव करते हुए तेंदुए की तलाश की, लेकिन काफी प्रयास के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लग सका। घटना की सूचना बिडौली पुलिस चौकी को दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया, लेकिन तेंदुआ नहीं मिला। वहीं, वन विभाग के रेंजर अधिकारी को फोन कर सूचना देने का प्रयास किया गया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। ग्रामीणों ने वन विभाग से जल्द टीम भेजकर क्षेत्र में सर्च अभियान चलाने की मांग की है, ताकि संभावित खतरे को टाला जा सके।

### शीतल गढ़ी के जंगल में तेंदुआ देखे जाने की सूचना निकली गलतःटीम तैनात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** बिडोली-यमुना खादर क्षेत्र में खेत में गए किसानों द्वारा तेंदुआ देखे जाने की खबर मिली है। जिससे एक बार फिर इस क्षेत्र के ग्रामीणों व किसानों में दहशत बन गई है। सूचना पर पुलिस एवं वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंचे जांच पड़ताल की। फिलहाल जंगलों में देखने के लिए वन विभाग की टीम तैनात कर दी गई है। बिडोली क्षेत्र के गांव शीतल गढ़ी के जंगलों में तेंदुआ देखे जाने की सूचना पर ग्रामीण भी जंगल में पहुंच गए। सचिन शीतल गढ़ी, प्रमोद शीतल गढ़ी, रविन्द्र कुमार बताया कि उनके खेतों में तेंदुआ देखा गया है जो पैरों को आगे करके लंबाई में बैठा हुआ था। इस संबंध में वन रेंजर ख्रष्णकांत ने बताया कि सूचना पर वन विभाग की टीम भेजी गई थी। मगर वहां तेंदुआ होने के कोई प्रमाण नहीं मिले हैं। हां नीलगाय के पैरों के निशान जरूर पाए गए हैं। मगर ग्रामीणों की सुरक्षा और एहतियात को देखते हुए वन विभाग की टीम देख रेख के लिए क्षेत्र में तैनात कर दी गई है।

## व्यापारी को दिया 10 लाख का ब्याज रहित चेक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** आर्थिक तंगी से जूझ रहे वैश्य समाज के लोगों को सहारा देने के उद्देश्य से वैश्य इंटरनेशनल एसोसिएशन द्वारा व्यापारी पंकज मित्तल को 10 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता शामिल हुए। उन्होंने व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि संस्था सेवा और सहयोग की भावना से कार्य कर रही है और उद्यमियों के सहयोग से पूरे प्रदेश ही नहीं, बल्कि देशभर में जरूरतमंदों की मदद की जा रही है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2027 तक संस्था का 1000 करोड़ रुपये का फंड तैयार करने का लक्ष्य है। इस दौरान वैश्य इंटरनेशनल एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारियों ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था की योजनाओं और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला तथा अधिक से अधिक




जरूरतमंद व्यापारियों तक इस योजना का लाभ पहुंचाने का आहवान किया। मंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में कई लोग सूदखोरों के चंगुल में फंसकर आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं, जिससे आत्महत्या जैसी घटनाएं भी सामने आती हैं। ऐसे में इस प्रकार की ब्याज रहित सहायता समाज के लिए एक बड़ी राहत है। कार्यक्रम का सफल संचालन व्यापारी नेता अंकित गोयल ने किया। वहीं भाजपा नेता राहुल गुप्ता ने सभी वर्गों के लिए आयोग गठन की मांग उठाई। बताया गया कि इससे पहले कांधला कस्बे में आगजनी से प्रभावित व्यापारी को भी इसी योजना के तहत ब्याज रहित ऋण का चेक दिया जा चुका है।

कार्यक्रम का आयोजन पूर्व चेयरमैन राकेश गोयल के आवास पर किया गया, जहां कैबिनेट मंत्री के पहुंचने पर उनका माल्यार्पण व पुष्पगुच्छ देकर जोरदार स्वागत किया गया। हालांकि मंत्री ने वर्ष 2027 के चुनाव को लेकर कोई सीधी टिप्पणी नहीं की, लेकिन उन्होंने योगी आदित्यनाथ और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हो रहे विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए देश की प्रगति पर प्रकाश डाला।







# दुर्गा अष्टमी के पर्व पर देवी मंदिरों में दिखा श्रद्धालुओं का सैलाब

### कन्याओं के जिमाने के साथ ही खोला गया व्रत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गुरुवार को चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर दुर्गा अष्टमी (महा अष्टमी) का पर्व नगर और आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने माता रानी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर हलवा-पूरी, नारियल, चुनरी और श्रृंगार का सामान अर्पित करते हुए परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की।

नगर के प्रसिद्ध सिद्धपीठ देवी मंदिर मां आठे वाला में सबसे अधिक भीड़ देखने को मिली। यहां तड़के करीब चार बजे से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। सुबह होते-होते मंदिर परिसर में लंबी-लंबी कतारें लग गईं, जो मंदिर से निकल. कर ठाकुर द्वारा तक पहुंच गईं। महिलाएं, पुरुष और बच्चे सभी भक्तिभाव से कतारों में खड़े होकर माता रानी के दर्शन के लिए अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। श्रद्धालुओं ने मां के दरबार में मत्था

- दुर्गाष्टमी पर रंगाना गांव में मेले एवं भंडारे का आयोजन
- बुधवार को पूरे गांव में माता रानी की प्रतिमा को कराई गई थी परिक्रमा

टेककर अपनी मनोकामनाएं मांगीं और प्रसाद स्वरूप हलवा-पूरी, नारियल तथा चुनरी अर्पित की। इसके अलावा नगर के श्री मंदिर हनुमान धाम, श्री बड़ी माता मंदिर, वैष्णोदेवी मंदिर और श्री चौदस वाला देवी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भी दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। दुर्गा अष्टमी के दिन श्रद्धालुओं ने मां महागौरी की विशेष आराधना की। कई भक्तों ने पूरे नौ दिन व्रत रखे, जबकि कुछ ने केवल अष्टमी और नवमी का व्रत किया। परंपरा के अनुसार लोगों ने कन्या पूजन कर छोटी बालिकाओं को भोजन कराया और उनका आशीर्वाद लिया। इसके बाद ही श्रद्धालुओं ने अपना व्रत खोला। मंदिरों के अलावा मोहल्लों में भी भक्ति का माहौल देखने को मिला। महिला कीर्तन मंडलियों ने भजन-कीर्तन कर मां दुर्गा का गुणगान किया, जिससे वातावरण भक्तिमय बना रहा। शाम के समय शिवम पांडे द्वारा आठे वाला देवी मंदिर में भव्य महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और मां के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। पूरे दिन चले धार्मिक कार्यक्रमों के चलते नगर का माहौल पूरी तरह आध्यात्मिक रंग में रंगा नजर आया।

**थानाभवन संवाददाता के अनुसार** चैत्र नवरात्र के पावन पर्व पर अष्टमी के अवसर पर श्रद्धा, आस्था और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला नगर के प्रसिद्ध देवी भवन मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थी महिला, पुरुष और बच्चों ने पूरे उत्साह और श्र द्धा के साथ माता रानी के दरबार में पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर जय माता दी के जयकारों से



गूंज उठा। भक्तों ने माता रानी को चुनरी, नारियल, फल-फूल और प्रसाद अर्पित कर अपनी आस्था प्रकट की। अष्टमी के दिन विशेष रूप से कन्या पूजन का आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने घरों और मंदिरों में छोटी-छोटी कन्याओं को माता स्वरूप मानकर उनका पूजन किया, चरण धोए और उन्हें आदर पूर्वक भोजन कराकर उपहार भेंट किए। इसके साथ ही श्रद्धालुओं ने अपने व्रत विधिवत रूप से पूर्ण किए। देवी भवन मंदिर थाना भवन क्षेत्र में प्राचीन समय से ही श्रद्धा और आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहा है। दूर-दराज के गांवों और कस्बों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए पहुंचे। मंदिर की मान्यता को लेकर स्थानीय बुजुर्ग बताते हैं कि सिद्ध पीठ मां शाकुंभरी देवी की पैदल यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालु पहले थाना भवन स्थित देवी मंदिर में झंडा चढ़ाकर यात्रा की शुरुआत करते हैं, जिससे इस स्थल का धार्मिक महत्व और भी बढ़ जाता है। अष्टमी और नवमी के मौके पर मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था और व्यवस्था को बनाए रखने के लिए स्थानीय प्रशासन व समिति के सदस्यों ने भी पूरा सहयोग किया। पूरे नगर में भक्ति और उल्लास का माहौल बना रहा। इस पावन अवसर पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि थाना भवन का देवी भवन मंदिर न केवल स्थानीय बल्कि आसपास के क्षेत्रों के लिए भी गहरी आस्था और ब्विास का प्रमुख केंद्र है।

**झिंझाना संवाददाता के अनुसार** नगर एवं देहात क्षेत्र में दुर्गा अष्टमी पर्व श्रद्धा आस्था और वि श्वास के साथ मनाया गया। घरों में कन्याओं का पूजन कर भोजन कराया गया। उधर मंदिरों में श्रद्धालुओं ने माता का दर्शन, पूजन अर्चन कर आशीर्वाद लिया। कस्बे के राम श्याम दुर्गा मंदिर में अखंड रामायण पाठ का समापन हुआ। समापन अवसर पर मंदिर में महिला और पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे। पुरोहित और विद्वान पंडित वीरेंद्र शर्मा ने विधि-विधान के साथ समापन कराया। 24 घंटे के लिए रामचरितमानस का पाठ बुधवार को शुरू हुआ था। लोगों ने अपनी अपनी शैली में रामचरितमानस को पढ़ा ,जो रात भर चलता रहा और बृहस्पतिवार दोपहर पाठ पूरा होने पर आरती के साथ समापन हुआ। महिलाओं ने भजन कीर्तन किया। श्रद्धालुओं को हलवे का प्रसाद वितरित किया गया। माता शाकुंभरी देवी मंदिर पर महामाई का दर्शन ,पूजन अर्चन कर आशीर्वाद लिया। निकटवर्ती गांव रंगाना स्थित दुर्गा मंदिर पर मेले के साथ-साथ भंडारे का भी आयोजन हुआ। मंदिर के पुरोहित आकाश शर्मा और राहुल शर्मा ने बताया कि श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में मंदिर में पहुंचकर माता का दर्शन कर प्रसाद और आशीर्वाद ग्रहण किया। वही दूसरी ओर पावन नवरात्रों के समय में मंदिरों में माता रानी की पूजा अर्चना के साथ-साथ उपवास रखे गए और दुर्गा अष्टमी और नवमी पर आज एक ही दिन में मनाते हुए इस अवसर पर रंगाना गांव से बाहर देवी मंदिर में गत कई वर्षों की तरह इस बार भी मेंले एवं भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के गांव के ग्रामीणों ने पहुंचकर भाग लिया।ঘ और भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। गत कई वर्षों की तरह इस बार भी रंगाना गांव से बाहर करीब 1 किलोमीटर पश्चिम में स्थित देवी मंदिर में नवरात्रों के समय पर पूजा अर्चना चलती रही और आज दुर्गा अष्टमी और रामनवमी इकट्ठा होने की वजह से हवन पूजन किया गया। इस अनुष्ठान को यहां के प्रमुख सेवादार पंडित राहुल शर्मा द्वारा विधि विधान से संपन्न किया गया। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। पं. ओम प्रकाश शर्मा व राहुल शर्मा के खेत में बने इस मंदिर में पिछले करीब 20 वर्षों से नवरात्रों के मौके पर मेले एवं भंडारे का आयोजन होता आया है। इस बार भी आज विधि विधान से मेला और भंडारे का कार्यक्रम संपंन हुआ। इस मौके पर पुलिस की भी अच्छी खासी व्यवस्था देखने को मिली। इससे पहले दिन बुधवार को माता रानी की प्रतिमा को लेकर गांव रंगाना में ढोल बाजे के साथ परिक्रमा संपंन की गई थी।

## 29 मार्च को जनपद में क्रिकेट ट्रायल का होगा आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में सत्र 2026-27 के लिए क्रिकेट ट्रायल की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिले के उभरते क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए यह एक महत्वपूर्ण अवसर माना जा रहा है, जिसमें विभिन्न आयु वर्गों के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे।

इस संबंध में जिला क्रिकेट कोऑर्डिनेटर विनय कुमार ने जानक. ारी देते हुए बताया कि अंडर-16, अंडर-19, अंडर-23 और रणजी ट्रॉफी के ट्रायल 29 मार्च को आयोजित किए जाएंगे। ट्रायल का आयोजन शामली क्रिकेट एकेडमी, करनाल रोड, महावीर एन्क्लेव के पास किया जाएगा, जहां खिलाड़ियों की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अंडर-16 वर्ग के खिलाड़ियों का ट्रायल सुबह 8 बजे से शुरू होगा। इसके बाद अंडर-19 वर्ग का ट्रायल सुबह 11 बजे आयोजित किया जाएगा। अंडर-23 वर्ग के खिलाड़ियों को दोपहर 3 बजे मैदान में बुलाया गया है, जबकि रणजी ट्रॉफी के लिए इच्छुक खिलाड़ियों का ट्रायल शाम 4:30 बजे से शुरू होगा। विनय कुमार ने बताया कि चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराई जाएगी, जिसमें खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर ही उनका चयन किया जाएगा। उन्होंने जिले के सभी इच्छुक खिलाड़ियों से अपील की है कि वे निर्धारित समय से पहले मैदान पर पहुंचें और अपने साथ रजिस्ट्रेशन फॉर्म की रसीद तथा आधार कार्ड अवश्य लेकर आएं, ताकि ट्रायल प्रक्रिया में किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकार के ट्रायल से जिले की क्रिकेट प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मौका मिलता है और बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राज्य स्तर पर खेलने का अवसर प्राप्त हो सकता है। खिलाड़ियों और अभिभावकों में ट्रायल को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। ट्रायल से जनपद की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मौका मिल पाएगा।

**सूचना**

**जनपद शामली के कस्बा एलम, गढ़ीपुख्ता, बाबरी, बनत व जलालाबाद में संवाददाताओं के आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करे। अनुभवी को वरियता दी जाएगी।**

**सुनील वर्मा**

(जिला प्रभारी/ब्यूरो चीफ)

मो. 8630354443

कार्यालय पताः- ऊपरी मंजिल ओम प्लाजा मार्केट, इलाहाबाद बैंक, धीमानपुरा, शामली

# गृह कलेश में युवक ने चाकू मारकर की आत्महत्या

## कई बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिताओं में चैंपियन रह चुका है मृतक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** कस्बे में एक बॉडी बिल्डर युवक ने घर की आपसी कहासुनी के चलते चाकू मार कर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने उसे आनन फानन में मोदीपुरम के एक अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना पर उसकी पत्नी व मां का रो रोकर बुरा हाल हो गया। वहीं कस्बे में भी मातम पसर गया। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को कस्बे की जामा मस्जिद के निकट रहने वाले दो भाइयों सलमान और इमरान में किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई। दोनों एक दूसरे को भला बुरा कहने लगे परिवार के लोग कुछ समझ पाते इसी बीच छोटे भाई सलमान ने गुस्से में आकर अपने जांघ में चाकू मार लिया चाकू लगते ही खून की फव्वार बहने



मृतक का फाइल फोटो।

लगी जिसे देखकर परिजन भयभीत हो गए। तभी अन्य बड़े भाइयों ने सलमान को मोदीपुरम स्थित एसडीएस ग्लोबल हॉस्पिटल में भर्ती करा दिया। जहां सलमान की उपचार के दौरान बृहस्पतिवार को मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं कस्बे में भी शोक की लहर दौड़ गई। सलमान अच्छा खासा बॉडी बिल्डर था जो कि कई चैंपियनशिप अपने नाम कर चुका था। कई जगह बॉडी बिल्डिंग शो में प्रतिभाग करके अपने क्षेत्र का नाम भी रोशन कर चुका था। सलमान के परिवार में उसकी बीवी और 2 बच्चे शामिल हैं। एक बच्चे की उम्र एक साल व दूसरा बच्चा अभी दस पंद्रह दिन का बताया जा रहा है। कस्बे में इस घटना से मातम पसरा हुआ है। परिजनों ने किसी भी पुलिस कार्यवाही और पीएम कराने से इंकार कर दिया। वहीं देर रात गमगीन माहौल के बीच मृतक के शव को स्थानीय कब्रिस्तान में सुपुर्द खाक किया गया।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से फैक्ट्री मालिक की मौत

- चौधरी चरण सिंह कांवड़ मार्ग पर हुई घटना
- बड़ौत से काम निपटा कर गंग नहर पटरी से होते हुए जा रहे थे गाजियाबाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** गुरुवार की दोपहर चौधरी चरण सिंह कावड़ पटरी मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार फैक्ट्री मालिक की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मेरठ की साकेत कॉलोनी निवासी 58 वर्षीय अशोक कुमार पुत्र प्रेम शंकर ने गाजियाबाद के सिहानी गेट क्षेत्र में एक पानी का प्लांट लगा रखा है। गुरुवार को अशोक कुमार शर्मा काम के सिलसिले में बड़ौत गए थे। अशोक कुमार शर्मा बड़ौत से काम निपटा कर अपनी बाईक से पुठ गंग नहर पटरी होते हुए गाजियाबाद जा रहे थे। अशोक शर्मा जैसे ही जानी



गंग नहर पुल से सिवाल खास गंग नहर पटरी के पास पहुंचे किसी अज्ञात वाहन ने अशोक शर्मा की बाईक में जोरदार टक्कर मार दी। अज्ञात वाहन की टक्कर से अशोक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल पहुंचाया लेकिन चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। अशोक शर्मा की मौत पर परि. जनो में हड़कंप मच गया।

# खरदौनी में सालाना जलसे का हुआ आयोजन, देश की तरक्की व अमन-चैन की दुआ में उठे सैकड़ों लोग



जलसे में खिताब फरमाते मुफ्ती शौकत।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** क्षेत्र के ग्राम खरदौनी में हर वर्ष की तरह इस बार भी सालाना जलसे का आयोजन किया गया जिसमें शामली से आए मुफ्ती शौकत ने तकरीर करते हुए सभी मुस्लिमों से दीन पर चलने व पाबंदी के साथ नमाज अदा करने की अपील की वहीं उन्होंने कहा कि इस्लाम में सूद लेना ओर देना दोनों ही हराम है। तत्पश्चात मुफ्ती शौकत ने दुआ कराई जिसमें एक साथ सैकड़ों लोगों ने देश की तरक्की व अमन चैन के लिए दुआ की। इस दौरान ग्राम प्रधान सनव्वर चौहान, हिफजुर्रहमान, मौलाना सुल. ेमान, हाजी रियाजउद्दीन, मौलाना माजिद सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।

# संदिग्ध परिस्थितियों में झोपड़ी में लगी आग, सामान जलकर राख



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** थाना क्षेत्र के गांव सैफपुर फिरोजपुर (रामराज) के मोहल्ला जगजीवनपुरी में गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे अचानक आग लगने से एक झोपड़ी जलकर पूरी तरह राख हो गई। घटना के दौरान झोपड़ी में रखा घरेलू सामान भी जलकर नष्ट हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मुन्कैद पुत्र जमाल शाह की झोपड़ी में अज्ञात कारणों से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और पूरी झोपड़ी को अपनी चपेट में ले लिया। आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। घटना में राहत की बात यह रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है, जिससे घटना संदिग्ध मानी जा रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

# बहसूमा पुलिस ने चोरी की घटना का किया खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** थाना बहसूमा पुलिस ने चोरी की एक घटना का सफल अनावरण करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का सामान बरामद किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ सख्त संदेश गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 12 फरवरी 2026 को ग्राम मोहम्मदपुर शकिस्त निवासी सुधीर कुमार पुत्र राजकुमार ने थाना बहसूमा में तहरीर देकर बताया था कि अज्ञात चोरों द्वारा उनके ड्यूबैल से दो बैटरियां, एक इन्वर्टर, एक स्प्रे मशीन, लगभग 50 मीटर केबल तथा एक आउटडोर कैमरा (सिम सहित) चोरी कर लिया गया। इस संबंध में थाना बहसूमा पर मु.अ.सं. 38/2026 धारा 303(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेरठ, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी मवाना के निर्देशन में बहसूमा पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की। पुलिस ने राम. राज नहर पुल के पास से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान सतेन्द्र पुत्र रामसिंह निवासी ग्राम फिरोजपुर रामराज थाना बहसूमा (उम्र करीब 25 वर्ष) तथा सोनू पुत्र राजे निवासी ग्राम निहोरी महलका थाना फलावदा (उम्र करीब 23 वर्ष) के रूप में हुई है।

पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से एक बैटरी लिवगार्ड व इनवर्टर लगभग 250 ग्राम कॉपर तार, केबल तथा 3290 रुपये नकद बरामद किए हैं। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। सतेन्द्र के खिलाफ इसी मामले में मुकदमा दर्ज है, जबकि सोनू के विरुद्ध थाना फलावदा में पूर्व में गंभीर धाराओं में भी मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक जितेन्द्र कुमार, उपनिरीक्षक आशिष कुमार, कांस्टेबल प्रवीन कुमार एवं कांस्टेबल सुधीर कुमार शामिल रहे। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को नियमानुसार न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।



# क्रय केंद्र पर मारपीट, धमकी देने का आरोप, सुरक्षा की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** थाना बहसूमा क्षेत्र के ग्राम अससा स्थित गन्ना क्रय केंद्र पर मारपीट और धमकी देने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़ित अविनाश कुमार सिंह ने थाना बहसूमा में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई और सुरक्षा की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, अविनाश कुमार सिंह पुत्र स्वर्गीय लाल जी सिंह, जो वर्तमान में टिकौला (मुजफ्फरनगर) में उप महाप्रबंधक (गन्ना) के पद पर कार्यरत हैं, ने बताया कि 21 मार्च 2026 को कुछ सरकारी अधिकारी क्रय केंद्र की जांच के लिए पहुंचे थे। उसी दौरान वहां मौजूद कुछ लोग गलत कार्यों के लिए दबाव बना रहे थे। सूचना मिलने पर जब वह मौके पर पहुंचे, तो पहले से घात लगाए कुछ लोगों ने उन पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट की, जिससे उन्हें चोटें आईं। पीड़ित के अनुसार, इस मामले में अजॉय नलवा उर्फ निपुर, हिमांशु उर्फ निक्की, मनीष उर्फ प्रवीन उर्फ कोटे,



कृष्णवीर उर्फ बबलू, तारा, अवनीश मोंगरा समेत अन्य लोगों के खिलाफ थाना बहसूमा में मुकदमा संख्या 0067 दर्ज किया गया है।

पीड़ित ने आरोप लगाया है कि अब आरोपी जमानत पर छूटने के बाद दोबारा क्रय केंद्र और अन्य स्थानों पर आकर धमकी दे रहे हैं। आरोपियों द्वारा कहा जा रहा है कि यदि समझौता नहीं किया तो जान से मार देंगे। इन धमकियों के चलते क्रय केंद्र का स्टाफ भयभीत है और काम करने में असमर्थता जता रहा है। पीड़ित ने प्रशासन से मांग की है कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और क्रय केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए, ताकि कर्मचारी निर्भय होकर अपना कार्य कर सकें।

# बागपत सांसद के नेतृत्व में लगा नेत्र शिविर




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बागपत तंत्र राजकुमार सांगवान के नेतृत्व में एक नेता शिविर कैंप का आयोजन किया गया जिसमें दर्जनों ग्रामीणों ने अपनी आंखों की जांच कराई ग्राम बूढपुर में एक सराहनीय स्वास्थ्य पहल के अंतर्गत नि:शुल्क नेत्र जांच एवं ऑपरेशन शिविर का भी आयोजन किया गया। यह शिविर बागपत के सांसद डॉ. राजकुमार संगवान के अथक प्रयासों का परिणाम रहा, जिनके विशेष सहयोग से दिल्ली स्थित डॉ. एल.के. गांधी श्रॉफ नेत्र संस्थान द्वारा विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम गांव में भेजी गई। इस शिविर में ग्रामीणों की आंखों की मुफ्त जांच की गई तथा जरूरतमंद मरीजों के लिए नि:शुल्क ऑपरेशन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने इस शिविर का लाभ उठाया, जिससे क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को मजबूत करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता चौधरी सत्येन्द्र सिंह तोमर, सुधीर चौधरी, अरविन्द तोमर एवं मनोज कुमार सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने डॉक्टरों की टीम के साथ मिलकर शिविर के सफल संचालन में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। ग्रामीणों ने भी इस पहल के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे शिविर उनके लिए अत्यंत लाभकारी हैं, जिससे उन्हें बड़े शहरों में इलाज के लिए जाने की आवश्यकता कम हो जाती है।

# इंसानियत ही सबसे बड़ी सेवा: जमा काजमी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** बुधवार को जानी ब्लॉक के गांव रसूलपुर धौलडी में जो ईरान के लिए शिया समुदाय के लोगों ने मदद के लिए आगे हाथ बढ़ाया है उसकी सराहना सभी आसपास के क्षेत्र के ग्रामीणों भाइयों ने की है अंजुमन हुसैनिया के नेतृत्व में गांव के ही स्वर्गीय सरकार हुसैन के बेटों ने करीब 15 लाख रुपए का प्लॉट ईरान की सहायता के लिए दान कर दिया। वहीं उसके बाद से ही कुछ विरोधियों ने अपनी अपनी घटिया मानसिकता जाहिर की है और कुछ लोगों ने अंजुमन हुसैनिया में डोनेशन तो दूर जाना भी गवारा नहीं समझा। गुरुवार को ग्राम रसुलपुर धौलड़ी के प्रधान प्रत्याशी जमा काजमी ने कहा कि इंसानियत ही सबसे बड़ी सेवा है हिंदू मुस्लिम सिख इसाई हमारे समाज ने अगर किसी भी देश में कोई व्यक्ति भी इन हालात से गुजरा है तो अंजुमन हुसैनिया ने मदद की है लेकिन कुछ लोग इसमें राजनीतिक रोटियां सेक कर अपनी घटिया मानसिकता का



परिचय दे रहे हैं। वहीं इस मौके पर अंजुमन हुसैनिया के पदाधिकारी ने भी कहा कि ईरान के ऊपर इसराइल और अमेरिका ने जो जुल्म ढाए हैं उसमें गरीब बेटियों और गरीबों में के घर उजड़ गए हैं। ईरान के लिए हमारी कमेटी अंजुमन हुसैनिया पीछे नहीं हटेगी। इस दौरान तनवीर हैदर, इस्लाम मेहंदी, असगर असरफ तकवी, कोकब काजमी, नगीन काजमी, नाजिर हुसैन आदि मौजूद रहे।

# टिकौला शुगर मिल ने पेराई सत्र समाप्ति की तैयारी की तेज, गन्ना आपूर्ति प्रमाण पत्र मांगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** टिकोला शुगर मिल लिमिटेड द्वारा पेराई सत्र 2025-26 के समापन की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इस संबंध में मिल प्रशासन ने सहकारी गन्ना विकास समितियों को पत्र जारी कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

मिल द्वारा जारी पत्र के अनुसार, पेराई सत्र के दौरान प्रथम, द्वितीय व तृतीय बंदी से संबंधित सूचनाएं पूर्व में ही समितियों को प्रेषित की जा चुकी हैं। साथ ही उत्तर प्रदेश गन्ना आयुक्त द्वारा जारी आदेश के तहत विभिन्न समितियों के क्षेत्रों से टिकोला मिल को गन्ना आपूर्ति के लिए निर्धारित किया गया था। मिल प्रशासन ने बताया कि अधिकांश गन्ना खरीद कर पेराई की जा चुकी है तथा शेष गन्ना भी 29 मार्च 2026 तक खरीदे जाने की संभावना है। ऐसे में अब पेराई सत्र समाप्ति की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इसी क्रम में मिल ने संबंधित गन्ना समितियों से अनुरा. ेध किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों से मिल को आपूर्ति योग्य गन्ना समाप्त होने संबंधी प्रमाण पत्र शीघ्र उपलब्ध कराएं, ताकि मिल बंदी से संबंधित अग्रिम कार्यवाही की जा सके। मिल के अध्यक्ष रामपाल त्यागी द्वारा जारी इस पत्र के बाद गन्ना समितियों में भी हलचल तेज हो गई है और सत्र के समापन को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं।

# भारत की उभरती कंपनियों में निवेश के साथ संपत्ति सृजन का अनूठा अवसर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने अपनी यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस योजनाओं (यूलिप्स) के तहत आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ स्मॉलकैप 250 इंडेक्स फंड लॉन्च किया है। यह फंड ग्राहकों को उभरती हुई लिस्टेड कंपनियों के एक बड़े समूह में निवेश करने और एक अनुशासित, इंडेक्स-आधारित दृष्टिकोण के माध्यम से लंबी अवधि में संपत्ति बनाने में मदद करता है। इस नए फंड के लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के मुख्य निवेश अधिकारी मनीष कुमार ने कहा, यह फंड स्मॉलकैप 250 इंडेक्स को ट्रैक करता है, जिसमें निफ्टी 500 के अंतर्गत 251वें से 500वें स्थान तक की 250 कंपनियां शामिल होती हैं। हालाँकि, नियामकीय कारणों से कंपनी हमेशा इंडेक्स के अनुरूप सभी शेयर्स में उसी अनुपात में निवेश नहीं कर सकती, जिससे कभी-कभी ट्रैकिंग एरर हो सकता है। यह फंड उन छोटी सूचीबद्ध कंपनियों में निवेश का अवसर देता है, जो अपने विकास के शुरुआती चरण में हैं और समय के साथ बढ़ने की क्षमता रखती हैं।

# छापेमारी में होटल से पकड़े गए एक दर्जन घरेलू सिलेंडर, होटल स्वामियों पर हुआ मुकदमा दर्ज

## कार्रवाई से बाजार में मचा हड़कंप, डीएम के आदेश पर चलाया जा रहा है अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ में पुलिस और आपूर्ति विभाग के महानगर क्षेत्रीय अधिकारी सुनील कुमार ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए हापुड़ रोड़ पर स्थित कई होटलों में छापेमारी की गई। कोतवाली थाना क्षेत्र में सईद होटल और अन्य होटलों में कमर्शियल गैस सिलेंडरों की जगह घरेलू सिलेंडरों का उपयोग होता पाया गया। छापेमारी की इस कार्रवाई में तीन होटलों से एक दर्जन घरेलू गैस सिलेंडर बरामद किए गए हैं जिन्हें टीम ने जब्त कर लिया। साथ ही होटल संचालकों पर मुकदमा भी दर्ज किया गया है। इन सिलेंडरों का इस्तेमाल अवैध रूप से कमर्शियल कार्य में किया जा रहा था। प्रशासन की कार्रवाई से बाजार में हड़कंप मच गया। जैसे ही छापेमारी की खबर फैली आसपास के होटलों और ढाबों



से सिलेंडरो को हटाने की कोशिश की जाने लगी। पुलिस और आपूर्ति विभाग की संयुक्त कार्रवाई में शहर कई इलाकों में कार्रवाई की गई, जहां इन सिलेंडरों का उपयोग न केवल व्यवसायिक काम में किया जा रहा था, बल्कि इनकी ऊंचे दामों पर खरीद फरोख्त की जा रही थी। दरअसल, मध्य पूर्व में जारी युद्ध के बाद गैस और तेल संकट गहरा गया है। एक तरफ आम लोग गैस एजेंसियों के बाहर लंबी लाइनों में लगकर भी सिलेंडर नहीं ले पा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर एजेंसी संचालकों की मिलीभगत से कालाबाजारी का खेल खुलेआम जारी है। जिलाधिकारी के आदेश पर अभियान तो चलाया जा रहा है लेकिन सवाल ये है कि आखिर गैस एजेंसियों पर ठोस और कड़ी कार्रवाई कब होगी? फिलहाल कार्रवाई सिर्फ होटलों तक सीमित नजर आ रही है, जबकि असली जड़ कालाबाजारी करने वाले एजेंसी संच. ालक हैं। अगर समय रहते गैस एजेंसियों पर सख्त कार्रवाई की जाए तो आम जनता को बड़ी राहत मिल सकती है और कालाबाजारी पर अंकुश लगाया जा सकता है। मेरठ में गैस की कालाबाजारी का ये मामला प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। अब देखना होगा कि जिम्मेदारों पर कब और कितनी सख्त कार्रवाई होती है।

# यामाहा ने एआर रहमान को ब्रांड एंबेसडर किया नियुक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ऑस्कर विजेता, संगीतकार और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित संगीत आइकन ए.आर. रहमान ने भारतीय संगीत को वैश्विक मंच तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनकी यह प्रेरक यात्रा भारतीय प्रतिभा की वैश्विक क्षमता को दर्शाती है, जो यामाहा म्यूजिक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की भारत में संगीत संस्कृति को प्रोत्साहित करने की प्रतिबद्धता से मेल खाती है। यह साझेदारी भारत के संगीत इकोसिस्टम को मजबूत करने की दिशा में कंपनी की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता का एक अहम मील का पत्थर साबित होगा। यामामोटो ताकेतोशी के मैनेजिंग डायरेक्टर ने कहा,हसंगीत यामाहा म्यूजिक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की सोच के केंद्र में है। भारत की समृद्ध संगीत विरासत को वैश्विक पहचान मिलनी चाहिए। हमारी 'मेड इन इंडिया' पहल और ए.आर. रहमान के साथ सहयोग के माध्यम से हम नई पीढ़ी के संगीतकारों को प्रेरित करना और देशभर में संरचित संगीत शिक्षा का विस्तार करना चाहते हैं।

# नगर पंचायत फलावदा में रक्त दान शिविर आयोजित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** कस्बे के नगर पंचायत कार्यालय के प्रांगण में नोबेल चेरिटेबल ब्लड सेंटर द्वारा ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित किया गया जिसमें तीन दर्जन से अधिक लोगों ने रक्तदान किया। कैंप का शुभारंभ पूर्व चेयरमैन अब्दुस समद ने फीता काटकर किया। चेयरमैन ने बताया कि ब्लड डोनेट करने से ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल लेवल कंट्रोल में रहते हैं जिससे हार्ट अटैक की संभावना कम हो जाती है। कैंप में मुख्य रूप से डाव बुद्धि राजा, ब्रजपाल सिंह कश्यप, जीशान टेक्नीशियन, सोनम, नितिन चौधरी, अकरम आदि ने सहयोग किया।

**सूचना**

मेरी हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2024 अनुक्रमांक 1240428676 की मार्कशीट और सनद वास्तव मे कहीं खो गयी है। -भूमिका पुत्री सतेंद्र कुमार निवासी ग्राम सलावा, सरधना, मेरठ।

# RCB के बाद RR का भी 15290 करोड़ में हुआ सौदा

**जयपुर, वार्ता।** एरिजोना के टेक उद्यमी कल सोमानी की अगुवाई में अमेरिकी निवेशकों के एक कंसोर्टियम ने राजस्थान रॉयल्स (आरआर) को खरीदने के लिए करीब 15,290 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड बोली लगाई है। सोमानी, जो पहले से ही आरआर में हिस्सेदार हैं, अब अपने दो अन्य पार्टनर्स के साथ मिलकर फ्रेंच. इजी का पूरा मालिकाना हक हासिल कर चुके हैं। राजस्थान रॉयल्स ने ही साल 2008 में आईपीएल का पहला खिताब अपने नाम किया था। सोमानी के नेतृत्व वाला यह ग्रुप उन चुनिंदा इंवेस्टर्स में शामिल है,

जिन्हें नॉन-बाइंडिग राउंड के बाद फाइनल बिडिग के लिए आमंत्रित किया गया था। इस डील में न सिर्फ आरआर की 100 फीसदी हिस्सेदारी शामिल है, बल्कि टीम के सभी ग्लोबल ब्रांडेड राइट्स भी दांव पर हैं। इसमें दक्षिण अफ्रीका की पार्ल रॉयल्स और सीपीएल की बारबाडोस रॉयल्स जैसी टीमें भी शामिल हैं। आईपीएल की आठ शुरुआती टीमों में से एक आरआर को साल 2008 में यूके की 'इमर्जिंग मीडिया' ने महज 67 मिलियन डॉलर में खरीदा




था। इसका मालिकाना हक मनोज बडाले के पास है। उस दौर में एक डॉलर की कीमत लगभग 40 रुपये थी, जो अब बढ़कर 94 रुपये के करीब पहुंच गई है। इस गणित से देखें तो सोमानी ग्रुप की ताजा बोली 2008 की कीमत के मुकाबले रुपये में करीब 57 गुना ज्यादा है। दिलचस्प बात यह है कि 2008 में सबसे कम वैल्यू वाली टीम होने के बावजूद, दिवंगत शेन वॉर्न की कप्तानी में राजस्थान रॉयल्स ने पहले ही सीजन में इतिहास रचते हुए खिताब अपने नाम किया था। हालांकि पिछले आईपीएल में टीम नौवें पायदान पर रही थी, लेकिन मैदान पर इस प्रदर्शन का टीम की वैल्यू पर कोई असर नहीं पड़ा। दरअसल, फ्रेंचाइजी की बाजार में कीमत हमेशा उनके खेल से अलग तय की जाती है। साल 2009 में राजस्थान रॉयल्स आईपीएल की ऐसी पहली टीम बनी थी, जिसने अपनी हिस्सेदारी बेची थी। तब बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा ने टीम में 11.7 प्रतिशत स्टेक खरीदा था। इसके बाद 2021 तक आते-आते बडाले मुख्य निवेशक बन गए और उनकी हिस्सेदारी 65 फीसदी से भी ज्यादा हो गई। यह उस फंडिग ड्राइव का नतीजा था जिसमें कई बड़े निवेशकों को जोड़ा गया, जिनमें टीम8 के सह संस्थापक इयान मैककिनन, पूर्व बीटी सीईओ फिल जेनसन, फ्यूचर लर्न और नेटवर्क इंटरनेशनल के चेयरमैन रॉन कलीफा, बेटफेयर के संस्थापक एड रे, और टेक उद्यमी जैसे सोमानी, सिमर मेयो और मिहिर पटेल शामिल थे। 2021 में रेडबर्ड कैपिटल्स भी निवेशक के रूप में शामिल हुआ, जिसकी हिस्सेदारी 15 प्रतिशत है और जिसका निवेश लिवरपूल और बोस्टन रेड सॉक्स की पैरेंट कंपनी में भी है।

### विजय माल्या ने आरसीबी के नए मालिकों को दी बधाई

**नई दिल्ली, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के पूर्व मालिक विजय माल्या ने फ्रेंचाइजी के नए मालिकों को इस मूल्यवान आईपीएल फ्रेंचाइजी को खरीदने के लिए शुभकामनाएं दी हैं। माल्या ने एक्स पर लिखे एक पोस्ट में इस फ्रेंचाइज से जुड़ी यादों को साझा करते हुए कहा कि जब उन्होंने 2008 में 450 करोड़ रुपये में यह फ्रेंचाइजी खरीदी थी, तब कई लोगों ने उनका मजाक उडाया था और उनके निवेश को केवल एक 'वैनिटी प्रोजेक्ट' बताकर उसकी आलोचना की थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस निवेश के पीछे का मुख्य उद्देश्य रॉयल चैलेंज ब्रांड का निर्माण करना था, जिसके कारण उन्होंने फ्रेंचाइजी का नाम आरसीबी रखा। माल्या ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि 450 करोड़ रुपये के निवेश को 16,500 करोड़ रुपये तक बढ़ते देखना बेहद संतोषजनक है। उन्होंने यह भी साझा किया कि आरसीबी हमेशा उनके डीएनए का हिस्सा रहेगी।

# आरसीबी डील बताई गई बात से कहीं ज्यादा महंगी: ललित मोदी

**बेंगलुरु, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की ब्लॉकबस्टर सेल के बारे में आईपीएल के पूर्व कमिश्नर ललित मोदी ने गुरुवार को कहा कि यह डील बताई गई बात से कहीं ज्यादा बड़ी और महंगी है। हालांकि 1.78 बिलियन डॉलर के हेडलाइन आंकड़े पर चर्चा हो रही है, लेकिन मोदी ने कहा कि असल फाइनेंशियल खर्च कुछ और ही कहानी कहता है। उनके मुताबिक, सभी चीजों को जोड़ने के बाद, कुल पेमेंट लगभग 1,936 बिलियन डॉलर हो जाता है, जिससे यह डील दो बिलियन डॉलर के करीब पहुंच जाती है। उन्होंने बताया कि बोर्ड ऑफ कंट्रोल फॉर क्रिकेट इन इंडिया (बीसीसीआई) को दी जाने वाली पांच परसेंट ट्रांजेक्शन फीस बेस वैल्यूएशन से ज्यादा कॉस्ट को काफी बढ़ा देती है।

इसके अलावा, आरसीबी महिला टीम की एक्विजिशन कॉस्ट और कई सालों में फैले स्ट्रक्चर्ड पेमेंट से कुल खर्च और बढ़ जाता है। मोदी ने करेंसी डेप्रिसिएशन को भी एक वजह बताया, और कहा कि रुपये में उतार-चढ़ाव ने भारतीय टर्म्स में ट्रांजेक्शन की इफेक्टिव वैल्यू को बढ़ाकर लगभग 18,200 करोड़ रुपये कर दिया है। यह कमेंट्स तब आए हैं जब आदित्य बिड़ला ग्रुप की लीडरशिप वाले एक कंसोर्टियम ने यूनाइटेड स्पिरिट्स लिमिटेड से रॉयल चैलेंजर्स स्पोर्ट्स



प्राइवेट लिमिटेड में 100 परसेंट स्टेक खरीदा है, जिसे पहले से ही आईपीएल हिस्ट्री की सबसे हाई-प्रोफाइल डील्स में से एक माना जा रहा है। नंबर्स को तोड़-मरोड़कर, मोदी ने एक बड़ी बात पर जोर देने की कोशिश की- कि आईपीएल फ्रेंच. इजी वैल्यूएशन न केवल आसमान छू रही हैं, बल्कि ऐसी डील्स की असली इकोनॉमिक्स अक्सर हेडलाइन आंकड़ों में कम बताई जाती हैं, जिससे इसमें शामिल इन्वेस्टमेंट का असली स्केल छिप जाता है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### ओडिशा की किशोरी अंजलि ने केआईटीजी में तैराकी में जीता स्वर्ण

**रायपुर, वार्ता।** ओडिशा की किशोरी तैराक अंजलि मंडा ने खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 की तैराकी स्पर्धा में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। अंजलि ने बुधवार को 200 मीटर फ्रीस्टाइल में 2:39-02 सेकंड का समय निकालकर उन्होंने स्वर्ण पदक जीता और साथ ही तैराकी की मजबूत टीम कर्नाटक को पहले दिन के सभी छह स्वर्ण जीतने से भी रोक दिया। ओडिशा के जाजपुर जिले के गहिरागड़िया गांव (भुवनेश्वर से लगभग 100 किमी दूर) की रहने वाली अंजलि का पानी से रिश्ता शुरुआत में केवल मजे तक सीमित था, किसी औपचारिक प्रशिक्षण से नहीं। चार भाई-बहनों में सबसे छोटी अंजलि के पिता एक स्थानीय फैक्ट्री में वैन चालक हैं। वह 10 साल की उम्र में कलिगा इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज(केआईएसएस) पहुंचीं, जहां जनजातीय छात्रों को निष्शुल्क शिक्षा और आवास मिलता है।

### फिल्स ने रोमांचक मैच में 4 मैच पॉइंट बचाए, पॉल को चौंकाया

**मियामी।** आर्थर फिल्स ने बुधवार को मियामी ओपन में टॉमी पॉल से बचने के लिए नाटकीय ढंग से चार मैच पॉइंट बचाए। सीजन के एक मैच में, 21 साल के फिल्स ने घरेलू फेवरेट पॉल की उम्मीदों पर 6-7(3),7-6(4),7-6(6) से पानी फेर दिया और अपने पहले एटीपी मास्टर्स 1000 सेमीफाइनल में पहुंच गए। फिल्स, जो दो घंटे, 47 मिनट के पूरे मैच में पॉल की सर्विस नहीं तोड़ पाए, ने डिसाइडिग-सेट टाई-ब्रेक में 2/6 से लगातार छह पॉइंट बनाकर आगे बढ़े। फिल्स ने कोर्ट पर अपने इंटरव्यू में कहा कि यह एक कांटे की टक्कर थी और मैं कभी भी लड़ाई से पीछे नहीं हटता।अगर मैं हार भी जाता, तो कोई बात नहीं, मैंने बस अपनी तरफ से पूरी को. शिश की।ष फिल्स ने कहा, ष्यह मेरी जदिगी का अब तक का सबसे अच्छा रिजल्ट है। मैं सेमीफाइनल में अपना बेस्ट करने की कोशिश करूंगा, लेकिन अब मैं बहुत खुश हूं।

# सैमसन और गायकवाड करेंगे CSK के लिए ओपनिंग

**चेन्नई, वार्ता।** चेन्नई सुपर किग्स (सीएसके) के लिए आईपीएल 2026 से पहले सबसे बड़ा सवाल यही था कि उनके लिए ओपनिंग कौन करेगा। उन्होंने सीजन से पहले ही संजू सैमसन को अपने साथ जोड़ा था और टीम में पहले से ही कप्तान ऋतुराज गायकवाड तथा अंडर-19 स्टार आयुष म्हात्रे मौजूद थे। बुधवार को मुंबई में कप्तानों के इवेंट में गायकवाड ने बताया कि सीएसके ने अपनी ओपनिंग जोड़ी को फाइनल कर लिया है।

गायकवाड तीनों बल्लेबाजों को लेकर बात कर रहे थे और उस दौरान उन्होंने कहा कि रुतु और संजू। आईपीएल 2025 में ओप. निंग करते हुए सात पारियों में 188-97 की स्ट्राइक रेट से 240 रन बनाने वाले 18 साल के म्हात्रे




को अब नीचे खेलना होगा। गायकवाड के इंजरी रिप्लेसमेंट के तौर पर आने वाले म्हात्रे पिछले सीजन सीएसके की खोज साबित हुए थे। आईपीएल 2026 से पहले फ्रेंचाइजी ने उन्हें रिटेन किया था और फरवरी में उनकी कप्तानी में भारत ने अंडर-19 विश्व कप जीता है। 2026 सीजन की नीलामी से पहले रवींद्र जडेजा और सैम करन के बदले ट्रेड के जरिए सैमसन को लाने के बाद से ही सीएसके की ओपनिंग जोड़ी को लेकर बात हो रही थी। सैमसन की ए डील आईपीएल इतिहास के सबसे बड़े ट्रेड में से एक थी और टी20 विश्व कप में धमाकेदार प्रदर्शन के बाद से तो उनका कद और बढ़ा है। सैमसन ने तीन मस्ट विन मैचों में 89, 89 और नाबाद 97 के स्कोर बनाए थे और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बने थे।

# चिन्नास्वामी में बिना टिकट के नही होगी एंट्री: पुलिस

**बेंगलुरु, वार्ता।** बेंगलुरु पुलिस ने गुरुवार को लोगों से कहा कि वे एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में इस सीजन के पहले आईपीएल मैच के लिए बिना वैलिड टिकट के न आएं। पुलिस ने चेतावनी दी है कि कड़ी जांच होगी और स्टेडियम के बाहर भीड़ जमा होने की इजाजत नहीं दी जाएगी। एक हाई-लेवल रिव्यू और मॉक ड्रिल के बाद पत्रकारों से बात करते हुए सीनियर पुलिस अधिकारी सीमांत कुमार सिंह ने कहा कि मैच को बिना किसी रुकावट के कराने के लिए बड़े पैमाने पर और कई स्तर की व्यवस्थाएं की गई हैं।

इसमें भीड़ कंट्रोल, यातायात का सुचारू संचालन और आपात स्थिति पर खास ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि ए तैयारियां कई महीनों की मिली-जुली कोशिशों का नतीजा हैं, जिसमें कई एजेंसियां और एक एक्सपर्ट कमेटी




शामिल थी। इस कमेटी ने बड़े पैमाने पर जांच-पड़ताल के बाद अपनी डिटेल्ड सिफारिशें सौंपी थीं। तैयारियों के हिस्से के तौर पर, 23 मार्च और 26 मार्च को दो बड़े मॉक ड्रिल किए गए। इनमें पुलिस, फायर सर्विस, हेल्थ डिपार्टमेंट, पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट (पीडब्ल्यूडी) और जीबीए अधिकारियों समेत सभी जरूरी स्टेकहोल्डर्स शामिल थे। सिंह ने कहा कि विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के आधार पर, हमने पिछले कुछ महीनों में हर लेवल पर फिजिकल जांच की है। यह पक्का करने के लिए कि मैच सुरक्षित और बिना किसी रुकावट के हों, जरूरी बदलाव अलग- अलग चरणों में लागू किए गए हैं। सभी डिपार्टमेंट्स ने इन ड्रिल्स में हिस्सा लिया और हमने सिफारिशों के आधार पर तैयारियों का जायजा लिया। अभी तक, पहले चरण के ज्यादातर उपाय पूरे हो चुके हैं। पहला मैच शुरू होने में केवल दो दिन बाकी हैं, ऐसे में सिंह ने बताया कि सुरक्षा काफी बढ़ा दी गई है। ट्रैफिक और लॉ-एंड-ऑर्डर, दोनों ही नजरिए से पुलिस की संख्या लगभग दोगुनी कर दी गई है। एक सख्त एडवाइजरी जारी करते हुए, उन्होंने जोर देकर कहा कि केवल वैलिड टिकट वाले लोग ही स्टेडियम की तरफ आएं।

# गंभीर हाई स्टैंडर्ड तय करने के साथ ही जवाबदेहीभी चाहते हैं: डु प्लेसिस

**नई दिल्ली, वार्ता।** कोलक. ाता नाइट राइडर्स पिछले टाटा आईपीएल सीजन में पॉइंट्स टेबल के दूसरे हाफ में रही थी, और नए हेड कोच अभिषेक नायर के लिए काम बहुत होगा। जियो स्टार के 'आईपीएल टुडे लाइव' पर बात करते हुए, जियो स्टार एक्सपर्ट फाफ डु प्लेसिस और आकाश चोपड़ा ने केकेआर ड्रेसिंग रूम में गौतम गंभीर की गैरमौजूदगी, सिर्फ कैप्टन से आगे लीडरशिप की भूमिका, और हेड कोच के तौर पर अपने पहले सीजन में नायर के लिए चुनौतियों पर अपने विचार साझा किए।

फाफ डू प्लेसिस ने एक लीडर के तौर पर गौतम गंभीर के बारे में अपनी राय साझा की, क्योंकि वे उनके खिलाफ कई बार खेल चुके हैं। उन्होंने कहा कि गंभीर के बारे में मेरा नजरिया साफ तौर पर उन लोगों से बहुत अलग है



जो उनके साथ खेलते हैं। जब उनके खिलाफ खेलने की बात आती है तो वह हमेशा कहानी में विलेन होते हैं, लेकिन आप इसकी इज्जत करते हैं। और मुझे लगता है कि गौतम गंभीर के साथ यही खास बात है, वह बहुत कॉम्पिटिटिव हैं। वह एक सेकंड के लिए भी इस बात की चिंता नहीं करते कि कोई उन्हें पसंद करेगा या नहीं। एक लीडर के तौर पर उनका काम ऊंचे स्टैंडर्ड सेट करना और ड्रेसिंग रूम में अकाउंटेबिलिटी रखना है। इसलिए, बाहर से, उनके खिलाफ खेलने वाले एक साथी लीडर के तौर पर, आप उन्हें हराना चाहते हैं क्योंकि वह विरोधी टीम के तौर पर खुद को जिस तरह से पेश करते हैं, लेकिन आप इस बात की इज्जत करते हैं कि वह इतने ऊंचे स्टैंडर्ड सेट करते हैं। अच्छे लीडर यही करते हैं,

और उन्होंने जिस दिन से खेलना शुरू किया है, उसी दिन से यह बनाया है। अगर आप उनका रिकॉर्ड देखें, तो आपको अपनी टोपी उतारकर कहना होगा, लीडरशिप के नजरिए से, उनके साथ केकेआर एक मजबूत टीम थी। किसी फ्रेंचाइज में लीडरशिप के लिए कैप्टन ही सब कुछ क्यों नहीं है इस पर फाफ डु प्लेसिस ने कहा कि जब लोग किसी ऑर्गनाइजेशन या टीम में लीडरशिप को देखते हैं, तो हमेशा कैप्टन के बारे में सोचते हैं। हां, कैप्टन का एक रोल होता है, लेकिन मेरे लिए, यह ऊपर से नीचे तक जाता है। तो, यह आपके मालिक, कोच और टीम के अंदर लीडरशिप ग्रुप होते हैं। जब आप एमआई, सीएसके और केकेआर जैसी सफल टीमों को देखते हैं, तो वहां गौतम के साथ श्रेयस अय्यर, या धोनी के साथ फ्लेमिग होते हैं। पिछले साल भी आरसीबी के साथ, आपके पास एंडी फ्लावर और मो बोबट के साथ टॉप पर बहुत मजबूत लीडरशिप थी, लेकिन एक बहुत ही कम अनुभवी कैप्टन के साथ, जिसके लिए यह आईपीएल में पहली बार कप्तानी थी। अगर आपके पास एक मजबूत कैप्टन है, तो बहुत कुछ उस पर आ जाता है। लेकिन अगर आपके पास एक मजबूत कैप्टन नहीं है, तो एक मजबूत कोच की जरूरत होती है।

# मानसिक रूप से मजबूत बनने के लिए मुझे ब्रेक की जरूरत थी: पृथ्वी शॉ

**नई दिल्ली, वार्ता।** आईपीएल 2025 के ऑक्शन में अनसोल्ड रहने के बाद पृथ्वी शॉ एक बार फिर अपनी पुरानी टीम दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के साथ जुड़ गए हैं। साल 2023 और 2024 के सीजन शॉ के लिए कुछ खास नहीं रहे थे, जहां 16 पारियों में उनके बल्ले से महज 304 रन ही निकले। हालांकि आईपीएल 2026 के आगाज से पहले शॉ का मानना है कि इस छोटे से ब्रेक ने उन्हें मानसिक रूप से काफी मजबूत और तरोताजा कर दिया है।

शॉ ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि मैंने इस दौरान अपनी जदिगी को खुलकर जिया और कुछ जगहों पर घूमकर अपने दिमाग को शांत किया। वापसी के बाद मैंने अपने पुराने रूटीन पर तीन गुना ज्यादा मेहनत शुरू कर दी है, चाहे वह ट्रेनिंग हो या बल्लेबाजी। मेरे लिए यह ब्रेक बहुत जरूरी था। मैं इसे पीछे हटना नहीं कहूंगा, बल्कि इसने मुझे दिमागी तौर पर और भी ताकतवर बनाया है। बता दें कि आईपीएल 2024 के बीच में ही डीसी ने उन्हें प्लेइंग ग्प से बाहर कर दिया था। इसके बाद 2024-25 के घरेलू सीजन में भी उन्हें मुंबई की टीम से ड्रॉप होना पड़ा। उस समय मुंबई के उनके साथी श्रेयस अय्यर ने साफ कहा था कि शॉ को ष्अपनी वर्क एथिक्स (कार्यशैली) पर ध्यान देने की जरूरत है। इन तमाम उतार-चढ़ाव के बाद शॉ ने मुंबई का साथ छोड़ दिया




और हाल ही में महाराष्ट्र की टीम से जुड़कर मैदान पर वापसी की है। शॉ ने कहा कि मैं एक इंसान हूं, मुझसे गलतियां होंगी। जो कुछ लिखा या कहा जाता है, लोग उसका सिर्फ आधा ही जानते हैं। मेरा परिवार मुझे जानता है, मेरे दोस्त मुझे पूरी तरह जानते हैं। सोशल मीडिया या अखबारों में जब भी मेरे बारे में अच्छी या बुरी बातें आती थीं, तब उन्हें समझने के लिए मैं बहुत छोटा था। हर बार जब आप ऐसी चीज़ें देखते हैं, तो आप फिर उसी में उलझ जाते हैं। इसलिए मैंने उन्हें देखना ही बंद कर दिया। ए चीजें मुझे क्रिकेट से दूर ले जा रही थीं।

# चंडीगढ़ में महाराष्ट्र ने पदकों की गुढ़ी उठाई!




**चंडीगढ़, वार्ता।** चंडीगढ़ में आयोजित अखिल भारतीय नागरी सेवा योग क्रिडा स्पर्धा 2025-26 में श्रीमती अपर्णा जाधव, मानद सचिव, योग विभाग, सचिवालय जिमखाना के मार्गदर्शन में महाराष्ट्र शासन की टीम ने घवघवीत सफलता हासिल कर विजय की गुढ़ी उठाई!

24 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों से विभिन्न आयु वर्गों में लगभग 400 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

महाराष्ट्र टीम ने 15 पदक जीते।

1 स्वर्ण

7 रजत

7 कांस्य

इसके अलावा पुरुष टीम ने सामूहिक द्वितीय स्थान प्राप्त किया! इस प्रदर्शन की हर ओर प्रशंसा और बधाइयों की वर्षा हो रही है।

### बेंगलुरु एफसी ने पेप मुनोज को हेड कोच बनाया

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु एफसी ने स्पेन के पेप मुनोज को क्लब का नया हेड कोच बनाया है। मुनोज ने 2026/27 सीजन के आखिर तक ब्लूज के साथ कॉन्ट्रैक्ट साइन किया है और वे फर्स्ट टीम की जम्मिेदारी संभालेंगे क्योंकि क्लब सबसे ऊंचे लेवल पर मुकाबला जारी रखना चाहता है। मुनोज प्लेयर डेवलपमेंट और एलीट-लेवल कोचिग में अच्छे अनुभव के साथ बेंगलुरु आए हैं। उन्होंने पहले एफसी बार्सिलोना के यूथ सेटअप में बार्सा अंडर19 और बार्सिलोना बी के साथ काम किया है, और चीन की नेशनल फुटबॉल टीम के साथ काम करने के अलावा, उन्होंने किगदाओ हुआंगहाई और शेडोंग लुनेंग के साथ चीन में भी समय बिताया है। हेड कोच के तौर पर उनका पहला पूरा रोल कंबोडिया में प्रीह खान रीच स्वे रींग के साथ आया, जहां उन्होंने दो साल तक कामयाबी से काम किया।

# एशियन गेम्स मेरे लिए व्यक्तिगत तौर पर बहुत अहम हैं: मीराबाई चानू

**रायपुर, वार्ता।** भारत की स्टार भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने कहा है कि एशियन गेम्स मेरे लिए व्यक्तिगत तौर पर बहुत महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वहां मेरा अभी भी कुछ काम शेष है। खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के बुधवार को उद्घाटन समारोह के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में मीराबाई ने कहा, ष्एशियन गेम्स मेरे लिए व्यक्तिगत तौर पर बहुत महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि वहां मेरा अभी भी कुछ अधूरा काम बाकी है।

एशियन गेम्स में मुकाबले का स्तर बहुत ऊंचा होता है, जो इसे और भी अधिक चुनौतीपूर्ण और रोमांचक बनाता है। मीराबाई के सामने एक बड़ी चुनौती अपनी वेट कैटेगरी (वजन वर्ग) को एडजस्ट करना रही है। उन्होंने अधिकतर 49किग्रा वर्ग में ही हिस्सा लिया है, लेकिन अब इंटरनेशनल वेटलिफ्टिग फेडरेशन (आईडब्ल्यूएफ) द्वारा वजन वर्गों में किए गए बदलावों के कारण उन्हें अलग-अलग कैटेगरी के बीच स्विच करना पड़ेगा। मीराबाई 23 जुलाई से दो अगस्त तक ग्लासगो में होने वाले 2026 कॉमनवेल्थ गेम्स में 48किग्रा कैटेगरी में



हिस्सा लेंगी, और उसके बाद 19 सितम्बर से 4 अक्टूबर तक जापान के नागोया में होने वाले एशियन गेम्स में पदक जीतने की एक और को. शिश के लिए वापस 49 किग्रा भार वर्ग में आ जाएंगी। मीराबाई ने बताया, ष्मैं कॉमनवेल्थ गेम्स तक अपना वजन 48 किग्रा के अंदर ही रखूंगी, लेकिन उसके दो महीने के अंदर ही एशियन गेम्स होने हैं, जो कि 49किग्रा भार वर्ग में हैं, इसलिए मुझे वापस उसी कैटेगरी में जाना पड़ेगा। मीराबाई ने फरवरी में नेशनल वेटलिफ्टिग चैंपियनशिप में अपना 2026 का सीजन शुरू किया और महिलाओं की 48 किग्रा भार वर्ग में तीन नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाए। इस चैंपियनशिप में, मीराबाई ने स्नैच में 89 किग्रा वजन उठाया - यह उनका अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन था, भले ही वह अपनी सामान्य 49किग्रा कैटेगरी से कम वजन वाली कैटेगरी में हिस्सा ले रही थीं। इसके बाद उन्होंने क्लीन एंड जर्क में 116 किग्रा का सफल लिफ्ट किया, जो महिलाओं की 48 किग्रा कैटेगरी में नेशनल रिकॉर्ड है। इससे उनका कुल वजन 205 किग्रा हो गया और उन्होंने स्वर्ण पदक जीत लिया। मीराबाई ने 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स' की शुरुआत की तारीफ की और इसे दूर-दराज के इलाकों के खिलाड़ियों के लिए एक अहम मंच बताया। उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स उन सभी खिलाड़ियों को एक मंच देगा जो दूर-दराज के इलाकों से आते हैं, ताकि वे अपनी काबिलियत दिखा सकें। मैंने पूरे देश में, खासकर नॉर्थ-ईस्ट और दूसरे आदिवासी इलाकों में ऐसे कई मामले देखे हैं।

शाह टाइम्स

**सम्पादकीय**

शुक्रवार, 27 मार्च 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# ठोस पहल की जरूरत

अमेरिका ने ईरान के साथ जारी संघर्ष के लगभग चार सप्ताह बीत जाने के बाद पहली बार स्पष्ट रूप से समझौते की इच्छा जताते हुए युद्धविराम प्रस्ताव सामने रखा है। यह प्रस्ताव ऐसे समय में आया है जब दोनों देशों के बीच तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है और क्षेत्रीय स्थिरता पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। हालांकि इस पहल को एक सकारात्मक संकेत के रूप में देखा जा सकता है, लेकिन वास्तविकता यह है कि दोनों पक्षों की शर्तें अत्यंत कठोर हैं और आपसी भरोसे की भारी कमी शांति स्थापित करने की राह में सबसे बड़ी बाधा बनी हुई है। मौजूदा हालात में सबसे जरूरी कदम यह है कि तुरंत हमलों को रोका जाए और संवाद के जरिए किसी साझा समाधान की दिशा में ठोस प्रयास किए जाएं, क्योंकि सैन्य ताकत के सहारे केवल विनाश और अस्थिरता ही बढ़ेगी। प्रस्तावों को लेकर किसी भी तरह की ठोस स्पष्टता सामने नहीं आई थी। पाकिस्तान में ईरान के राजदूत रजा अमीरी मुकद्दम ने सार्वजनिक रूप से यह कहा कि वॉशिंगटन और तेहरान के बीच फिलहाल किसी प्रकार की सीधी बातचीत नहीं हो रही है। दूसरी ओर, ईरान के एक सैन्य प्रवक्ता ने भी अमेरिका के इस प्रस्ताव को गंभीरता से लेने के बजाय उसका मजाक उड़ाया, जिससे यह साफ जाहिर होता है कि ईरान अभी इस पहल को लेकर पूरी तरह आश्वस्त नहीं है। इसके बावजूद, यह एक महत्वपूर्ण बदलाव है कि कम से कम अब शांति और युद्धविराम जैसे मुद्दों पर खुलकर चर्चा हो रही है, जो आगे चलकर किसी सकारात्मक परिणाम का आधार बन सकती है। ईरान और अमेरिका के बीच जो मूलभूत मतभेद हैं, वे इतने गहरे और जटिल हैं कि उन्हें तुरंत सुलझा पाना आसान नहीं है। फरवरी में भी जब दोनों पक्षों के बीच बातचीत की कोशिश हुई थी, तब यही मुद्दे सामने आए थे और अंततः वार्ता किसी निष्कर्ष तक नहीं पहुंच सकी थी। यह ऐसे संवेदनशील विषय हैं जिन्हें दोनों देश अपनी 'रेड लाइन' मानते हैं, यानी ऐसे बिंदु जिन पर समझौता करना उनके लिए लगभग असंभव है। इन मुद्दों में सुरक्षा, क्षेत्रीय प्रभाव, परमाणु कार्यक्रम और प्रतिबंध जैसे कई पहलू शामिल हैं, लेकिन यह भी सच है कि किसी भी युद्ध के दौरान बातचीत की शुरुआत अक्सर इसी प्रकार के कठिन और असहज माहौल में होती है। यह उम्मीद करना अव्यावहारिक होगा कि दोनों देश तुरंत आमने-सामने बैठकर सभी मतभेद सुलझा लेंगे। इसके लिए धैर्य, लचीलापन और निरंतर प्रयास की आवश्यकता होती है। शांति की दिशा में आगे बढ़ने के लिए यह अनिवार्य है कि दोनों पक्ष अपने-अपने कठोर रुख में कुछ नरमी दिखाएं और ऐसे बिंदुओं की तलाश करें जहां आपसी सहमति बन सके। जब तक कोई साझा आधार नहीं मिलेगा, तब तक किसी भी तरह का समझौता संभव नहीं हो पाएगा।

## टेक्नोलॉजी पर विशेष ध्यान जरूरी



टेक्नोलॉजी विकास की रफ्तार को कई गुना बढ़ा सकती है और गति को प्रगति में बदल सकती है, इसी को ध्यान में रखते हुए उप्र सरकार ने कई कार्यक्रम शुरू किए हैं और बजट में टेक्नोलॉजी पर विशेष ध्यान देने का प्रयास किया है, जब हम तकनीक नहीं अपनाते उससे परहेज करते हैं तो प्रतिस्पर्धा में नहीं होते हैं और जब प्रतिस्पर्धा में नहीं होते हैं, तो प्रगति की जगह दुर्गति की ओर जाते हैं, हमें प्रगति की ओर नहीं जाना है बल्कि प्रगति का अनुसरण करना है, हमारे युवाओं में बहुत टैलेंट है। उसके टैलेंट को जब हम टेक्नोलॉजी के साथ जोड़ते हैं, तो वह अपनी प्रतिभा को कई गुना तेजी के साथ आगे बढ़ाने में सफल होता है।

**-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप्र**

# युद्ध के चलते दुनियाभर में ऊर्जा लॉकडाउन का डर






**रजनीश कपूर**

विश्व आज एक नए संकट के कगार पर खड़ा है। 28 फरवरी 2026 को शुरू हुए अमेरिका-इजरायल और ईरान युद्ध ने मात्र चार सप्ताह में वैश्विक ऊर्जा बाजार को हिला दिया है। 'स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज', जिससे दुनिया के 20 प्रतिशत तेल और एलएनजी का परिवहन होता है, प्रभावी रूप से बंद हो गया है। ईरान के साउथ पार्स गैस फील्ड और कतर के रास लाफान एलएनजी प्लांट पर हमलों से वैश्विक उत्पादन में 3.5 प्रतिशत की कमी आई है, जिसकी मरम्मत में वर्षों लग सकते हैं। तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच चुकी हैं, जबकि भारत जैसे आयात-निर्भर देशों में ईंधन, एलपीजी और बिजली की आपूर्ति पर दबाव बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में चेतावनी दी है कि यह संकट ऊर्जा सुरक्षा को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है। ऐसे में 'ऊर्जा लॉकडाउन' की चर्चा जोर पकड़ रही है। एक ऐसी स्थिति जिसमें ईंधन राशनिंग, बिजली कटौती और औद्योगिक गति. विधियों पर अंकुश लग सकता है, ठीक कोविड जैसी आपात स्थिति की तरह।

यह युद्ध केवल सैन्य टकराव नहीं, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था का आर्थिक हथियार बन गया है। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) के प्रमुख फतिह बिरोल ने इसे मेजर, मेजर थ्रेट बताया है। हॉर्मुज बंद होने से न केवल तेल, बल्कि उर्वरक, हीलियम और सल्फर की आपूर्ति भी प्रभावित हुई है, जो खाद्य उत्पादन और एआई तकनीक तक को प्रभावित कर रही है। बांग्लादेश ने पहले ही ईंधन राशनिंग लागू कर दी है। लंका में अनिवार्य ऊर्जा अवकाश की घोषणा हुई है। भारत में भी पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ रही हैं, एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति अनिश्चित है और बिजली संयंत्रों में कोयला-गैस का संकट गहरा रहा है। यदि युद्ध लंबा चला तो 'ऊर्जा लॉकडाउन' वास्तविकता बन सकता है। यानी उद्योग बंद, परिवहन सीमित और घरेलू बिजली पर पाबंदी। यह न केवल मुद्रास्फीति बढ़ाएगा, बल्कि विकास दर को 1-2 प्रतिशत तक घटा सकता है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि यदि हॉर्मुज दो-तीन महीने और बंद रहा तो वैश्विक मंदी अनिवार्य हो जाएगी, लेकिन संकट के बीच आशा की किरण भी दिख रही है।

शांति वार्ता की संभावना बन रही है और इसमें पाकिस्तान की भूमिका अचानक केंद्र में आ गई है। पाकिस्तान ने खुद को अमेरिका और ईरान के बीच मुख्य मध्यस्थ के रूप से स्थापित किया है। पाकिस्तानी आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर की ईरान और अमेरिका दोनों के साथ अच्छी पहुंच का फायदा उठाते हुए इस्लामाबाद ने वार्ता का मंच प्रस्तावित किया है। खबरों के अनुसार, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वैंस और ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बागेर गलीबाफ के बीच इस्लामाबाद में संभावित शिखर वार्ता की तैयारी चल रही है। पाकिस्तान ने 15-पॉइंट प्रस्ताव अमेरिका की ओर से ईरान तक पहुंचाया है, जिसमें हॉर्मुज खोलने, यूरेनियम संवर्धन सीमा और मुआवजे जैसे मुद्दे शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि यह भूमिका संयोग नहीं है। पाकिस्तान न तो अमेरिकी सैन्य अड्डे रखता है और न ही ईरान के साथ उसके संबंध खराब हैं। बल्कि पाकिस्तान के दोनों देशों के साथ सैन्य-कूटनीतिक संबंध मजबूत हैं। ईरान के साथ साझा सीमा और शिया समुदाय के कारण, जबकि (पाक आर्मी चीफ की हालिया व्हाइट हाउस यात्रा के चलते) अमेरिका के साथ ट्रंप की व्यक्तिगत दोस्ती के कारण पाकिस्तान मध्यस्थ बनने में सक्षम है। इसके साथ ही कतर और ओमान पारंपरिक मध्यस्थ रहे हैं, सऊदी अरब और टर्की ने भी 'बैकचैनल' वार्ता शुरू की है, जबकि चीन ने आर्थिक हितों के कारण शांति की अपील की है। लेकिन जानकारों के अनुसार पाकिस्तान की पहल सबसे मुखर और सक्रिय लग रही है।

सवाल उठता है कि क्या युद्धविराम संभव है? कूटनीतिक विशेषज्ञों की राय विभाजित है। कुछ का मानना है कि पाकिस्तान की मध्यस्थता एक 'टर्निंग पॉइंट' साबित हो सकती है क्योंकि दोनों पक्ष थक चुके हैं। तेल की महंगाई के चलते अमे. रिका को घरेलू आर्थिक दबाव और इजरायल को क्षेत्रीय विस्तार की सीमा का सामना करना पड़ रहा है। ईरान की अर्थव्यवस्था पहले से ही चरमरा रही है। पाकिस्तान के माध्यम से 'बैकचैनल' संदेशों का आदान-प्रदान पहले ही शुरू हो चुका है। यदि इस्लामाबाद शिखर सफल हुआ तो हॉर्मुज दोबारा खुल सकता है और ऊर्जा संकट थम सकता है। वाशिंगटन इंस्टीट्यूट और स्टिमसन सेंटर के विश्लेषकों का कहना है कि यह युद्ध 'कोई स्पष्ट विजेता' नहीं देगा। इजरायल के हमलों से ईरान की ऊर्जा सुविधाएं क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं, जिनकी मरम्मत में वर्षों लगेंगे। ईरान की ओर से जवाबी हमले अभी भी जारी हैं। यदि युद्धविराम हो भी गया तो भी 'दूसरे चरण' के मुद्दे जैसे कि, परमाणु कार्यक्रम, क्षेत्रीय प्रभाव और मुआवजा आदि, बने रहेंगे। पाकिस्तान की भूमिका को कुछ विशेषज्ञ 'रणनीतिक अवसरवाद' मानते हैं। पाकिस्तान खुद अफगानिस्तान के साथ संघर्ष में फंसा है और सऊदी के साथ रक्षा समझौते की तलाश में है। मध्यस्थता से वह वैश्विक कूटनीति में अपनी प्रासंगिकता बढ़ाना चाहता है। लेकिन विशेषज्ञ चेताते हैं कि यदि ईरान पाकिस्तानी प्रस्ताव को 'ट्रंप का दबाव' माने तो बात आगे नहीं बढ़ेगी।

पाकिस्तान भले ही क्षेत्रीय शक्तियों (सऊदी, टर्की) और महाशक्तियों (अमेरिका, चीन) के बीच संतुलन बनाए रखता है। फिर भी, युद्ध की जड़ें गहरी हैं, परमाणु मुद्दा, इजरायल-ईरान शत्रुता और हॉर्मुज का भू-राजनीतिक महत्व आदि। यदि पाकिस्तान सफल हुआ तो भारत को फायदा होगा, क्योंकि हमारा 60 प्रतिशत तेल आयात मध्य पूर्व से आता है, लेकिन भारत को अपनी ऊर्जा सुरक्षा पर ध्यान देना चाहिए।

जैसे कि रणनीतिक भंडार बढ़ाना, नवीकरणीय ऊर्जा को तेज करना और रूस-मध्य एशिया से आयात विविधीकरण करना। ऊर्जा लॉकडाउन से बचने का एकमात्र रास्ता कूटनीति है, लेकिन यदि युद्ध जारी रहा तो वैश्विक अर्थव्यवस्था को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। भारत जैसे विकासशील देशों को हर स्थिति के लिए तैयार रहना होगा, न केवल संकट प्रबंधन के लिए, बल्कि दीर्घकालिक ऊर्जा स्वतंत्रता के लिए भी। यह संकट हमें याद दिलाता है कि युद्ध अब केवल सीमाओं पर नहीं, बल्कि ऊर्जा पाइपलाइनों और आर्थिक आपूर्ति श्रृंखलाओं पर भी लड़ा जाता है। गौरतलब है कि शांति की अपील सभी पक्षों, अमेरिका, इजरायल, ईरान और मध्यस्थ देशों से होनी चाहिए। अन्यथा, दुनिया भर में ऊर्जा लॉकडाउन का साया काफी देर तक मंडराता रहेगा।

# जलवायु परिवर्तन, पौधों पर जल्दी फूल आना

**नाइट्रिक ऑक्साइड पौधों और जंतुओं में एक जाना-माना महत्वपूर्ण संकेतक अणु है। यह बूंद से पौधे की कोशिकाओं में पहुंचकर ऐसी जैव-रासायनिक प्रक्रियाएं शुरू करवाता है, जो अंततः पुष्पन की प्रक्रिया को सक्रिय कर देती हैं। पुष्टि के लिए वैज्ञानिकों ने 30 से अधिक वर्षों में जुटाए गए ब्रेसिकेसी कुल के लगभग 1.2 करोड़ पौधों के पुष्पन रिकॉर्ड का विश्लेषण किया। उन्होंने पफूल खिलने के समय की तुलना 11 अलग-अलग मौसम सम्बंधी कारकों से की। पफूल खिलने के समय का सम्बंध तापमान और दिन की लंबाई के अलावा ओस बिंदु से भी देखा गया।**



दुनिया भर में कई पौधों में अब पहले की तुलना में जल्दी फूल खिलने लगे हैं। पूरा ध्यान बढ़ते तापमान पर जाता है। लेकिन वैज्ञानिकों के अनुसार केवल गर्मी बढ़ना ही इसका कारण नहीं है। जैसे, ग्रीनहाउसों में सिर्फ ज्यादा तापमान देने से फूल समय से पहले नहीं खिले। एक नए अध्ययन से पता चला है कि पत्तियों पर जमा होने वाली ओस की बूंदें इस जल्दबाजी की वजह हो सकती हैं।

शोधकर्ताओं के अनुसार, जब पानी की बहुत सूक्ष्म बूंदें पत्तियों पर जमती हैं, तो वे कुछ रासायनिक अभिक्रियाएं शुरू करवाती हैं। ए अभिक्रियाएं पौधे को संकेत देती हैं कि अब फूल बनाने का समय आ गया है। तो लगता है कि केवल बढ़ता तापमान नहीं, बढ़ती नमी के कारण बनने वाली ओस भी पौधों के व्यवहार को प्रभावित कर सकती है। पहले किए गए प्रयोगों से यह स्पष्ट था कि थोक पानी की तुलना में पानी की बहुत छोटी बूंदें अलग तरह से व्यवहार करती हैं। जब ऐसी सूक्ष्म बूंदें किसी ठोस अजैविक सतह पर बनती हैं, तो उनमें खास रासायनिक अभिक्रियाएं शुरू हो सकती हैं। देखा गया था कि इन अभिक्रियाओं के कारण वहां मूलक बनते हैं जिनमें अयुग्मित इलेक्ट्रॉन होते हैं। इस अवलोकन से यह सवाल पैदा हुआ कि यदि ऐसी ही बूंदें किसी सजीव सतह (जैसे पत्ती) पर जमें तो क्या परिणाम होगा। इसको समझने के लिए वैज्ञानिकों ने एक छोटे फूलदार पौधे एरेबिडॉप्सिस थैलियाना पर प्रयोग किए। यह ब्रेसिकेसी कुल का पौधा है। विस्तृत प्रयोगों में पाया गया कि इस पौधे की पत्तियों पर ओस जमने पर, वहां होने वाली रासायनिक अभिक्रियाओं के परिणामस्वरूप हाइड्रोजन परॉक्साइड और नाइट्रिक ऑक्साइड बनते हैं।

नाइट्रिक ऑक्साइड पौधों और जंतुओं में एक जाना-माना महत्वपूर्ण संकेतक अणु है। यह बूंद से पौधे की कोशिकाओं में पहुंचकर ऐसी जैव-रासायनिक प्रक्रियाएं शुरू करवाता है, जो अंततः पुष्पन की प्रक्रिया को सक्रिय कर देती हैं। पुष्टि के लिए वैज्ञानिकों ने 30 से अधिक वर्षों में जुटाए गए ब्रेसिकेसी कुल के लगभग 1. 2 करोड़ पौधों के पुष्पन रिकॉर्ड का विश्लेषण किया। उन्होंने फूल खिलने के समय की तुलना 11 अलग-अलग मौसम सम्बंधी कारकों से की। फूल खिलने के समय का सम्बंध तापमान और दिन की लंबाई के अलावा ओस बिंदु से भी देखा गया।

ओस बिंदु हवा में उपस्थित नमी और हवा के तापमान से जुड़ा है। हालांकि सभी वैज्ञानिक पूरी तरह आश्वस्त नहीं हैं लेकिन यदि यह निष्कर्ष सही साबित होते हैं, तो वैज्ञानिकों की यह समझ बदल सकती है कि गर्माती जलवायु में पौधे कैसे प्रतिक्रिया करते हैं। यदि केवल तापमान ही नहीं, बल्कि हवा की नमी में छोटे बदलाव भी फूल आने के समय को प्रभावित कर सकते हैं, तो इस शोध का व्यावहारिक उपयोग भी हो सकता है। भविष्य में किसान नियंत्रित फुहार या हल्की नमी देकर फूलने का समय बदल सकते हैं और फसल उत्पादन बढ़ा सकते हैं।

**-स्रोत फीचर्स**

# संस्कृत नाटक से आधुनिक थिएटर तक, रंगमंच का इतिहास

**विश्व रंगमंच दिवस पर विशेष**



**योगेश कुमार गोयल**

रंगमंच सदियों से मानव संस्कृति का अभिन्न अंग रहा है, जिसमें समय के साथ अनेक परिवर्तन हुए हैं। विभिन्न परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों के अनुसार रंगमंच का विकास हुआ, जो कई चरणों से गुजरते हुए विभिन्न रूपों में बंट गया। रंगमंच मनोरंजन का सबसे पुराना माध्यम है, जो समाज की भावनाओं, विचारों और संस्कृति को दर्शाता है। 'रंगमंच' शब्द 'रंग' और 'मंच' दो शब्दों से मिलकर बना है। 'रंग' शब्द इसलिए क्योंकि .श्य को आकर्षक बनाने के लिए दीवारों, छतों और पर्दों पर तरह-तरह की चित्रकारी होती है और अभिनेताओं की वेशभूषा तथा साज-सज्जा में भी भिन्न-भिन्न रंगों का इस्तेमाल किया जाता है और 'मंच' शब्द इसलिए क्योंकि रंगमंच का तल दर्शकों की सुविधा के लिए फर्श से कुछ ऊंचा उठा होता है। दर्शकों के बैठने के स्थान को रंगमंच और प्रेक्षागार सहित समूचे भवन को प्रेक्षागृह, रंगशाला या नाटङशाला कहते हैं जबकि पश्चिमी देशों में इसे 'थिएटर' या 'ऑपेरा' नाम दिया गया।

हर साल 27 मार्च को रंगमंच की कला को बढ़ावा देना और इस क्षेत्र से जुड़े कलाकारों, निर्देशकों, लेखकों और तकनीशियनों को सम्मान देने के लिए 'विश्व रंग. मंच दिवस' मनाया जाता है, जिसकी शुरूआत 1961 में हुई थी। अंतर्राष्ट्रीय रंगमंच संस्थान (आईटीआई) ने यूनेस्को के सहयोग से 27 मार्च को विश्व रंगमंच दिवस के रूप में घोषित किया था, जिसे मनाने का मुख्य उद्देश्य रंगमंच कला के महत्व को समझाना, दुनिया भर में रंगमंच की महत्ता को बढ़ावा देना और नाटङ कला को संरक्षित करना है। दुनियाभर में आईटीआई के 85 से भी ज्यादा केंद्र हैं। सर्वप्रथम इस दिवस की स्थापना का विचार राष्ट्रपति अरवी किविमा द्वारा दिया गया था, जिन्होंने 1961 में आईटीआई की 9वीं विश्व कांग्रेस की बैठक में फिनिश सेंटर की ओर से यह प्रस्ताव रखा था, जिसके बाद 1962 से यह दिवस हर साल 27 मार्च को मनाया जाने लगा। यह दिन उन लोगों के लिए एक बड़ा उत्सव है, जो कला के रूप 'थिएटर' के मूल्य और महत्व को समझते हैं। भारत में रंगमंच की परंपरा अत्यंत पुरानी और समृद्ध है, जो वेदों, पुराणों और संस्कृत नाटकों से लेकर आधुनिक नाटङ रूपों तक विस्तारित है। भारतीय रंगमंच की जड़ें धार्मिक अनुष्ठानों, लोकनाटङों और शास्त्रीय नाटकों में गहरी जमी हुई हैं। भारत में रंगमंच की शुरुआत भरतमुनि के 'नाट्यशास्त्र' से मानी जाती है, जिसे संस्कृत नाटक का आधार और रंगमंच का पहला विस्तृत ग्रंथ माना जाता है, जिसमें अभिनय, नृत्य, संगीत, वेशभूषा, रंगमंचीय संरचना और नाट्यशैली के बारे में विस्तार से बताया गया है। कालिदास अभिज्ञानशाकुंतलम, 'मालविकाग्निमित्रम', भास स्वप्नवासवदत्तम, प्रतिज्ञायौगंधरायणम, शूद्रक मृच्छकटिकम और विशाखदत्त मुद्राराक्षस जैसे नाटककारों ने संस्कृत रंगमंच को समृद्ध किया। इन नाटकों में धार्मिक, ऐतिहासिक, पौराणिक और सामा. जिक विषयों को उठाया गया था। भारत में आधुनिक रंगमंच का विकास पारसी थिएटर, सामाजिक नाटक और राजनीतिक नाटकों के रूप में हुआ। मध्यकाल में लोकनाट्य परंपरा अधिक विकसित हुई। भक्ति आंदोलन के प्रभाव से भक्ति और धार्मिक नाटकों का उदय हुआ। उस दौरान भारत के विभिन्न क्षेत्रों में अनेक लोकनाटङ शैलियां उभरी, जैसे उत्तर भारत में रामल. ीला व नौटंकी, महाराष्ट्र में तमाशा, गुजरात व राजस्थान में भवाई, पश्चिम बंगाल में जात्रा, कर्नाटक में यक्षगान, आंध्र प्रदेश में वीर नाटङम, केरल में कथकली, तमिलनाडु में तेरुक्कूत्तु आदि। भारतीय रंगमंच पर आधुनिक काल में पाश्चात्य प्रभाव भी पड़ा। अंग्रेजों के आगमन के बाद 19वीं शताब्दी में पारसी थिएटर का विकास हुआ, जिसने भारतीय नाटक को व्यावसायिक रूप दिया और वह कई दशकों तक लोकप्रिय रहा। हालांकि 20वीं शताब्दी में रंगमंच ने एक नए रूप में जन्म लिया, जिसमें सामाजिक, राजनीतिक और समक. ालीन मुद्दों को मंचित किया जाने लगा। उस दौर में कई महान नाटककार और रंगकर्मी उभरे, जिनमें गिरीश कर्नाड तुगलक, हयवदन, बदाल सरकार भागवत अज्जुकर, एवम इंद्रजीत, विजय तेंदुलकर घासीराम कोतवाल, खामोश अदालत जारी है, हबीब तनवीर चरणदास चोर, धर्मवीर भारती अंधायुग आदि प्रमुख थे। रंगमंच का इतिहास प्राचीन ग्रीस से जुड़ा माना जाता है, जहां 534 ईसा पूर्व में थेस्पिस नामक कलाकार ने पहली बार एकल अभिनय (रंगमंचीय प्रदर्शन) किया था, जिस कारण उन्हें 'प्रथम अभिनेता' और 'रंगमंच का जनक' भी कहा जाता है। विश्व का पहला प्रसिद्ध रंगमंच 'थिएटर ऑफ डायोनिसस' था, जो एथेंस (ग्रीस) में स्थित था, जो 5वीं शताब्दी ईसा पूर्व में बनाया गया था। वहां ग्रीक नाटककार सोफोक्लेस, यूरिपिड्स और एस्किलस के नाटक प्रस्तुत किए जाते थे। लगभग छठी शताब्दी ईसा पूर्व में ग्रीस में नाट्य प्रदर्शन होने लगे थे। एस्किलस, सोफोक्लेस, यूरिपिडीस और अरिस्टोफेनीस जैसे नाटककारों ने ही ग्रीक रंगमंच को समृद्ध किया। ग्रीक नाटकों में मुख्य रूप से दुखांत, सुखांत और व्यंग्य प्रमुख शैलियां थी। ग्रीक नाटङशालाएं खुले स्थानों पर पहाड़ियों पर बनाई जाती थी, जो उस जमाने के 'ओपन-एयर थिएटर' थे। अभिनेताओं द्वारा विभिन्न भावों को दर्शाने के लिए मुखौटे पहने जाते थे। यूरोप में रंगमंच का विकास मध्ययुगीन धार्मिक नाटकों से लेकर आधुनिक युग तक क्लासिकल, रोमांटिक, यथार्थवादी और आधुनिक शैलियों में कई चरणों में हुआ। प्रारंभ में ईसाई धर्म से जुड़े नाटकों का मंचन किया जाता था। ग्रीक रंगमंच से प्रभावित होकर ही रोमन सभ्यता ने अपने नाटकों का विकास किया और तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व से रोमन रंगमंच का प्रभाव बढ़ा। रोमन नाट्यशालाएं विशाल और भव्य होती थी। रोमन रंगमंच में हास्यपूर्ण और व्यंग्यात्मक नाटक अधिक प्रचलित थे। रोमन नाटककारों में प्लॉटस और टेरेन्स प्रमुख थे। रोमन युग में नाटक के साथ-साथ ग्लैडीएटर मुकाबले भी होते थे। रंगमंच को विलियम शेक्सपीयर ने नई ऊंचाई प्रदान की। 'हैमलेट', 'मैकबेथ', 'ओथेलो' जैसे नाटकों के रचयिता विलियम शेक्सपीयर ही थे। एशियाई रंगमंच विविध और पारंपरिक रूपों में विकसित हुआ, जिसमें चीन, जापान, भारत और अन्य पूर्वी देशों की नाट्य परंपराएं सम्मिलित हैं। एशियाई रंगमंच में अभिनय के साथ नृत्य और संगीत का महत्वपूर्ण स्थान है। रंगमंच दिवस के लिए पहला संदेश 1962 में जीन कोक्टङू द्वारा लिखा गया था, जिसका 50 से अधिक भाषाओं में अनुवाद किया गया और वह सैकड़ों अखबारों में छापा गया। कई संस्थानों के माध्यम से उस संदेश को दुनिया के सभी कोनों में प्रसारित किया गया। वह नाटक पांचवीं शताब्दी के शुरुआती दौर का माना जाता है। रंग. मंच दिवस सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देता है और दुनिया भर में रचनात्मकता तथा सामाजिक परिवर्तन को बढ़ावा देने में रंगमंच की भूमिका को मान्यता देता है।

आज रंगमंच न केवल मनोरंजन का साधन है बल्कि यह सामाजिक चेतना जगाने और सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने का माध्यम भी है। आज के डिजिटल युग में सिनेमा और वेब सीरीज के बावजूद रंगमंच अपनी पहचान बनाए हुए है। तकनीकी प्रगति और डिजिटल मनोरंजन के बढ़ते प्रभाव के बावजूद रंग. मंच की प्रासंगिकता बनी हुई है। लाइव स्ट्रीमिंग और ऑनलाइन थिएटर के माध्यम से रंगमंच की पहुंच वैश्विक स्तर तक बढ़ रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### बंगलादेश में बस पद्मा नदी में गिरी 26 यात्रियों की मौत

**ढाका।** बंगलादेश में बुधवार शाम यात्रियों से भरी एक यात्री बस, नौका पर चघए जाने के दौरान अनियंत्रित होकर पद्मा नदी में गिर गई जिससे कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लापता हैं। यह दर्दनाक हादसा राजबाड़ी जिले के दौलतदिया फेरी टर्मिनल के पास शाम लगभग सवा पांच बजे तब हुआ जब ढाका की ओर जा रही 'सौहार्द परिवहन' की बस पंटून नंबर 3 से नदी में जा गिरी। प्रारंभिक जांच के अनुसार, फेरी के करीब पहुंचते ही बस चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद बस पलट गई और नदी में लगभग 30 फीट नीचे डूब गई।

### एयर इंडिया ने छह साल बाद रोम के लिए शुरू की उड़ान

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने छह साल के अंतराल के बाद इटली की राजधानी रोम के लिए उड़ान की शुरुआत की है। एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई123 बुधवार को दिल्ली से रोम के फिउमिचिनो हवाई अड्डे के रवाना हुई। यह नॉन स्टॉप उड़ान सप्ताह में चार बार है। रोम यूरोप की मुख्य भूमि में एयर इंडिया का आठवां और मिलान के बाद इटली का दूसरा गंतव्य बन गया है। एम्स्टर्डम, कोपेनहेगन, फ्रैंकफर्ट, मिलान, पेरिस, वियना और ज्यूरिख के लिए उसकी नॉन स्टॉप सेवाएं पहले से हैं।

### इराकी सरकार अमेरिकी दूत को तलब करेगी: अल-नुमान

**दोहा।** इराक के विदेश मंत्रालय ने घोषणा की है कि रक्षा मंत्रालय के एक चिकित्सा केंद्र पर हुए हवाई हमले के विरोध में अमेरिकी कार्यवाहक राजदूत को तलब कर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई जाएगी।। इराक के सशस्त्र बलों के कमांडर-इन-चीफ और प्रधानमंत्री के प्रवक्ता सबा अल-नुमान ने बताया कि इस हमले में सैन्य कर्मी मारे गए हैं। इराकी रक्षा मंत्रालय ने इससे पहले कहा था कि पश्चिमी इराक में हब्बनिया सैन्य चिकित्सा केंद्र पर हुए हवाई हमलों में सात इराकी सैनिक मारे गए और 13 अन्य घायल हो गए।

### अमेरिका सेना एक सीटी स्कैन मशीन यूक्रेन भेजेगी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना एक सीटी स्कैन मशीन यूक्रेन को देने तथा चिकित्सा कर्मियों को इसे संचालित करने के लिए प्रशिक्षित करने की योजना बना रही है। रूस की सरकारी न्यूज एजेंसी रिया नोवोस्ती ने अमेरिकी सरकारी दस्तावेजों की समीक्षा के बाद यह जानकारी दी। दस्तावेजों के अनुसार, ठेकेदार को न केवल उपकरण वितरित और स्थापित करना होगा, बल्कि इसे चलाने के लिए स्थानीय विशेषज्ञों को प्रशिक्षित भी करना होगा। इसके साथ ही सिस्टम मैनुअल भी यूक्रेनी भाषा में प्रदान करना होगा। इस परियोजना की देखरेख अमेरिकी सेना की 409वीं कॉन्ट्रैक्टिंग सपोर्ट ब्रिगेड द्वारा की जा रही है, जो जर्मनी में स्थित है।



**इजरायल।** रामत गान में ईरानी मिसाइल हमलों की चेतावनी देने वाले हवाई हमले के सायरन बजने पर अपने कुत्तों के साथ बम आश्रय में छिपे डॉग सैलून के कर्मचारी।

## ट्रम्प ने ईरानी वार्ताकारों की आलोचना की, कहा बहुत अलग एवं अजीब

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पश्चिम एशिया में तनाव कम करने के लिए संभावित बातचीत पर गुरुवार को प्रतिक्रिया देते हुए ईरानी वार्ताकारों की आलोचना की और उन्हें अलग एवं अजीब करार दिया। इसके साथ ही अमेरिकी राष्ट्रपति ने इस मामले में नाटो देशों से किसी प्रकार का सहयोग नहीं मिलने पर उनकी अप्रत्यक्ष रूप से आलोचना की है। ट्रम्प ने अपनी सोशल नेटवर्किंग साइट ट्रुथ सोशल पर लिखा कि ईरानी वार्ताकार बहुत अलग एवं अजीब हैं। वे हमसे समझौता करने की विनती कर रहे हैं जो कि उन्हें करना ही चाहिए क्योंकि वे सैन्य रूप से पूरी तरह पराजित हो चुके हैं और उनके युद्ध में वापसी की कोई संभावना नहीं है।

# अमेरिका-ईरान युद्ध ने बढ़ाई वैश्विक खाद्य सुरक्षा की चिंता

## वैश्विक कृषि व्यापार नियमों को फिर से लिखने का प्रस्ताव तैयार रहे अर्थशास्त्री और विभिन्न सरकारें

**नई दिल्ली।** अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच हाल ही के युद्ध ने न केवल तेल बाजारों को प्रभावित किया है, बल्कि वैश्विक खाद्य और उर्वरक आपूर्ति श्रृंखला में बड़ी बाधाएं उत्पन्न कर भविष्य की खाद्य सुरक्षा के लिए भी खतरा पैदा कर दिया है। इस संकट को देखते हुए अर्थशास्त्री और विभिन्न सरकारें अब वैश्विक कृषि व्यापार नियमों को फिर से लिखने का प्रस्ताव तैयार कर रही हैं, ताकि भविष्य में इस तरह के झटकों से निपटा जा सके।

भारतीय विदेश व्यापार संस्थान के पूर्व डब्ल्यूटीओ चेयरमैन प्रोफेसर विश्वजीत धर ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य से यातायात संचालन में आई बाधा ने यह उजागर कर दिया है कि ऊर्जा, उर्वरक और खाद्य प्रणालियां एक-दूसरे से कितनी गहराई से जुड़ी हुई हैं। एलएनजी के प्रवाह में रुकावट और बढ़ती ऊर्जा लागत के कारण भारत जैसे देशों में उर्वरक उत्पादन और कीमतों पर सीधा असर पड़ा है। प्रमुख अर्थशास्त्रियों द्वारा प्रस्तावित 'मॉडल ट्रीटी ऑन एग्रीकल्चरल ट्रेड' में तर्क दिया गया है कि विश्व व्यापार संगठन का मौजूदा ढांचा जलवायु परिवर्तन, महामारी और युद्ध जैसे झटकों से



■ भारत जैसे देशों के लिए ऊर्जा और उर्वरक की लागत संरचनात्मक रूप से हमेशा के लिए ऊंची बनी रह सकती है

निपटने में अक्षम साबित हुआ है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह ढांचा शुरू से ही दोषपूर्ण था और अब इसे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं के तनाव परीक्षण में विफल पाया गया है। भारत अपनी जरूरत का लगभग पांचवां हिस्सा यूरिया, आधा हिस्सा डीएपी और लगभग पूरी पोटाश मात्रा आयात करता है। खाड़ी देशों से होने वाली आपूर्ति और समुद्री मार्गों में बढ़ते जोखिमों के कारण बीमा प्रीमियम और माल ढुलाई की लागत में भारी वृद्धि हुई है, जिससे उर्वरकों की कीमतों में उछाल आया है। अधिकारियों के अनुसार, भारत सरकार ने फिलहाल इस झटके को किसानों तक पहुंचने से रोकने के लिए उच्च सब्सिडी के माध्यम से अवशोषित करने का निर्णय लिया है। यदि सरकार ऐसा नहीं करती, तो कृषि उत्पादन घटने और खाद्य कीमतों के बढ़ने का गंभीर जोखिम पैदा हो सकता था, जो एक बड़ा वित्तीय संकट बन सकता है। प्रस्तावित नई संधि का उद्देश्य व्यापार के बजाय खाद्य सुरक्षा, पर्यावरणीय स्थिरता और समानता को प्राथमिकता देना है। प्रोफेसर धर के अनुसार, यह संधि सरकारों को घरेलू उत्पादन बढ़ाने, आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता लाने और आवश्यकता पड़ने पर बाजार में हस्तक्षेप करने का कानूनी अधिकार देने की वकालत करती है। विशेषज्ञों का मानना है कि संघर्षविराम होने के बावजूद, होर्मुज जलडमरूमध्य से होने वाले व्यापार में युद्ध जोखिम प्रीमियम स्थाई रूप से जुड़ सकता है। इसका मतलब है कि भारत जैसे देशों के लिए ऊर्जा और उर्वरक की लागत संरचनात्मक रूप से हमेशा के लिए ऊंची बनी रह सकती है। बदलते हालातों को देखते हुए भारत अब पोटाश और फॉस्फेट के लिए नए स्रोतों की तलाश कर रहा है और विदेशी खनिज संपत्तियों में निवेश बढ़ा रहा है।

# बाब-अल मंदेब में नया मोर्चा खोलेगा ईरान

## अमेरिका का मुकाबला करने के लिए सर्वोच्च नेता मुजतबा खामेनेई की धमकी को अमली जामा पहनाने की पूरी तैयारी



■ ईरान ने संभावित शांति समझौते के तहत अमेरिका इजरायल से हिजबुल्लाह के खिलाफ सैन्य कार्रवाई रोकने की मांग की

**तेहरान/वॉशिंगटन।** ईरान ने अमेरिका का मुकाबला करने के लिए बाब-एल-मंडेब जलडमरूमध्य में एक 'मोर्चा' खोलने की धमकी दी है। ईरानी समाचार एजेंसी तसनीम ने एक सैन्य स्रोत के हवाले से यह जानकारी दी। इससे पहले, ईरान के नए सर्वोच्च नेता मुजतबा खामेनेई ने कहा था कि यदि क्षेत्र में संघर्ष जारी रहता है तो ईरान अमेरिका और इजरायल के खिलाफ नए मोर्चे खोल सकता है।

स्रोत ने समाचार एजेंसी को बताया कि ईरान लाल सागर में उस रणनीतिक जलमार्ग को खतरे में डालने में सक्षम है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि अमेरिका ईरान के दक्षिणी क्षेत्रों और ईरानी द्वीपों के खिलाफ कोई कार्रवाई करने का प्रयास करता है तो अमेरिका का मुकाबला करने के लिए यह नया मोर्चा खोला जाएगा। न्यूयॉर्क टाइम्स अखबार ने बुधवार को अमेरिकी अधिका. रियों के हवाले से खबर दी कि अमेरिकी सैना उत्तरी फारस की खाड़ी में देश के प्राथमिक तेल निर्यात केंद्र, ईरान के खार्ग द्वीप पर कब्जा करने के लिए 82वीं एयरबोर्न डिवीजन के सैनिकों की तैनाती पर विचार कर रही हैं। अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को तेहरान सहित ईरान के ठिकानों पर हमले किए, जिससे व्यापक नुकसान हुआ और हजारों की संख्या में नागरिक हताहत हुए। इसके जवाब में ईरान ने इजरायली क्षेत्र और पश्चिमी एशिया में अमेरिकी सैन्य सुविधाओं पर हमले करने शुरू कर दिए। ईरान के आसपास बढ़ते तनाव के कारण फारस की खाड़ी के देशों से वैश्विक बाजार में तेल और तरलीकृत प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के लिए एक प्रमुख मार्ग, 'होर्मुज जलडमरुमध्य' बंद हो गया है, जिससे वैश्विक तेल बाजार काफी प्रभावित हुआ है। परिणामस्वरूप, दुनिया भर के अधिकांश देशों में ईंधन की कीमतें बढ़ रही हैं। वहीं ईरान ने अमेरिका, इजरायल से एक संभावित शांति समझौते के तहत लेबनान स्थित शिया संगठन हिजबुल्लाह के खिलाफ सैन्य कार्रवाई रो. कने की मांग की है। सूत्रों के अनुसार, ईरान ने मार्च के मध्य में यह रुख जाहिर किया था। सूत्र ने बताया कि हिजबुल्लाह को ईरान से यह आश्वासन मिला है कि लेबनान में संघर्ष-विराम इस समझौते का एक हिस्सा होगा। ईरान के एक उच्च-पदस्थ सूत्र ने बताया कि तेहरान लगभग एक महीने से अमेरिका के शांति प्रस्ताव पर विचार कर रहा है। इस सप्ताह की शुरुआत में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया था कि वॉशिंगटन और तेहरान के बीच सप्ताहांत में 'बहुत ही सकारात्मक और सार्थक' बात. चीत हुई और उन्होंने ईरान के ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर पांच दिनों के लिए हमले रोक दिए। ईरान के विदेश मंत्रालय ने दोनों पक्षों के बीच सीधी बातचीत होने की खबरों को खारिज करते हुए कहा कि उसे केवल ऐसे संदेश प्राप्त हुए हैं जिनमें अमेरिका ने बातचीत करने की इच्छा जाहिर की है।

## ईरान के साथ संघर्ष की बढ़ सकती है अवधिः पूर्व ट्रम्प सलाहकार

**वॉशिंगटन।** अमेरिका का अपने रणनीतिक भंडार से तेल का उपयोग करना इस जोखिम का संकेत हो सकता है कि ईरान के साथ संघर्ष लंबा खिच सकता है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पहले अभियान के विदेश नीति सलाहक. ार जॉर्ज पापाडोपोलोस ने मीडिया को यह जानकारी दी है।

पापाडोपोलोस ने एक साक्षात्कार में कहा कि इन भंडारों को केवल अत्यधिक संकट के दौरान उपयोग करने के लिए बनाया गया है, जैसे कि अमेरिका में या दुनिया भर में होने वाला लंबी अवधि का कोई भी संभावित युद्ध, उन्होंने आगे कहा कि अमेरिका का वर्तमान भंडार केवल लगभग एक महीने या उससे भी कम समय तक चल सकता है। अमेरिकी ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने इससे पहले मार्च में कहा था कि वॉशिंगटन अपने रणनीतिक भंडार से 17.2 करोड़ बैरल तेल निकालेगा और 2027 में इसमें 20 करोड़ बैरल तेल फिर से भरेगा। इतनी बड़ी मात्रा में तेल जारी करने में लगभग 120 दिन लग सकते हैं। अमे. रिका और इजरायल ने 28 फरवरी को तेहरान सहित ईरान के कई ठिकानों पर हमले किए थे, जिससे काफी नुकसान हुआ और हजारों नागरिक हताहत हुए हैं। ईरान ने इसके जवाब में इजरायली क्षेत्र और पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए। होर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से होने वाला जहाजों का आवागमन इस सैन्य अभियान की वजह से लगभग रुक गया है, जबकि बीमा कंपनियां प्रीमियम बढ़ा रही हैं और कवरेज की शर्तों में बदलाव कर रही हैं। दुनिया भर में तेल, पेट्रोलियम उत्पादों और तरल प्राकृतिक गैस का 20 प्रतिशत हिस्सा अकेले होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है।

# अमेरिका ने अपने नागरिकों को इराक छोड़ने को कहा

■ नागरिकों को सड़क मार्ग से जॉर्डन, कुवैत, सऊदी अरब या तुर्की जाने की सलाह दी गई

**बगदाद।** इराक में ईरान समर्थित आतंकवादी समूहों के बढ़ते हमलों के बीच इराक स्थित अमेरिकी दूतावास ने 'सुरक्षा अलर्ट' जारी कर अपने सभी नागरिकों को तत्काल इराक छोड़ने का निर्देश दिया है।

दूतावास की ओर से बृहस्पतिवार को जारी इस चेतावनी में कहा गया है कि अमेरिकी मिशन अभी खुला है, लेकिन मिसाइल, ड्रोन और रॉकेट हमलों के खतरे को देखते हुए नागरिकों को दूतावास या इरबिल स्थित वाणिज्य दूतावास के करीब न आने की सलाह दी गई है। अमेरिका ने इराक के लिए 'यात्रा नहीं करने की स्तर चार' की चेता. वनी जारी रखते हुए स्पष्ट कहा है कि नागरिक किसी भी कारण से इराक न जाएं और जो वहां मौजूद हैं, वे तुरंत निकल जाएं। परामर्श में कहा गया है कि इराक का हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण व्यावसायिक उड़ानें संचालित नहीं हो रही हैं। नागरिकों को सड़क मार्ग से जॉर्डन, कुवैत, सऊदी अरब या तुर्की जाने की सलाह दी गई है। दूतावास ने बताया कि जॉर्डन में 'वीजा ऑन अराइवल' की सुविधा उपलब्ध है। वीजा की अवधि समाप्त हो चुके अमेरिकी नागरिकों को भी प्रवेश की अनुमति दी जा रही है। सऊदी अरब में सीमा पर देरी से बचने के लिए नागरिकों को कम से कम 48 घंटे पहले 'ई-वीजा' आवेदन करने की सलाह दी गई है।

## अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प मई में करेंगे चीन की यात्रा

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प 14-15 मई को बीजिंग की यात्रा करेंगे, जहां वह अपने चीनी समकक्ष शी जिन. पिंग के साथ एक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने गुरुवार को यह घोषणा की कि चीनी राष्ट्रपति भी इस वर्ष के अंत में अमेरिका की यात्रा करेंगे। ट्रम्प ने कहा कि वह 'जिनपिंग के साथ मुलाकात के लिए बहुत उत्सुक हैं, जो कि यकीनन एक यादगार घटना होगी।' दोनों राष्ट्रपतियों के बीच यह उच्च स्तरीय बैठक पहले 31 मार्च से दो अप्रैल के दौरान होनी थी, लेकिन ईरान पर अमेरिका-इजरायल के हमले के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि चीन के सम्मानित राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ मेरी बैठक पुनर्निर्धारित की गई है और यह 14 और 15 मई को बीजिंग में होगी।

## इमरान के पुत्र कासिम ने पिता की सेहत को लेकर जताई चिंता

■ इमरान की चिकित्सा देखभाल में भी लापरवाही बरती जा रही है

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के पुत्र कासिम खान ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में अपने पिता की हिरासत को लेकर चिंता जताई है। कासिम ने जिनेवा में मानवा. धिकार परिषद में अ आरोप लगाया है कि जेल में अधिकारी उनके पिता के साथ दुर्व्यवहार कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोपों में 2023 से जेल में बंद उनके पिता के साथ किया जा रहा बर्ताव पाकिस्तान में राजनीतिक दमन के एक व्यापक स्वरूप को दर्शाता है, जो 2022 में उनके पद से हटाए जाने के बाद से ही साफ तौर पर दिखाई दे रहा है। गौरतलब है कि खान सरकारी तोहफों से जुड़े एक कथित भ्रष्टाचार मामले में 14 साल की सजा काट रहे हैं और उन्हें अदियाला जेल में रखा गया है। इस हिरासत को 'मनमाना' बताते हुए कासिम ने दावा किया कि यह अंतर्राष्ट्रीय कानून का सीधा उल्लंघन है, जिसमें 'नागरिक और राजनीतिक अधिकारों पर अंतर्राष्ट्रीय अनुबंध' और 'यातना विरोधी कन्वेंशन' जैसे ढांचे शामिल हैं। उन्होंने आरा. ेप लगाया कि उनके पिता को एकांत कारावास में रखा गया है, उन्हें परिवार के सदस्यों और कानूनी सलाहकारों से मिलने नहीं दिया जा रहा है। उनकी चिकित्सा देखभाल में भी लापरवाही बरती जा रही है।

## शीर्ष ईरानी अधिकारी हमारे आग्रह पर इजरायल की हिट लिस्ट से हटेः पाकिस्तान

**वाशिंगटन।** पाकिस्तान के अनुरोध पर इजरायल ने ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची और संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाघर ग़ालिबाफ़ को अपनी 'हिट लिस्ट' से हटा दिया है। इजरायली अखबार टाइम्स ऑफ़ इजरायल ने रॉयटर्स के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। एक पाकिस्तानी अधिकारी के अनुसार इजरायल के पास इन दोनों ईरानी हस्तियों को निशाना बनाने के लिए उनकी भौतिक स्थिति का पता लगाने वाले भौगोलिक आंकडें थे, लेकिन पाकिस्तान ने यह तर्क दिया कि उन्हें खत्म कर देने से बातचीत के लिए कोई भी भरोसेमंद राजनयिक संपर्क नहीं बचेगा।

# अफगानिस्तान-पाकिस्तान में फिर झड़प, 3 की मौत

## ईद पर 5 दिन का सीजफायर खत्म होने के बाद हिंसा शुरू, 3 पाकिस्तानी चौकियां तबाह



■ 25 मार्च को सीजफायर खत्म होने के बाद दोनों देशों में फिर से झड़प शुरू हो गई

**काबुल/इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान और पाकिस्तान की सीमा पर बुधवार को फिर से लड़ाई शुरू हो गई। अफगान तालि. बान अधिकारियों के मुताबिक, इस हमले में 2 आम नागरिकों की मौत हो गई और 8 घायल हो गए। वहीं पाकिस्तान कां भी एक नागरिक मारा गया।

अफगान और पाकिस्तान ने मिलकर ईद को लेकर 5 दिनों का अस्थायी युद्धविराम घोषित किया था। 25 मार्च को सीजफायर खत्म होने के बाद दोनों देशों में फिर से झड़प शुरू हो गई। मुताबिक एक अफगान अधिकारी ने बताया कि युद्धविराम खत्म होते ही पाकिस्तानी सेना ने नरई और सरकानो इलाकों में दर्जनों तोप के गोले दागे। उन्होंने कहा कि जवाब में अफगान सीमा बलों ने भी गोल. ीबारी की और तीन पाकिस्तानी सैन्य चौकियों को तबाह कर दिया, इस हमले में 1 व्यक्ति मारा गया। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच 17 मार्च को हिंसक झड़प हुई थी। इसके बाद पाकिस्तानी एयर फोर्स ने काबुल के कई इलाकों में मिसाइल हमले किए थे। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच 17 मार्च को हिंसक झड़प हुई थी। इसके बाद पाकिस्तानी एयर फोर्स ने काबुल के कई इलाकों में मिसाइल हमले किए थे। यह हिंसा उस समझौते के करीब एक हफ्ते बाद हुई है, जिसमें दोनों देशों ने लड़ाई रोकने पर सहमति जताई थी। यह समझौता सऊदी अरब, तुर्की और कतर के कहने पर हुआ था।

सॉंई फिजियोथेरेपी क्लीनिक
आप सभी को रामनवमी की शुभकामनाएं
सभी प्रकार के हड्डी जोड़ एवं न्यूरो की समस्याओं का नवीनतम फिजियोथेरेपी मशीनों द्वारा स्थायी इलाज
डॉ.कुलदीप शर्मा फिजियोथेरेपिस्ट
पताः हरपाल चेयरमैन वाली गली कविनगर, गजरौला (अमरोहा)
मो.-9456869811

# गुटेरेस ने पश्चिम एशिया संघर्ष को बेकाबू बताया

## संयुक्त राष्ट्र के महासचिव ने तत्काल युद्ध रोकने का किया आग्रह



■ युद्ध शुरू होने के तीन सप्ताह से अधिक समय बाद लड़ाई सबसे खराब आशंकाओं से भी आगे निकल गई है

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने गुरुवार को कहा कि पश्चिम एशिया में युद्ध बेक. ाबू हो गया है, जिससे युद्ध का विस्तार हो जाने से नागरिकों की पीड़ा और वैश्विक आर्थिक संकट गहरा गया है। संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए गुटेरेस ने कहा कि युद्ध शुरू होने के तीन सप्ताह से अधिक समय बाद, लड़ाई सबसे खराब आशंकाओं से भी आगे निकल गई है।

गुटेरेस ने कहा कि दुनिया एक व्यापक युद्ध के कगार पर खड़ी है। उन्होंने संबंधित पक्षों से युद्ध को तत्काल रोकने और कूटनीति एवं अंतर्राष्ट्रीय कानून का पालन करने का आह्वान किया। महासचिव ने कहा कि उन्होंने जीन अर्नोल्ट को अपना निजी दूत नियुक्त किया है, ताकि जमीनी स्तर पर दोनों पक्षों के साथ सीधे तौर पर जुड़ने और चल रही शांति पहलों का समर्थन करने सहित मध्यस्थता प्रयासों में तेजी लाई जा सके। उन्होंने हताहतों की बढ़ती संख्या और आर्थिक दुष्परिणामों का हवाला देते हुए अमेरिका और इजरायल से युद्ध समाप्त करने का आग्रह किया। उन्होंने ईरान से भी युद्ध में प्रत्यक्ष रूप से शामिल न होने वाले पड़ोसी देशों पर हमले रोकने का आह्वान किया और कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने ऐसे कृत्यों की निंदा की है। महासचिव ने प्रमुख नौवहन मार्गों, विशेष रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यवधानों पर चिंता व्यक्त की और चेतावनी दी कि लंबे समय तक बंद रहने से विश्व भर में कृषि के लिए महत्वपूर्ण समय में तेल, गैस एवं उर्वरकों का प्रवाह बाधित हो सकता है। गुटेरेस ने लेबनान की स्थिति की भी चर्चा की, जहां उन्होंने हाल ही में दौरा किया था और हिजबुल्लाह से इजरायल पर हमले रो. कने का आग्रह किया। उन्होंने इजरायल से उन सैन्य अभियानों को रोकने का आह्वान किया, जो नागरिकों को बुरी तरह से प्रभावित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गाजा मॉडल को लेबनान में नहीं दोहराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस युद्ध से वैश्विक बाजार अस्त-व्यस्त हो गए हैं, जबकि मानवीय सहायता अभियान गंभीर बाधाओं का सामना कर रहे हैं और इस संकट का सबसे अधिक खामियाजा सबसे गरीब एवं सबसे कमजोर लोगों को भुगतना पड़ रहा है। सवालों का जवाब देते हुए गुटेरेस ने कहा कि आगे तनाव बढ़ने के संकेतों के बावजूद, जिसमें कथित सैन्य तैनाती और अमे. रिका और ईरान के बीच अस्वीकृत प्रस्ताव शामिल हैं, कूटनीति ही आगे बढ़ने का एकमात्र व्यवहार्य तरीका है। उन्होंने कहा कि मेरा संदेश यह है कि कूटनीति को ही प्राथमिकता मिलनी चाहिए। हमें इस आपदा से निकलने का रास्ता चाहिए और शांति ही एकमात्र रास्ता है।

श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्ड़ा रोड़, निकट गऊशाला, मुजफ्फरनगर
प्रवेश सूचना-पैरामेड़िकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स etc.)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास/10thफेल, 12th हेतू-10th पास/12th फेल
(Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-July व Oct 2026)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (X-Ray Tech), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्यापैथिक), Diploma in Yoga & YTTP, ECCE-(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), CCA (कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact us for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, Dip. in Panchkarma Therapy, OT Tech., DMLT, BMLT, BNYS, Optometry, Ophthalmic, Dental Tech & Hygiene, Radiology & Imaging Tech, Dietician and Nutritionist, Optician Dispensing, MPHW, MRT, Agriculture, Bachelor (All Paramedical) BBA, MBA, BSC, MSC, B.Com, M.Com, M.A. B.A. Polytechnic, ITI, Nursing Assitant Etc.
M.: 8505978850, 9634519104

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108